लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष तृतीया 06:11 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 3, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 28 जनवरी 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मरते पक्षियों का शोकगीत व अन्य विषय पर सामग्री दी जा रही है।

**आज का मौसम**

17.0° अधिकतम तापमान | 8.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है।

सूर्योदय 07 : 06
सूर्यास्त 05 : 50



इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका में कंगना...15

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर रोहन बोपन्ना ने रचा इतिहास



**मेलबर्न।** रोहन बोपन्ना ने शनिवार को मैथ्यू इबडेन के साथ मिलकर सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी की जोड़ी पर शानदार जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। इससे वह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। दूसरी वरीय बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ने 1 घंटा 39 मिनट तक चले फाइनल में इटली की जोड़ी पर 7-6(0) 7-5 से जीत दर्ज की। लिएंडर पेस और महेश भूपति ही पुरुष टेनिस में मेजर खिताब जीत पाए हैं जबकि सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह उपलब्धि हासिल की है। बोपन्ना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है।

**43** वर्ष की उम्र में ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड भी रोहन के नाम

▸▸ **बोपन्ना-इबडेन ने जीता पहला पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब**

"दो साल पहले एक वीडियो संदेश में मैंने कहा था कि संन्यास लेने जा रहा हूं क्योंकि मैं मैच नहीं जीत रहा था। मैंने पांच महीने तक एक भी मैच नहीं जीता था। सोचा कि मेरे सफर का अंत हो गया है लेकिन मेरी अंदर की भूख और दृढ़ संकल्प ने मुझे जारी रखा। इससे वास्तव में काफी चीजें बदल गईं और मुझे एक शानदार जोड़ीदार मिला जिससे मैं यह उपलब्धि हासिल कर पाया।"
**-रोहन बोपन्ना,** भारतीय टेनिस खिलाड़ी

**आतंक वित्तपोषण मामला**

## हिजबुल आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कश्मीर में आतंक के वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है और इसमें हिजबुल मुजाहिदीन के कुछ आतंकवादियों का नाम शामिल है। संघीय एजेंसी ने शनिवार को कहा कि आरोपपत्र 25 जनवरी को श्रीनगर में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत के समक्ष दायर किया गया था।

# खेलो इंडिया की तर्ज पर हर ब्लॉक में होगा खेलो उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की। कहा कि केंद्र की ओर से हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है, उसी तर्ज पर प्रदेश के हर ब्लॉक में खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर की स्थापना करेंगे। इसके लिए खेल विभाग के साथ मिलकर बजट तय होगा। खिलाड़ी खेलों के उपरांत अपना समय दे सकते हैं, उनको सेंटर में निश्चित मानदेय पर कोच नियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ की पुरस्कार राशि वितरित की। 7 पदक विजेताओं को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

### आज सरकार पैसा भी दे रही और नौकरी भी



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज 189 खिलाड़ियों को 62 करोड़ की राशि प्रदान की गई है तो 7 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पहले पैसा देकर नौकरी खरीदते थे, आज सरकार नौकरी भी दे रही है और पैसा भी। सरकार ने पहले से संकल्प लिया है कि हम हर जनपद में स्टेडियम बनाएंगे, हर ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाएंगे, हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान और ओपन जिम बनाएंगे। इसके साथ ही खेल और खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी हो, इसका भी प्रावधान करेंगे। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

### घोषणाएं और सम्मान

- ▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने किया एलान खिलाड़ियों को निश्चित मानदेय पर खेलो यूपी सेंटर में नियुक्त किया जाएगा कोच
- ▸▸ एशियन गेम्स 2022, पैराएशियन गेम्स 2022 और 37वें नेशनल गेम्स 2023 में पदक हासिल करने खिलाड़ी सम्मानित
- ▸▸ मुख्यमंत्री ने पदक विजेता और हिस्सा लेने वाले कुल 189 खिलाड़ियों को वितरित की 62 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि
- ▸▸ 7 खिलाड़ियों को मिला पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी व यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र

## एक नजर

### 'सहेली' के जनक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन



**लखनऊ।** देश की पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के जनक व सीडीआरआई के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन हो गया। 99 साल के डॉ. नित्यानंद को तबीयत बिगड़ने के बाद 29 नवंबर को एसजीपीजीआई के आईसीयू में भर्ती किया गया था। तभी से उनका इलाज एक्सपर्ट डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा था। इस बीच इन्फेक्शन बढ़ने के साथ उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट भी दिया गया।

### पंजाब में सड़क सुरक्षा फोर्स की शुरुआत

**जालंधर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में यातायात को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष ''सड़क सुरक्षा फोर्स'' की शनिवार को शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंजाब इस तरह की पहल करने वाला पहला राज्य है और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर चिंता व्यक्त की। मान ने कहा कि राज्य में हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में 17-18 लोगों की जान चली जाती है।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के पांच सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार करके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संचालित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। शनिवार को एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस ने जिले के करनाह इलाके में आतंकवादियों से जुडे पांच लोगों गिरफ्तार करके हथियारों तथा गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है।

### राबड़ी देवी, बेटी मीसा दिल्ली की कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं।

# दंगा नहीं, उत्सव प्रदेश बना यूपी

## बदायूं के दातागंज क्षेत्र के सैजनी में मुख्यमंत्री योगी ने किया बायोगैस प्लांट का लोकार्पण

## 2014 से पहले था बीमारू, आज समृद्ध हो रहा उत्तर प्रदेश : केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2014 से पहले बदायूं जनपद में आने से लोग डरते थे। असुरक्षित वातावरण था, लेकिन आज बदलाव सभी को दिख रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश में कहीं भी दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश दंगा नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री शनिवार को बदायूं की विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र का लोकार्पण करने के मौके पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट विकास की नई शुरूआत है। जो अन्नदाता की आमदनी बढ़ाएगा। युवाओं को रोजगार देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का उत्तर प्रदेश है। जहां समृद्धि, सुरक्षा और सुशासन व सुव्यवस्था है। छह साल पहले बदायूं और आसपास के जिलों में सुरक्षा में खिलवाड़ जैसा था। बेटी, बहन के सामने सुरक्षा का संकट था। वह स्कूल नहीं जा पाती थीं। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। आज न तो प्रदेश में गुंडागर्दी है और न ही कहीं दंगे होते हैं। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश था, वह उत्सव प्रदेश बन गया है। अब कहीं रामोत्सव हो रहा है तो कहीं कृष्णोत्सव हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगति देश में सबसे तेजी से हो रही है। उत्तर प्रदेश बीमारू प्रदेश था। जून 2015 से योजनाएं लागू हुईं तो प्रदेश की व्यवस्थाओं में बहुत सुधार आया। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर होने जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में 36374.08 लाख की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास और 6055.23 लाख की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर सांसद धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।



लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, मंत्री गुलाबो देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव सिंह, बदायूं सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, एमएलसी वागीश पाठक, सिनोद शाक्य।

### उप्र. में जल्द लगेंगे 100 बायो गैस प्लांट : पुरी

लखनऊ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि आज जनपद बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके अलावा राज्य के 8 अन्य जनपदों में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री से बड़ा सहयोग मिल रहा है। बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट के लोकार्पण समारोह से पूर्व लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उप्र ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया है। बदायूं प्लांट के बारे में कहा कि करीब 135 करोड़ के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। बायो गैस पराली के निदान के लिए अत्यंत उपयोगी है।

# नीतीश कुमार का गठबंधन से हुआ मोहभंग, देंगे इस्तीफा

## शाम 4 बजे ले सकते हैं नई शपथ, जदयू नेता केसी त्यागी ने भी दिए संकेत

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने कहा, 'वैसे यह (इस्तीफा) रविवार सुबह तक होगा।

यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश रविवार सुबह 10 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जेडीयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से रविवार को ही नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाने को भी कहेंगे। पार्टी सूत्रों का दावा है कि नीतीश 2 उपमुख्यमंत्री के साथ शपथ लेंगे। इस बीच जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि गाड़ी राइट (भाजपा) की तरफ मुड़ रही है। सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है। इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जेडीयू के 'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में नीतीश का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की।



**बिहार में प्रमुख दलों की स्थिति**

- जदयू-45
- राजद-79
- बीजेपी-78
- कांग्रेस-19
- हम-04
- अन्य-18
- विधानसभा में कुल सीटें-243

### लालू ने राजद विधायकों से कहा- पटना में ही रहें

बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल की बैठक हुई। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरिष्ठ नेता भोला यादव समेत पार्टी के विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक के दौरान लालू यादव ने अपने विधायकों को पटना में ही रहने का निर्देश दिया है।

### गिरिराज बोले- भाजपा रख रही घटनाक्रम पर नजर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में मचे सियासी घमासान के बीच कहा कि न तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और न ही लालू प्रसाद यादव ने अभी तक कहा कि वे महागठबंधन से बाहर जा रहे हैं।

# अखिलेश यादव ने किया खुलासा कांग्रेस को देंगे लोकसभा की 11 सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ **सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी**

▸▸ **कांग्रेस नेताओं ने कहा, बातचीत अभी जारी है, सीटों की संख्या फाइनल नहीं**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 11 सीट देने की बात का खुलासा किया है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी। वहीं, सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 25 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, ऐसे में अभी बातचीत फाइनल नहीं है। दूसरी तरफ कांग्रेस के शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व ने भी सीटों के समझौते पर बातचीत जारी रहने की प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्पष्ट किया है कि, मंथन जारी है, तस्वीर साफ होने के बाद हम घोषणा कर सकेंगे। इससे पूर्व रालोद का 7 सीटों पर लड़ने का सपा के साथ समझौता हो चुका है।

## आयुध कारखाने में विस्फोट, कर्मी की मौत

**भंडारा (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित आयुध निर्माणी परिसर में शनिवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। यह घटना भंडारा शहर के बाहरी इलाके जवाहरनगर में कारखाना स्थल पर हुई। पीड़ित की पहचान 52 वर्षीय अविनाश मेश्राम के रूप में हुई। जब विस्फोट हुआ तब वह ड्यूटी पर था। पीड़ित को तुरंत कारखाने से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कारखाने के अधिकारियों ने विस्फोट के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन करके तत्परता दिखाई है।




**सुविधा** डायल-112 मुख्यालय में बनाई गई पांच स्पेशल हेल्प डेस्क, तमिल, बंगाली, पंजाबी, उड़िया समेत अन्य भाषाओं के लोगों को मिलेगी राहत

# पर्यटकों की भाषाई राह आसान करेगी डायल-112 की हेल्प डेस्क

विनय शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश के कई हिस्सों से भारी संख्या में लोग प्रदेश के पर्यटन स्थलों की सैर करने आते हैं। कई बार पर्यटकों के समक्ष भाषाई संकट खड़ा हो जाता है। अपराधिक घटनाओं में तो भाषा की और दिक्कतें आती हैं। ऐसे में पुलिस कंट्रोल रूम यानि 112 पर मुख्यालय में बैठे कर्मियों को उनकी भाषा समझने और बोलने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों की भाषा समझने में दिक्कत न होने पाए इसे देखते हुए डायल-112 ने एक नई सेवा शुरू की है। नई सेवा के तहत देश के किसी भी शहर में रहने वाले कॉलर अपनी भाषा में पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर हर संभव मदद ले सकता है।

▸▸ **अयोध्या, लखनऊ समेत अन्य जगहों पर आने वाले पर्यटकों को मिलेगा फायदा**

"रोजाना 50 से 100 कॉल औसतन अन्य भाषाओं में आती है। जिसे समझने के लिए काफी दिक्कतें आती हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से हर भाषा में शिकायतकर्ता की बात सुनी जाएगी और समस्या का हल निकाला जाएगा।"
**-नीरा रावत,** एडीजी, डायल-112 यूपी

### हेल्प डेस्क सेवा की शुरुआत पहली बार

दरअसल, प्रदेश के शहरों और ग्रामीण अंचलों से डायल-112 मुख्यालय में हजारों कॉल आती हैं। अक्सर मदद मांगने के लिए ऐसी कॉल आती है कि उसकी भाषा समझ पाना मुख्यालय में बैठे कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो जाता है। खासतौर यह कॉल पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, हैदराबाद, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब समेत अन्य राज्यों के रहने वाले लोगों से जुड़ी होती है। कॉल रिसीव होने पर यह लोग अपनी भाषा में मदद की गुहार लगाते हैं। फोनकर्ता की समस्या समझने और उन्हें हर संभव मदद के लिए डायल-112 के मुख्यालय में पहली बार पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। जहां बैठने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग भाषाओं का प्रशिक्षण दिया गया है।

### वालंटियर को कॉल कांफ्रेंस कर निकाला जाएगा हल

डायल-112 के एडिशनल एसपी मोहिनी पाठक के मुताबिक, मुख्यालय में अलग-अलग भाषाओं से रही कॉल को समझने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। अब पांच हेल्प डेस्क के माध्यम से इस तरह की कॉल को स्पेशल हेल्प डेस्क पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा। डेस्क पर कार्यरत कर्मचारी पीड़ितों की संभव मदद करेंगे।

### घटनास्थल पर पुलिस ऐसे करेगी कम्युनिकेट

एडिशनल एसपी ने बताया कि शिकायत लिखने के बाद पुलिस मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारी फौरन नजदीकी पीआरवी में सूचना देंगे। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुचंते ही शिकायतकर्ता से मिलने के बाद भाषणी एप्लीकेशन का इस्तेमाल करेंगे। इस एप में देश में बोली जाने वाली तमाम भाषाओं का संग्रह है। जिसके माध्यम से पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता को समझाने का जतन करेंगे। मसलन, जो भी बातचीत होगी, बोलकर या लिखकर एक दूसरे की बातें समझ लेगी।

## एक नजर

### जाली नोटों के दो तस्करों को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बांग्लादेश में छापे गए जाली नोटों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पश्चिम बंगाल से फरक्का-मालदा के रास्ते जाली नोटों की सप्लाई उप्र में कर रहा था। पकड़े गए दोनों तस्करों के पास 97,500 रुपये भारतीय जाली मुद्रा बरामद की गई है। हालांकि एटीएस ने अभी इस बात का खुलासा नहीं किया है कि यह जाली नोट वाराणसी में किसे देने थे। एटीएस के मुताबिक, शनिवार की सुबह प्रतापगढ़ निवासी दीपक कुमार व चंदन सैनिक को वाराणसी-आजमगढ़ रोड स्थित एक डिग्री कॉलेज के पास गिरफ्तार किया गया। दोनों पश्चिम बंगाल के फरक्का से जाली नोट लेकर वाराणसी पहुंचे थे। पूछताछ में सामने आया कि दोनों जाली नोटों की सप्लाई दूसरे जिलों में भी करते थे।

# 28 .86 करोड़ से देवारघाट का कायाकल्प करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति
- पहली किस्त के रूप में 10.10 करोड़ आवंटित

**अमृत विचार :** प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही प्रदेश सरकार ने अब सुल्तानपुर में गोमती नदी किनारे स्थित देवारघाट के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देवारघाट पर सेतु, उस तक पहुंचने के मार्ग व सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण के लिए 28.86 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। पहली किस्त के तौर पर 10.10 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम ने मिलकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

उल्लेखनीय है कि सुल्तानपुर को प्रभु श्रीराम के पुत्र महाराज कुश की स्थली के तौर पर जाना जाता है। यहां माता सीता की विश्राम स्थली के तौर पर विख्यात सीताकुंड घाट का पहले ही सरकार सौंदर्यीकरण करा चुकी है और अब अगले पड़ाव के तौर देवारघाट के सौंदर्यीकरण, सेतु निर्माण समेत कनेक्टिंग रोड के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सुल्तानपुर में भी देवारघाट घाट का सौंदर्यीकरण ही नहीं होगा, बल्कि सेतु व पहुंच मार्ग का भी निर्माण होगा।

# संविधान हमारे लिए सर्वोपरि : मुख्यमंत्री

## गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड समारोह में शामिल हुईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम मंदिर की झांकी ने दर्शकों का मन मोहा
- मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने गुब्बारे उड़ाकर दीं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर तिरंगा फहराया और प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। शुक्रवार को अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हमारा संविधान हमारे लिए सर्वोपरि है। ये हमें आग्रही बनाता है कि हर कार्य देश के नाम होना चाहिए। दुनिया के इस सबसे प्राचीनतम राष्ट्र के प्रति हम अपने संविधान के जरिए श्रद्धा का भाव प्रकट करते हैं। योगी ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और संविधान शिल्पी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को भी नमन किया।

दूसरी ओर, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विधानभवन पर तिरंगा फहराया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। वहीं भारतीय सेना और प्रदेश की सुरक्षा में तैनात विभिन्न सुरक्षा बलों द्वारा राज्यपाल के समक्ष परेड कर सलामी दी गई। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। महिला होमगार्ड्स के मोटरसाइकिल दस्ते ने भी साहसिक प्रदर्शन किया। साथ ही फायर ब्रिगेड और डायल 112 ने भी परेड में अपने दम-खम का प्रदर्शन किया। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा राममंदिर की झांकी ने सबका मन मोह लिया। रामलला को समर्पित इस झांकी को देखकर परेड स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



राजधानी में गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में राष्ट्रगान के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

# भाजपा ने तय किया लोगों से सीधे संवाद का लक्ष्य

## मुख्यमंत्री से लेकर कार्यकर्ता तक गांवों में करेंगे प्रवास, 4 से 11 फरवरी तक चलेगा गांव चलो अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को गांव चलो अभियान की कार्ययोजना तय कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, पदाधिकारी समेत हर कार्यकर्ता को 4 फरवरी से 11 फरवरी तक गांव में 24 घंटे प्रवास करना अनिवार्य होगा। पार्टी ने प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए 26 करोड़ प्रदेशवासियों से सीधा संवाद का लक्ष्य रखा है।

लखनऊ के विश्वैश्वरैया प्रेक्षागृह में शनिवार को गांव चलो अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक में तय हुआ कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजरों, टीलों, चौपालों तथा बूथों पर चर्चा करेंगे।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश ने कहा कि सक्षम कार्यकर्ता गांव में प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क, बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों से संवाद, घर-घर सम्पर्क करते हुए विकसित भारत का विजन तथा देश में परिवर्तन के कारकों के साथ प्रवास के दौरान चर्चा करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि अभियान के माध्यम से 26 करोड़ लोगों तक सीधा संवाद करना है।

राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत देश के 7 लाख गांवों में जनता से 24 घंटे प्रवास के माध्यम से सम्पर्क करना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि गांव चलो अभियान की प्रदेश कार्यशाला के पश्चात 30 जनवरी को प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में जिला कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभियान के तहत 1 और 2 फरवरी को मंडल की कार्यशालाएं सम्पन्न होंगी। अभियान के तहत ग्राम संयोजक व ग्राम प्रवासी तय किये जाएंगे, जो डोर टू डोर-मैन टू मैन कनैक्टिविटी की माइक्रोप्लानिंग पर काम करेंगे। प्रवास के दौरान स्वच्छता अभियान, शहीदों के परिजनों का सम्मान, खिलाड़ियों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों सहित विभिन्न कार्य क्षेत्रों से जुड़े लोगों से सम्पर्क करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत नमो एप पर विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का भी काम करना है।

बैठक में प्रदेशभर के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला अभियान संयोजक शामिल रहे।



पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य।

### 31 तक खुल जाएगा पार्टी का लोकसभा कार्यालय

भाजपा की राज्य मुख्यालय पर शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय हुआ कि 31 जनवरी तक लोकसभा चुनाव कार्यालय खुलेगा, साथ ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव संचालन समिति के गठन का कार्य पूरा किया जाएगा। आगामी कार्यक्रमों, अभियानों और लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अन्य कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। कलस्टर प्रभारी, लोकसभा संयोजक/प्रभारी, जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों को मिशन-80 को लेकर लक्ष्य दिया गया। बैठक को राष्ट्रीय सहमहामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सम्बोधित किया। संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

### पांडा के प्रभारी बनने पर दीं शुभकामनाएं

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को राज्य का लोकसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी सीटों पर प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज होगी।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद गोरखपुर पहुंचे योगी का हुआ भव्य स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम पताका लहराकर झूमे-नाचे युवा, बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे

**अमृत विचार :** रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन के बाद पहली बार गोरखधाम पहुंचे गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्थानीय लोगों ने धूमधाम से स्वागत किया।

एयरपोर्ट से लेकर गोरखनाथ मंदिर तक मानव श्रृंखला के बीच मुख्यमंत्री के काफिले का आगे बढ़ना रोड शो जैसा था। मंदिर परिसर में प्रवेश तक हर उम्र के लोगों ने पुष्प वर्षा कर व केसरिया ध्वज लहराकर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। वहीं, श्रीरामजानकी हनुमान मंदिर के सामने लोक कलाकारों ने गायन व नृत्य के बीच लोक परंपरा जीवंत कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। कई जगहों पर एनसीसी व स्काउट के कैडेट्स ने बैंड की धुन के बीच स्वागत किया।

मुख्यमंत्री इसके बाद वह ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर गए और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इन्हीं भावों के साथ योगी ने अयोध्याधाम से धारण किए श्रीराम नाम की पट्टिका गुरु प्रतिमा पर श्रद्धाभाव से समर्पित कर दी। सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, चरगांवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह, पूर्व प्रमुख ईश्वरचंद जायसवाल, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि मुख्यमंत्री के स्वागत में शामिल रहे।

**सफाई मित्रों का आज सम्मान, युवाओं को मिलेंगे स्मार्टफोन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर में दो अलग अलग कार्यक्रमों में सफाई मित्रों का सम्मान एवं अध्ययनरत युवाओं में स्मार्टफोन-टैबलेट का वितरण करेंगे।

# मेहमान नवाजी से गदगद हुए कलाकार



गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम से मुलाकात के दौरान अन्य प्रदेशों से आए कलाकार, साथ में अन्य।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जम्मू-कश्मीर और सिक्किम के कलाकारों ने प्रमुख सचिव पर्यटन से की मुलाकात

**अमृत विचार :** एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत उत्तर प्रदेश दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर जम्मू-कश्मीर और सिक्किम के कलाकारों ने गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम से मुलाकात की और उनके साथ अपने अनुभव साझा किये।

जम्मू और कश्मीर के दल प्रमुख किशोर कुमार ने बताया कि आदर-सत्कार के शहर लखनऊ ने हमें भाव विभोर कर दिया। उत्तर प्रदेश दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह में अपनी प्रस्तुति से हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सिक्किम से आये कलाकार दल के प्रमुख ओम प्रकाश सेवा ने इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रस्तुति के लिए हम बार-बार आना चाहेंगे। संस्कृति विभाग द्वारा अतिथि प्रदेश के कलाकारों के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया था। इसमें प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम एवं सलाहकार मंत्री जेपी सिंह, संस्कृति विभाग की सहायक निदेशक रेनू रंगभारती और राजेश अहिरवार भी मौजूद रहे।

# सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकारी विभाग के नाम पर संस्था खोलकर देते थे फर्जी नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर नवयुवकों से लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना और उसके साथी को विभूतिखंड से शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इसमें रिश्ता अपार्टमेंट, गोमती नगर विस्तार में रहने वाला गिरोह का सरगना भानु प्रताप सिंह घोषी, मऊ का मूल निवासी है। इंदिरा नगर में रहने वाला दूसरा साथी सतेंद्र कुमार पाठक गोपीगंज, भदोही का निवासी है। उनके पास ढेर सारे भर्ती दस्तावेज बरामद किये गये हैं। एसटीएफ, जालसाजी के इस धंधे में उनके हमसफर रहे दो अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

एसटीएफ के मुताबिक, जालसाजों ने ग्राम विकास कृषि सहकारी समिति लि. लखनऊ (उप्र) नाम से फर्जी संस्था खोल रखी थी। वह बेरोजगार नवयुवकों को सरकारी नौकरी देने के नाम पर यहां बुलाते थे और उन्हें फर्जी विज्ञापन और भव्य ऑफिस आदि दिखाकर प्रभाव में लेते थे। भानु प्रताप अपने आप को भारत सरकार में पदस्थ उच्चाधिकारी बताकर साक्षात्कार लेता था। नौकरी देने के नाम पर पैसा लेकर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर दे देते थे। इसमें देवरिया के बारा दीक्षित का निवासी भानु प्रताप दीक्षित और हिमांशू भी सहयोगी थे। भानु दीक्षित पहले भी कई बार ऐसे ही मामलों में जेल जा चुका है। ये सभी मिलकर एक जगह पर ऑफिस कुछ ही दिन चलाते थे। उसके बाद कोई दूसरा ठौर ढूंढ लेते थे।

# अयोध्या में 3570 करोड़ से बनेगा 68 किमी ग्रीनफील्ड बाईपास

## राम मंदिर में जुट रही भारी भीड़ से बदलेगी अयोध्या की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएचएआई ने चार व छह लेन के हाइवे के लिए मांगा ऑनलाइन टेंडर

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उमड़ रही भक्तों की अप्रत्याशित भीड़ के मद्देनजर एनएचएआई ने 68 किमी ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। यह लखनऊ, बस्ती और गोंडा की सड़कों से जुड़ेगा। इसपर 3570 करोड़ खर्च का अनुमान है। इसके लिए नई दिल्ली कार्यालय से ऑनलाइन टेंडर भी आमंत्रित किया गया है। बाईपास चार लेन और कहीं-कहीं छह लेन होगा।

अयोध्या और आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम करने के अपने प्रयास में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सक्रिय हो गया है। 3570 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 68 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की योजना बनाई गई है। इसकी केंद्र से विशेष मंजूरी मिलने के साथ एनएचएआई ने बाईपास हाइवे के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। अयोध्या बाईपास परियोजना कई जिलों में आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगी।

पीएम गतिशक्ति के तहत अयोध्या बाईपास परियोजना को गति दी जा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उप्र में 67.57 किलोमीटर लंबी अयोध्या बाईपास परियोजना का क्रियान्वयन पीएम गतिशक्ति के तहत हो रहा है। यह परियोजना निर्बाध माल परिवहन की सुविधा प्रदान करेगी और अयोध्या में भीड़ को कम करने का काम करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि यह बाईपास लखनऊ, बस्ती और गोंडा जैसे प्रमुख जिलों को कवर करेगा। यह परियोजना इन तीन जिलों में पर्यटक और तीर्थ स्थलों सहित आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक से जुड़े विभिन्न संपर्क व्यवस्था की कनेक्टिविटी में सुधार की सुविधा प्रदान करेगी।

### सपा विधायक के निधन पर योगी व अखिलेश ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री एवं सपा विधायक डॉ. एसपी यादव के निधन पर शोक प्रकट किया है। दोनों ने ही अपनी-अपनी संवेदनाओं को शोक संतप्त परिजनों के साथ जोड़ते हुए परिवार को यह दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा से विधायक शिव प्रताप यादव का गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार-शनिवार की रात इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में शनिवार को एसपी यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा में दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक प्रस्ताव में शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गई।

### आवास और कोर्ट निर्माण के लिए मिले 30.39 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने न्यायिक अधिकारियों के जर्जर आवासों के बदले नये आवास बनाने समेत न्यायालय भवनों की कमी को दूर करने के लिए 30 करोड़ 39 लाख से अधिक धनराशि स्वीकृत की है। शासन ने संबंधित जिलों में कार्य करा रहीं एजेंसियों को धनराशि भेजते हुए निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। न्याय विभाग के प्रमुख विनोद सिंह रावत ने सीतापुर जिले में स्वीकृत 18 न्यायिक अधिकारियों के श्रेणी-5 के आवासों के निर्माण के लिए शनिवार को भेजे शासनादेश में कहा है कि कुल लागत 12 .07 करोड़ के सापेक्ष 6 करोड़ एक लाख 16 हजार 193 रुपये भेजे जा रहे हैं। निर्माण इकाई उप्र राजकीय निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को नियमानुसार कार्य पूरा कराकर रिपोर्ट मांगी गई है। इसी एजेंसी को सीतापुर में ही 1,2 व 3 श्रेणी के आवासों के निर्माण के लिए भी अनुमोदित लागत 10 .62 करोड़ के सापेक्ष 4 .26 करोड़ की धनराशि भेजी गई है। जबकि सीएंडडीएस के निदेशक को गाजीपुर में 16 कोर्ट रूम और लाइब्रेरी के लिए स्वीकृत लागत 28 .84 करोड़ के सापेक्ष 3 करोड़ रुपये, संतकबीरनगर में फेमली कोर्ट कांप्लेक्स के लिए उप्र राजकीय निर्माण सहकारी संघ लि. को स्वीकृत लागत 17 .59 के सापेक्ष चौथी किश्त 4 करोड़ रुपये, बांदा में न्यायिक अधिकारियों के आवास के लिए उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि. के एमडी को 1 .26 करोड़, बदायूं में 9 एडीजी कोर्ट निर्माण के लिए उप्र राजकीय निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक को 6 .86 करोड़ और इसी एजेंसी को बुलंदशहर में चार परिवार न्यायालय बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये भेजे गये हैं।

# सपा-कांग्रेस में हर सीट को लेकर मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उप्र. को लेकर सीटों को लेकर हुई बैठकों में कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सलमान खुर्शीद, आराधना मिश्रा मौजूद रहीं। वहीं, सपा की ओर से रामगोपाल यादव, जावेद अली खान और उदयवीर सिंह मौजूद रहे। कांग्रेस और सपा के बीच दिल्ली में तीन दौर की बैठकें हुईं। इस दौरान उप्र. की हर एक सीट को लेकर चर्चा हुई।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस 25 सीटों की मांग कर रही थी। वर्तमान में कांग्रेस के पास उप्र. में रायबरेली की ही एकमात्र लोकसभा सीट है। कांग्रेस रायबरेली, अमेठी के अलावा प्रतापगढ़, वाराणसी, कानपुर, गाजियाबाद, इलाहाबाद, सहारनपुर की सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि पूर्वी उप्र. की ज्यादातर सीटें सपा के पास ही रहेंगी।

### ओपी राजभर ने साधा अखिलेश पर निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस के नेताओं से पूछे बिना ही कांग्रेस को दी जाने वाली सीटों से संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर दिया है। शनिवार को जारी बयान में सुभासपा प्रमुख ने कहा है कि इंडिया गठबंधन का गेम ओवर हो चुका है। ममता बनर्जी और नीतीश कुमार इस गठबंधन से अलग हो गए हैं। अब अरविंद केजरीवाल के अलग होने की बारी है। वहीं, सुभासपा महासचिव अरुण राजभर ने कहा है कि सपा को 2024 में कांग्रेस से गठबंधन करने से कोई फ़ायदा नहीं होगा।

**सक्रियता** | खलिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेकर की जा रही पूछताछ

# पन्नू के मिशन अयोध्या की जांच में जुटी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश
- अयोध्या से 18 जनवरी को पकड़े गए थे गैंगस्टर समेत तीन खालिस्तानी समर्थक

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू के मिशन अयोध्या से परदा उठाने की दिशा में एटीएस जुट गई है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चार दिन पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेकर शुक्रवार से पूछताछ शुरू हो गई है। एटीएस गैंगस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते का पता लगाने के साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। अदालत ने तीनों खालिस्तानी समर्थकों को 26 जनवरी से एक सप्ताह के लिए रिमांड पर दिया है।

दरअसल, एटीएस के हत्थे चढ़ने के बाद पूछताछ में गैंगस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहां रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना को अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी। एटीएस इसी बयान को आधार बनाकर खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास कर रही है कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है। इस मिशन में और कितने लोग जुड़े हुए हैं। साथ ही पकड़े हुए इन समर्थकों की पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं।


एटीएस की शुरुआती तफ्तीश में फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है। एटीएस का मानना है कि अगर दुसाद, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू से सीधे जुड़ा हुआ है तो उसे पन्नू के आगे की खतरनाक गतिविधियों की पूरी जानकारी होगी।

# पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सोमवार को

**अमृत विचार :** देश की पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के जनक व सीडीआरआई के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन हो गया। 99 साल के डॉ. नित्यानंद तबीयत बिगड़ने के बाद 29 नवंबर को एसजीपीजीआई के आईसीयू में भर्ती किया गया था। तभी से उनका इलाज एक्सपर्ट डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा था। इस बीच इन्फेक्शन बढ़ने के साथ उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट भी दिया गया। शनिवार को इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।



डॉ. नित्या आनंद केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के पिता हैं। उनके निधन से केजीएमयू, लोहिया संस्थान समेत सीडीआरआई जैसे संस्थानों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका पार्थिव शरीर निरालानगर स्थित उनके आवास पर रखा गया है। जहां उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मुख्यमंत्री के सलाहकार व भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह सहित कई नेता व वैज्ञानिक श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई), लखनऊ के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. नित्यानंद औषधि खोज एवं विकास अनुसंधान के क्षेत्र में एक जानी-मानी हस्ती थे।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:- Morning : 11am-2pm, Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार, आपके द्वार' टीम आपकी समस्याएं जानने रविवार को विकास नगर के लाला लाजपत राय वार्ड अंतर्गत बटहा गांव में करीब 12 : 00 बजे पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी क्षेत्र की समस्याएं टीम के सदस्यों से साझा कर सकते हैं। आपकी दिक्कतों को अमृत विचार समाचार पत्र प्रमुखता से उठाएगा।

## शहर में आज



- इंदिरानगर स्थित बाबा भूतनाथ आश्रम में आंखों व दांतों के मुफ्त जांच शिविर का आयोजन - 10:00 बजे।
- कुर्सी रोड स्थित स्पोर्ट्स कॉलेज में ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता - 10:30 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में लाइव द पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव प्रातः 10.30 बजे।
- गांधी भवन में सर्वजन हिताय सेवा एवं जागरण संस्थान का 24वां स्थापना दिवस समारोह - 12.30 बजे।
- उदयगंज स्थित होटल दीप पैलेस में इंडियन एचीवर्स अवार्ड 2024 का आयोजन - 5.00 बजे।

# ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में कर्मचारियों को बंधक बना कर डकैती

## कर्मियों को गन प्वाइंट पर रख 80 लाख का कॉपर तार ले गए आरोपी, आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीमें कर रहीं जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट थानाक्षेत्र अन्तर्गत देवा रोड इंडस्ट्रियल इलाके में शुक्रवार रात हथियारों से लैस डकैतों ने ट्रांसफॉर्मर फैक्ट्री में हमला बोल दिया। डकैत फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों को बंधक बनाकर करीब 80 लाख रुपये का कॉपर वायर ट्रक में भरकर भाग निकले। कर्मचारियों ने फैक्ट्री मालिक को डकैती की जानकारी देकर पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी।

जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने मुआयना कर सभी कर्मचारियों से पूछताछ की। इसके बाद फैक्ट्री मालिक की लिखित शिकायत पर चिनहट पुलिस ने डकैती की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। वहीं, डकैतों की तलाश में गठित की गईं पुलिस टीमें लगातार छानबीन कर रही हैं।



चिनहट में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में डकैती के बाद जांच करते संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध व अन्य। अमृत विचार

डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव के मुताबिक, देवा रोड के समीप बालाजी ट्रांसफॉर्मर फैक्ट्री में शुक्रवार रात पांच कर्मचारी और एक सिक्योरिटी गार्ड मौजूद था। फैक्ट्री मालिक संजीव अग्रवाल ने बताया कि रात करीब 1 बजे हथियारों से लैस डकैत फैक्ट्री में घुस आए। इसके बाद डकैतों ने कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लेते हुए सभी के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया। जिसके बाद डकैत लूटपाट करने लगे। डकैत करीब 6,500 किलो कॉपर का तार, रिले गैस सिलेंडर को ट्रक में भर ले गए। जिसकी कीमत करीब 80 लाख रुपये बतायी जा रही है। डकैत वारदात को अन्जाम देकर घटनास्थल से फरार हो गए। डीसीपी ने बताया कि फैक्ट्री मालिक के माध्यम से डकैती की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचे आलाधिकारियों और पुलिस बल समेत फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वॉड ने पूछताछ के बाद साक्ष्य एकत्र किए। वहीं, संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि ने भी अधीनस्थों के संग घटनास्थल का मुआयना किया।

### चिनहट का मामला

### मुखबिरी को लेकर कयास लगा रही पुलिस

वरिष्ठ अधिकारियों ने आशंका जताई कि वारदात को अंजाम देने वाले डकैतों को सटीक मुखबिरी की गई है या फिर किसी परिचित व अपने ने बदमाशों के साथ मिलकर इस वारदात की रूपरेखा रची। जिसके बाद डकैत लाखों का सामान ट्रक में भरकर घटनास्थल से फरार हो गए। हालांकि, पुलिस कई पहलुओं पर मामले की तफ्तीश कर रही है।

### जांच के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित

डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा सर्विलांस, क्राइम ब्रांच की पांच टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हैं। कई बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टिया मामला संदिग्ध भी बताया जा रहा है। एक कर्मचारी की भूमिका पर भी संदेह जताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक डकैतों के बारे में अहम सुराग मिलना पुलिस के चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

## महिला से संबंध का विरोध करने पर पत्नी को घर से निकाला

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** राजधानी में पति के दूसरी महिला से संबंध का विरोध करने पर पत्नी को घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर हरदोई निवासी आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बंथरा थाना अंतर्गत भटगांव निवासी रीता सिंह ने थाने में ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रीता की शादी 9 मई 2021 को हरदोई के मंगियावा निवासी शुभम सिंह के साथ हुई थी। पीड़िता, पति के साथ सरोजनीनगर के गौरी स्थित घर में रहती थी। उसके एक पुत्र है। पीड़िता का कहना है कि पति के अन्य महिला से संबंध का पता चलने पर जब उसने विरोध किया तब पति शुभम, ससुराल पक्ष के लोगों जितेंद्र, योगेंद्र, शान्तना और साक्षी ने उसे 15 लाख की मांग कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसके सात माह के बच्चे को जान से मारने की कोशिश की। आरोप है कि 1 सितंबर 2023 को ससुराल वालों ने उस पर पेट्रोल छिड़क कर जान से मारने की कोशिश की। तब किसी तरह उसकी जान बच सकी। इसके बाद उसे बच्चे समेत घर से निकाल दिया। तब से पिता के घर में वह रहकर जीवनयापन कर रही है।

## एक नजर

### ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण में देरी पर कार्यदायी संस्थाओं को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण में देरी पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कार्यदायी संस्था भारतीय इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड व बसंत कुंज योजना में कार्य कर रही कार्यदायी संस्था बॉबी इंफ्राटेक को नोटिस जारी करने के साथ पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने शनिवार को बसंतकुंज योजना और ग्रीन कॉरिडोर के निर्माणाधीन बंधा रोड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माणाधीन सड़कों का कार्य मशीनरी व मैनपावर बढ़ाकर यद्ध स्तर पर कराने के लिए निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने बसंतकुंज योजना में निर्माणाधीन प्रेरणास्थल का जायजा लिया। बसन्त कुंज योजना में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के निरीक्षण में दिन -रात कार्य कराते हुए जल्द से जल्द निर्माण पूरा कराने और सड़क, नाली, पार्किंग और म्यूजियम के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, सचिव पवन गंगवार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिस गोमती में घंटों गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के बापू नगर, कृष्णा मेडिकल सेंटर, ला-मार्टीनियर गर्ल्स कॉलेज, मोती महल, सरोजनी नायडू पार्क, जहांगीराबाद पैलेस के आसपास के इलाकों में शनिवार को घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। आरडीएसएस योजना के तहत सरोजनी नायडू पार्क, जहांगीराबाद पैलेस में जर्जर तारों और फीडरों के मेंटीनेंस कार्य के चलते घंटों बिजली गुल रही। अधिशासी अभियंता रेजीडेंसी ने बताया कि 11केवी हिन्दी भवन फीडर पर एबीसी लाइनों पर अनुरक्षण कार्य के चलते बिजली बाधित रही।

# अतीक के करीबी बिल्डर पर एक और प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कारोबारी जफरूल इस्लाम ने नियाज गाजी पर चौक कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट
- पुलिस ने बिल्डर और उसके साथियों पर हत्या के प्रयास की धाराओं में दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** चौक कोतवाली में अतीक अहमद के बेहद करीबी बिल्डर नियाज गाजी व उसके साथियों पर साड़ी कारोबारी जफरूल इस्लाम ने हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट बलवा समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल, प्राथमिकी दर्ज होने पर सभी आरोपी फरार हैं।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के मुताबिक, ठाकुरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत दौलतगंज निवासी साड़ी कारोबारी जफरूल इस्लाम गुरुवार शाम अपने ग्राहक को साड़ी दिलवाने के लिए चौक सब्जी मंडी के समीप निर्मला चिकन उद्योग जा रहे थे। लिखित शिकायत में पीड़ित साड़ी कारोबारी ने बताया कि जहां पर उनके पार्टनर बिल्डिंग निर्माण का कार्य करते हैं। उनके सहयोगी बिल्डर नियाज गाजी, गुल्फाम, चालक सलीम और नौकर नायाब साथियों के संग उनके पास पहुंच गया। आरोप है कि रंगदारी न देने पर आरोपियों ने चिकन उद्योग के पास उन्हें घेर लिया और झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद दबंगों ने पीड़ित कारोबारी से मारपीट करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी उसे तलवार से काटने की धमकी देते हुए वार करने लगे। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित के गले से चेन छीन ली। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में भी रंगदारी न देने पर बिल्डर नियाज गाजी व उसके साथियों ने भाई फैनू उर्फ रईस से मारपीट की थी। आरोप है कि नियाज खुद को अतीक अहमद का करीबी बताते हुए व्यापारियों से गुंडाटैक्स और रंगदारी वसूल करता है। प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय ने बताया कि साड़ी कारोबारी जफरूल इस्लाम की लिखित शिकायत पर नियाज गाली, गुल्फाम, चालक सलीम, नौकर नायाब, चाचा, चचेरे भाई समेत पांच अन्य लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

### सर्राफा कारोबारी ने भी दर्ज कराई थी एफआईआर

सूत्रों की मानें तो पूर्व में ठाकुरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बाबूराम भवन चौपटिया निवासी सर्राफा कारोबारी सजंय वर्मा ने भी नियाज गाजी व उसके साथियों के खिलाफ चौक कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि कारोबारी की जमीन पर बिल्डर नियाज गाजी ने दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया था।

# 3 फरवरी तक स्कूलों का समय सुबह 10 से 3 बजे तक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शीतलहर को लेकर मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए डीएम सूर्यपाल गंगवार ने प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

शनिवार को डीएम गंगवार ने कक्षाओं का संचालन सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक करने के आदेश दिया है। यह आदेश 3 फरवरी तक प्रभावी रहेंगे। आदेश में उन्होंने कहा है कि जिन स्कूलों में कक्षाएं भौतिक रूप से संचालित हो रही हैं, वहां विद्यालय का समय सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक होगा।

डीएम ने आदेश दिया है कि विद्यार्थियों को ठंड से बचाने की पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी। कक्षा में तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए रूम हीटर आदि का प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रैक्टिकल या परीक्षा किसी के लिए भी विद्यार्थियों को खुले में नहीं बैठाया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए यूनीफार्म पहनने की बाध्यता को समाप्त कर दिया है।



- शीतलहर और ठंड के कारण जिलाधिकारी ने दिया आदेश

विद्यार्थी ठंड से बचाव करने वाले कपड़े पहनकर स्कूल जा सकते हैं। आदेश सरकारी, गैर सरकारी और सभी निजी विद्यालयों पर लागू होंगे और इनका सख्ती से अनुपालन कराने को कहा है।

## आठ उड़ानें निरस्त, एक डायवर्ट



अमृत विचार, लखनऊ/सरोजनीनगर : खराब मौसम के कारण विमान सेवाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। शनिवार को घना कोहरा छाए रहने के कारण लखनऊ आने-जाने वाली आठ उड़ानें निरस्त कर दी गईं। जबकि अन्य विमान काफी विलंब से रहे। वहीं, मुंबई से लखनऊ आने वाला एक विमान खराब मौसम होने के कारण दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खराब मौसम के कारण लखनऊ से शनिवार तड़के 2 :05 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान, लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की उड़ान, यहां से इंदौर जाने वाली इंडिगो की उड़ान, मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान, बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान और वाराणसी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान, मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान व बेंगलुरु से लखनऊ आने वाली उड़ान निरस्त रही। जबकि मुंबई से 1 :35 पर लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान खराब मौसम के कारण लखनऊ एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। उसे दिल्ली के लिए डायवर्ट कर दिया गया। वहीं, लखनऊ से सुबह 9 :30 बजे इंदौर जाने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 2 घंटे की देरी से रवाना हुई। इसी तरह प्रयागराज के लिए सुबह 10 :25 बजे उड़ान भरने वाली इंडिगो की उड़ान भी लगभग दो घंटे की देरी से रवाना हुई। इसी तरह मुंबई से 1 :45 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 7 घंटे की देरी से 8 :55 बजे लखनऊ पहुंच सकी। इसके अलावा लखनऊ आने जाने वाले अन्य विमान भी 1 से 2 घंटे तक विलंब रहे। विमानों की लेट लतीफी के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# नगर निगम ने 37.30 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान

**अमृत विचार :** नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसमें सरसवां, बसहा और ग्राम दसौली में अभियान चलाकर 37.30 करोड़ रुपये की जमीन कब्जा मुक्त कराई। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव ने बताया कि ग्राम-सरसवां की खसरा संख्या-180, 181 व 183 नवीन परती व नाले की भूमि है। जिसका क्षेत्रफल क्रमशः 1370 वर्गमीटर, 1280 वर्गमीटर व 890 वर्गमीटर है। उक्त भूमि पर कुछ लोगों ने दीवार बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया था। अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। खाली कराई गई भूमि का बाजार मूल्य लगभग 35 करोड़ है। कार्रवाई लेखपाल सुबास कौशल, राकेश यादव व नगर निगम की टीम द्वारा की गई।

तहसील बीकेटी के ग्राम-बसहा की खसरा संख्या-568 व 516 क्षेत्रफल 3,800 वर्गमीटर व 5,60 वर्गमीटर भूमि पर और ग्राम दसौली की खसरा संख्या 4 क्षेत्रफल 1,140 वर्गमीटर खसरा संख्या 27 क्षेत्रफल 1,360 वर्गमीटर नाला व रास्ते की जमीन पर स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। तहसील के राजस्व निरीक्षक व लेखपाल और नगर निगम के लेखपाल देशराज व क्षेत्रीय पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटवाया गया। उक्त दोनों भूमि का बाजार मूल्य लगभग 2.30 करोड़ रुपये है।



जेसीबी से अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। अमृत विचार

# एलडीए ने तीन व्यावसायिक निर्माण किए सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को इंदिरा नगर के तकरोही में तीन व्यावसायिक निर्माण सील कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन पांच संजय जिंदल ने बताया कि डॉ. प्रतीक कुमार व अन्य द्वारा इंदिरा नगर में तकरोही रोड पर हीरो सर्विस के सामने लगभग 1,500 वर्गफिट क्षेत्रफल में बेसमेंट, भूतल एवं प्रथम तल पर दुकानें तथा हॉल का निर्माण कराया गया था।

श्याम लाल यादव व अन्य द्वारा तकरोही रोड पर लक्ष्मण मार्केट के सामने लगभग 1,500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखंड पर व्यावसायिक उपयोग के लिए बेसमेंट समेत दो मंजिला भवन का निर्माण किया गया था। इन्द्रपाल यादव व अन्य द्वारा तकरोही बाजार में रूकाना टावर, कदीर आटा चक्की के पास लगभग 1,200 वर्गफिट क्षेत्रफल में बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल तथा द्वितीय तल तक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे अवैध निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था।




- मानचित्र स्वीकृत कराए बिना बना रहे थे दुकानें और हॉल

सहायक अभियंता एनएन चौबे एवं संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से तीनों परिसर को सील कर दिया गया।

### औरंगाबाद जागीर में 20 रो-हाउस सील

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो प्रिया सिंह ने बताया कि अमरनाथ सिंह द्वारा बिजनौर के औरंगाबाद जागीर में स्वप्निल इंडिया, रायल सिटी-दो, ओमैक्स बाउन्ड्रीवॉल के पीछे लगभग 20,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से 100-100 वर्गमीटर के 20 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्र व ऋतुपाल ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से उक्त निर्माण सील कर दिया।

बुरा हाल

जोन 1 के कई इलाकों में घरों से नहीं उठ रहा कचरा, गलियों में कूड़ा डाल रहे लोग

# कार्यदायी संस्थाओं की मनमानी शुरू, शहर में कूड़ा उठान ठप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में सफाई कंपनी क्या बदली कार्यदायी संस्थाओं की मनमानी शुरू हो गई है। नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं के कर्मचारियों ने अभी से घरों से कूड़ा उठान बंद कर दिया है। नगर निगम जोन एक के कई इलाकों में घरों से कूड़ा उठान एक सप्ताह से बंद है। इससे गलियों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। लोग बदबू और गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। कलेक्ट्रेट के पिछले गेट पर दोपहर तक कूड़ा पड़ा रहा।

नगर निगम ने इसी महीने शहर की सफाई के लिए नई कंपनी रामकी का चयन किया है। यह कंपनी आठ में से पांच जोन में घरों से कूड़ा उठान, सफाई और कूड़ा प्रबंधन का काम देखेगी। कंपनी को तीन महीने में काम शुरू करने का समय दिया गया है। इस बीच नगर निगम कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से लगे सफाई कर्मियों से सफाई करा रहा है। कार्यदायी संस्थाएं हाथ से सफाई का काम निकलते देख मनमानी पर उतारू हैं। नगर निगम के जिम्मेदार भी लापरवाही बरत रहे हैं। फील्ड पर सफाई व्यवस्था जांचने न सफाई निरीक्षक और न ही वरिष्ठ अधिकारी निकल रहे हैं।



गुरु गोविन्द मार्ग पर स्थित कूड़ा घर के बाहर फैली गंदगी। अमृत विचार

### कर्मचारी कागजों पर कर रहे सफाई

नगर निगम में कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से सफाई के लिए लगभग 8245 कर्मचारी लगाए गए हैं। कर्मचारियों के मानदेय पर प्रतिमाह करोड़ों रुपये खर्च आता है। इसके बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। कार्यदायी संस्थाओं के सफाई कर्मी कागजों पर सफाई करते रहे। निरीक्षण के दौरान फील्ड में अधिकारियों को आधे भी कर्मचारी नहीं मिलते थे। आखिरकार नगर निगम को शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए नई कंपनी ढूंढनी पड़ी।

### भुगतान में कमीशन खोरी पर नहीं लगी रोक

सफाई के लिए नगर निगम के जोन एक, तीन, चार, छह और सात में घरों से कूड़ा कलेक्शन, नालियों की सफाई, सड़कों पर झाड़ू लगाने और कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी रामकी कंपनी को मिली है। कंपनी को तीन महीने का समय दिया गया है। कार्यदायी संस्थाओं के कर्मचारी ही इन जोनों में पहले की तरह 'बजट' में हाथ साफ कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कर्मचारी लगाने से लेकर भुगतान में कमीशनखोरी पर रोक नहीं लग पायी है। पहले की तरह अभी भी कार्यदायी संस्थाओं से भुगतान व कर्मचारी लगाने के लिए कमीशन खुलेआम लिया जा रहा है।

## कोई आमदनी नहीं फिर भी पत्नी को भरण पोषण देना पति का दायित्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि कोई आमदनी न होने के बावजूद पत्नी को भरण पोषण देना पति का दायित्व है। न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि यदि कुछ भी न कमाने वाला पति अन-स्किल्ड लेबर के तौर पर कम करे तो भी वह साढ़े तीन सौ से चार सौ रुपये प्रतिदिन कमा सकता है। न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकल पीठ ने पति की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याची पति की ओर से दलील दी गई थी कि उन्नाव के परिवार न्यायालय ने उसे अपनी पत्नी को दो हजार रुपये प्रति माह भरण पोषण देने का आदेश दिया है जबकि उसकी कोई आमदनी नहीं है। याची पति की ओर से यह भी दलील दी गई कि उसकी पत्नी व्याभिचार में शामिल है। हालांकि न्यायालय ने उसकी इस दलील को खारिज कर दिया।

# विकास नगर की बिजली नहीं होगी गुल, लोगों को राहत

नीरज अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार :** घंटों बिजली गुल रहने वाले ट्रांसगोमती के विकास नगर में अब बिजली नहीं जाएगी। इसके लिए पॉवर कॉरपोरेशन इस उपकेंद्र का कायाकल्प करने में जुटा है। यहां 11 केवीए के उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों को लगाने के साथ ही नया कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। फीडरों को भी सुधारा जा रहा है। तकरीबन एक लाख से ऊपर की आबादी को राहत मिलेगी।

लेसा अधिकारियों के अनुसार, आबादी अधिक होने के कारण इस क्षेत्र में उपभोक्ता अधिक हैं। ऐसे में ट्रांसफार्मरों पर लोड ज्यादा पड़ रहा है। इस गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो और निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रहे, इसके लिए इस उपकेंद्र का कायाकल्प किया जा रहा है। कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। अब यहां दो कंट्रोल रूम हो गए हैं। आबादी अधिक होने के चलते पूरी सप्लाई 18 फीडरों के जरिए उपभोक्ताओं को दी जा रही है। इनका भी पूरा मेंटीनेंस कराया जा रहा है।

> इस इलाके में करीब एक लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। इस कारण ट्रांसफार्मरों पर लोड भी ज्यादा है। समस्याओं को दूर करने के लिए इस उपकेंद्र पर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों को लगाने के साथ ही एक कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। -**सुनील कपूर**, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

# परेड में रामलला चले साथ तो भाव विभोर हुए लोग

## गणतंत्र दिवस की परेड पर राज्यपाल ने ली सलामी, मेजर श्रीवत्सन ने किया परेड का नेतृत्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से वंचित रह गए लोगों के लिए शुक्रवार का दिन एक अवसर की तरह रहा। गणतंत्र दिवस की परेड में जब रामलला साथ चले तो लोग भाव विभोर हो गए। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से वंचित रह गए लोगों की मन की इच्छा पूरी हो गई। साथ ही, वसुधैव कुटुंबकम, भिक्षा से शिक्षा का संदेश और प्रदेश के विकास की झांकी गणतंत्र दिवस की परेड में आकर्षण का केंद्र रही। गणतंत्र दिवस पर निकाली गई परेड का नेतृत्व मेजर श्रीवत्सन ने किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने झंडा रोहण किया और परेड की सलामी ली। वहीं, मुख्यमंत्री ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। हेलीकॉप्टर ने परेड के दौरान पुष्प वर्षा की।

शुक्रवार को गणतंत्र दिवस परेड में 22 झांकियां निकलीं। इसमें श्रीराम मंदिर, यूपी में कानून व्यवस्था और सुशासन के साथ बुलडोजर की झलक देखने को मिली। जबकि सेना के टी-90 भीष्म टैंक, बोफोर्स तोप, रॉकेट लॉन्चर, आकाश मिसाइल परेड में आकर्षण का केंद्र रहे। परेड में महिला कमांडो ने दर्शाया कि बेटियां किसी से कम नहीं। होमगार्ड की थंडर बोल्ट बाइकर्स की टीम ने परेड के दौरान अपने करतबों से सभी को रोमांचित किया। चलती बाइक पर सीढ़ी लगाकर इंसास राइफल लिए महिला होमगार्ड नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। बीएमपी 2 तोप, के9 वज्र आर्टिलरी गन, लाइट स्ट्राइक एलएसवी व्हीकल, बीएम 21 ग्रैड रॉकेट लॉन्चर परेड में दिखाई दिए। इसके अलावा गढ़वाल राइफल्स, सिख लाइट इनफेंट्री, 11 जीआरआरसी के मिलिट्री बैंड की प्रस्तुति हुई तो कोर ऑफ इंजीनियर्स की पुरुष टुकड़ी, सीआरपीएफ ब्रास बैंड, सीआरपीएफ पुरुष टुकड़ी, आईटीबीपी पाइप बैंड, आईटीबीपी पुरुष टुकड़ी, एसएसबी ब्रास एवं पाइप बैंड, आईटीबीपी पुरुष टुकड़ी, एसएसबी ब्रास एवं पाइप बैंड, एसएसबी पुरुष टुकड़ी, यूपी होमगार्ड ब्रास पाइप बैंड, यूपी पुलिस पुरुष टुकड़ी, पीएसी पाइप बैंड, 611 जीआर और 7 कुमाऊं रेजीमेंट पाइप बैंड समेत कुल 63 टुकड़ियां परेड में दिखाई दीं।

परेड रवींद्रालय से शुरू होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर समाप्त हुई। वहीं, चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश समेत यूपी के कलाकारों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत थीम पर आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुत किया। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सांस्कृतिक दल ने 'कुड लोकनृत्य', मध्य प्रदेश राज्य की सांस्कृतिक टोली ने 'गुटुम बाजा' व भगोरिया लोकनृत्य, सिक्किम राज्य के सांस्कृतिक दल ने तमांग सेलो लोकनृत्य, हरियाणा राज्य के सांस्कृतिक दल ने घूमर लोकनृत्य और राजस्थान राज्य की सांस्कृतिक टोली ने कालबेलिया नृत्य पेश किया।



हजरतगंज क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड के दौरान निकाली जा रही राम मंदिर व रामलला की झांकी। अमृत विचार

- नृत्य के माध्यम से 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' का छात्रों ने दिया संदेश
- टैंक और मिसाइल के माध्यम से कराया ताकत का एहसास
- बुलडोजर के माध्यम से दिखी कानून-व्यवस्था और सुशासन की झलक
- जम्मू कश्मीर के 'कुड लोकनृत्य' से लेकर हरियाणा के घूमर नृत्य तक की रही मनमोहक प्रस्तुति

### भीख मांगना छोड़ मुख्य धारा में शामिल बच्चों ने दीं प्रस्तुतियां

उम्मीद संस्था के बच्चों और विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की ओर से देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्था की ओर से भिक्षा से शिक्षा की ओर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं, अटल आवासीय विद्यालय सिठौली कलां के छात्रों ने 1857 की क्रांति नृत्य प्रस्तुत किया। सीएमएस राजाजीपुरम प्रथम शाखा ने नया भारत, समर्थ भारत नृत्य, एलपीएस आनन्द नगर ने स्वच्छता की ज्योति नृत्य, सेन्ट जोजफ कॉलेज राजाजीपुरम लखनऊ ने जय जन्मभूमि उत्तर प्रदेश नृत्य प्रस्तुत किए।

### स्कूलों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

परेड में ब्वॉयज एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज सुंदरबाग (मार्च पास्ट बालिका), सेन्ट जोजफ कॉलेज रुचिखण्ड (ब्रास बैंड), सेन्ट जोजफ कॉलेज राजाजीपुरम (बालिका), सिटी मॉन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम शाखा (बैग पाइप बैण्ड), सिटी मॉन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम शाखा (फ्लैग मार्च), उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन लखनऊ, इरम पब्लिक कॉलेज इंदिरा नगर (मार्च पास्ट बालिका), सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल (मार्च पास्ट बालिका), सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल (ब्रास ब्रांड), सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल (मार्च पास्ट बालक), राजकीय जुबली इंजर कॉलेज लखनऊ (ब्रास बैंड) आदि फ्लैग मार्च में शामिल हुए। इनके अलावा लखनऊ पब्लिक कॉलेज सहारा स्टेट लखनऊ (मार्च पास्ट बालिका), बाल विद्या मंदिर चारबाग लखनऊ (मार्च पास्ट बालिका), श्रीराम एकेडमी स्कूल सीतापुर रोड लखनऊ (ब्रास बैंड), इरम पब्लिक कॉलेज इंदिरानगर (बालक टुकड़ी), एलपीएस सेक्टर-9 वृन्दावन योजना (फ्लैग मार्च पास्ट बालिका), सीएमएस कानपुर रोड कैंपस (ब्रास बैंड) आदि ने प्रस्तुतियां दीं।



तिरंगे की वेशभूषा में छोटी बच्चियां।

### झांकियों के माध्यम से दिखाई गई प्रदेश के विकास की झलक

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन की डिजिटलीकरण की ओर बढ़ते कदम, उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी लखनऊ की राष्ट्र निर्माण में सिंधी समाज का योगदान, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना : श्रीराम मन्दिर, झांकियां बेहद आकर्षक रहीं। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से शौर्य, बलिदान और सांस्कृतिक विरासत का संगम थीम पर झांकी प्रदर्शित की गई। राजभवन उत्तर प्रदेश की ओर से 'जन-जन का राजभवन, पर्यटन निदेशालय की चक्रतीर्थ नैमिषारण्य, कृषि निदेशालय की एग्रीटेक-कृषि का भविष्य, उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान की बहुभाषी राष्ट्र-विविधता में एकता, वन विभाग की संस्कृति-प्रकृति-विकास आदि को दर्शाया गया।

### एक नजर

#### आचार्य मोतीराम शास्त्री साधना बुद्ध विहार में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अमृत विचार, लखनऊः** राजधानी के तकरोही में गणतंत्र दिवस अलग अंदाज में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन तकरोही इंदिरा नगर के प्रबुद्ध आंबेडकर क्लब में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रिटायर्ड सेल टैक्स कमिश्नर सत्यनारायण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अधिवक्ता जीडी चौधरी, जगजीवन प्रसाद, राम सहाय सहित अन्य वक्ता मौजूद रहे।

#### गरीब बच्चों को कराया भोजन

**अमृत विचार, लखनऊः** नववर्ष के शुभ अवसर पर शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से विश्व परिवार दिवस के उपलक्ष में गरीब बच्चों को भोजन कराया गया। समिति के अध्यक्ष राकेश पांडे ने कार्यक्रम की शुरुआत की। हर वर्ष राकेश पांडे तथा उपाध्यक्ष खुशबू गोस्वामी द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

#### बस्ती का गजेटियर प्रस्तुत कर मांगा सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊः** गणतंत्र दिवस पर बस्ती के जिलाधिकारी आंद्रा वामसी की पहल पर स्थानीय जिला प्रशासन ने बस्ती का गजेटियर प्रस्तुत कर सुझाव मांगा है। गजेटियर को 26 अप्रैल तक अंतिम रूप दिया जाना है। बस्ती जिले का गजेटियर फिर से तैयार किया जा रहा है। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में पंद्रह सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

#### उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण भवन में किया ध्वजारोहण

**अमृत विचार, लखनऊः** 75वें गणतंत्र दिवस पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्राधिकरण भवन में ध्वजारोहण करके समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों व कर्मचारियों का दायित्व आम नागरिक से अधिक है, क्योंकि हम सभी ये शपथ लेकर आते हैं कि अपने कर्तव्यों का सम्यक निर्वहन करेंगे। इसलिए हमें संविधान की उद्देशिका के अनुरूप कार्य करते हुए प्राधिकरण आने वाले नागरिकों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर सचिव पवन कुमार गंगवार ने सभी को भारतीय गणतंत्र की शपथ दिलाई।



ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को सलामी देते डीएम सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

### डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने शिविर कार्यालय और कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के दौरान शिविर कार्यालय में एडीएम प्रशासन शुभी सिंह, रजनीश मौर्य, विजय वर्मा और कलेक्ट्रेट परिसर में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा आदि मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र के संकल्प की शपथ दिलाई। इसके बाद डीएम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ प्रण लिया कि आगामी लोकसभा चुनाव में जिले का वोटिंग प्रतिशत रिकार्ड स्तर पर ले जाएंगे।



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

### देश नहीं झुकने दूंगा पर झूमे दर्शक

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवध एजुकेशनल एकेडमी की ओर से देश नहीं झुकने दूंगा पर प्रस्तुत किए गए नृत्य पर सभी झूम उठे और स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शुक्रवार की शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की। कार्यक्रम में नौ विद्यालयों की सांस्कृतिक टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें ड्रिल और नृत्य के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न विधाओं की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से वसुधैव कुटुंबकम, जय हो भारत, हिंद के वीर जवान, विकसित भारत का संकल्प, भारत की नारी, चंद्र विजय, स्किल इंडिया एवं नारी शक्ति का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एलपीसी, श्रीराम एकेडमी, सीएमएस, सेंटर मैरी इंटर कॉलेज, सीएमएस, सिटी इंटरनेशनल स्कूल, एसआरग्लोबल, बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल की ओर से पेश किए गए। इस दौरान जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, जिला विकास अधिकारी, संयुक्त शिक्षा निदेशक, डॉ. प्रदीप कुमार, रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार उपस्थित रहे।

# श्रीराम मन्दिर और एलडीए की झांकी को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की 'सांस्कृतिक गौरव की पुर्नस्थापना : श्री राम मन्दिर' थीम पर आधारित झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला। गणतंत्र दिवस की परेड में अयोध्या में राम मंदिर पर आधारित झांकी को लोगों ने खूब सराहा। राम मंदिर की झांकी जैसे-जैसे लोगों के सामने से गुजरती रही, भगवान राम का बाल रूप देख आस्था से शीश झुकते रहे।

झांकी के सामने की ओर भगवान श्री राम के आकर्षक दिव्य बाल रूप को प्रदर्शित किया गया था। पीछे की ओर श्री राम मंदिर का भव्य, दिव्य एवं सुन्दर रूप देख लोग जय श्री राम के नारे लगाने लगे। झांकी में राम दरबार, दीपोत्सव, सरयू आरती, अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, धर्मपथ के सूर्य स्तम्भों तथा लता चौक की आकृति ने अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ताजा कर दिया। गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की झांकी को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला है।





गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान निकलती एलडीए की झांकी। अमृत विचार

- राम मंदिर पर आधारित झांकी को लोगों ने खूब सराहा

### राजभवन की झांकी की प्रशंसा

गणतंत्र दिवस 2024 में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली राजभवन की झांकी को भी दर्शकों ने खूब सराहा। 'जन-जन का राजभवन' थीम पर तैयार की गई इस झांकी में राजभवन में लोगों के लिए कराए गए विभिन्न निर्माण कार्य, जैसे पंचतंत्र वन, बोनसाई गार्डेन, कमल ताल, नक्षत्र, राशि एवं नवगृह वाटिका, चंदन अमृत वाटिकाआदि को प्रदर्शित किया गया।

### 22 झांकियां परेड में हुईं शामिल

26 जनवरी को विधानसभा के सामने परेड में विभिन्न विभागों एवं शिक्षण संस्थाओं की 22 झांकियां शामिल हुई थीं। पहली बार परेड में शामिल हुई राजभवन की झांकी दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा उप्र पर्यटन निदेशालय, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल एवं उप्र संस्कृत संस्थानम् की झांकियों को तीसरा स्थान मिला। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की झांकी को सांत्वना पुरस्कार मिला। यह जानकारी झांकी समिति के अध्यक्ष एवं एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि झांकी के विजेताओं को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 29 जनवरी को 'बीटिंग द रिट्रीट' कार्यक्रम में ट्राफी देकर सम्मानित करेंगी।

### बलिदान व सांस्कृतिक विरासत का संगम थीम पर एलडीए की झांकी

एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि एलडीए की झांकी 'शौर्य, बलिदान एवं सांस्कृति विरासत का संगम' थीम पर आधारित थी। झांकी के प्रथम भाग में 34 वर्ष तक देश की समुद्री सीमा पर पहरा देने वाले युद्धपोत आईएनएस गोमती को स्थान दिया गया। जिसके उपकरण, मिसाइल, टारपीडो व कैनन आदि संग्रहालय में प्रदर्शित किए जाएंगे। शहीद पथ पर इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास विकसित किया जा रहा नौसेना का यह शौर्य संग्रहालय भारत की शक्ति व सामर्थ्य का प्रतीक होगा। इसके बगल में जी-20 शिखर सम्मेलन के लोगों के साथ प्रतिभागी देशों के राष्ट्रध्वज लगाए गए।

### प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को किया याद

**अमृत विचार, लखनऊ :** 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी ने कार्यालय परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। ध्वजारोहण विंग कमांडर प्रवीन तिवारी ने किया। ध्वजारोहण के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के वायु सैनिक अधिकारी, एनसीसी अधिकारी, सिविल कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। समारोह में एनसीसी कैडेट्स ने देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत गीत तथा काव्य रचनायें प्रस्तुत कीं। समारोह में उपस्थित एनसीसी कैडेटस, स्टाफ एवं उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। **एएमसी के बहादुर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि :** एएमसी सेंटर एंड कॉलेज के कमांडेंट एवं एएमसी के कर्नल कमांडेंट वी साबिद सैयद ने 27 जनवरी को लखनऊ छावनी स्थित एएमसी युद्ध स्मारक 'श्रद्धांजलि' पर सेना चिकित्सा कोर के बहादुर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर एएमसी सेंटर एंड कॉलेज के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, जवानों और रंगरूटों ने श्रद्धांजलि समारोह में भाग लिया।

### सार-संक्षेप

#### भाजपा महानगर अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

अमृत विचार, लखनऊ : गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा महानगर कार्यालय में शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के राष्ट्रीय पर्वों में से एक है, इसलिए इस खास दिन को हर जाति और संप्रदाय के लोग बड़े सम्मान और उत्साह के साथ मनाते हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, टिंकू सोनकर, युवा अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक अभिषेक करें, कार्यालय प्रभारी दीपू शुक्ला, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष विपिन सोनकर, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी आदि मौजूद रहे।



भाजपा महानगर कार्यालय में ध्वजारोहण करते महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।



गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने वाले डॉक्टर व कर्मचारी। अमृत विचार

#### गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए डॉक्टर, कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज और देखभाल करने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मानित किया गया। हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में निदेशक डॉ. सुनील भारतीय व सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर, स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले ईएमओ डॉ. अनिल कुमार, आर्थोपेडिक डॉ. रमेश कुमार, एनेस्थीसिया के डॉ. मो. कासिम, आईसीसीयू इंचार्ज सिस्टर पुष्पा, कर्मचारी जावेद हुसैन, जीशान जफर, शरद त्रिपाठी, फजल अब्बास, जीवन, राम विलास, राकेश कुमार कनौजिया, मजहर अब्बास, सरफराज हुसैन, प्रदीप तिवारी शामिल रहे। टूड़ियागंज राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. माखनलाल ने ध्वजारोहण कर निदेशक डॉ. पीसी सक्सेना के साथ अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया। मेडिकल अफसर डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मेडिकल छात्र-छात्राओं ने नाटक, नृत्य, गीत समेत तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर डॉ. दीपक मिश्रा, डॉ. अरविंद, डॉ. शची श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र, डॉ. पीसी चौधरी आदि रहे।



गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

#### धूमधाम के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज के विवेकानंद सभागार में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र-छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक डॉ डीसी श्रीवास्तव, प्रबंधक सीएल सिंह, प्राचार्या डॉ वीके श्रीवास्तव, महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ रामाऔतार कन्नौजिया, डॉ बृज मोहन श्रीवास्तव, डॉ महिमा सिंह, मीनाक्षी, नवनीत आदि उपस्थित रहे।

### शारदा नगर में झंडारोहण के बाद पानी टंकी का उद्घाटन

शारदा नगर क्षेत्र के व्यापारियों ने गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण के साथ सार्वजनिक पानी की टंकी का उद्घाटन किया। सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल, प्रदेश अ अध्यक्ष ज्योति सिंह, प्रियंका श्रीनेत तथा न्यू सेनानी विहार जनकल्याण समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र राज तिवारी ने दुर्गा मंदिर स्थल पर झंडा रोहण किया तथा पानी की टंकी का उद्घाटन किया।

### भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल द्वारा झंडा रोहण

भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल ने राजधानी के विभिन्न स्थानों पर झंडारोहण किया। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना, राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता ने बताया कि प्रदेश कार्यालय विकास नगर, डंडाहिया बाजार में राष्ट्रीय प्रभारी हाफिज जलील अहमद सिद्दीकी, रितेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष ताज खान व अनुज साहू ने मिल रोड एवरेडी व्यापार मंडल ने भूसा मंडी चौराहे पर झंडारोहण किया।

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने फहराया तिरंगा

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नजीराबाद इकाई ने लखनऊ प्लाजा काम्प्लेक्स में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। संगठन के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने झंडारोहण कर राष्ट्रगान किया। इस मौके पर संरक्षक एसएच हाशमी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र सोनकर, अजहर जमाल सिद्दीकी, महामंत्री अनुज पंडित और साबिर हुसैन आदि इस मौके पर मौजूद रहे।

### साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति ने मनाया जश्न

साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति ने गणतंत्र दिवस पर ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया। इस मौके पर विशेष रूप से तैयार कराए गए तिरंगे लड्डुओं का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष वसीउल्ला आजाद, महामंत्री अनिल सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल और मंत्री लक्ष्मण वर्मा ने मौलाना खालिद रशीद को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।

### जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट के झंडारोहण में शामिल हुए धर्मगुरु

जश्न-ए-आजादी ट्रस्ट और हजरतगंज ट्रेडर्स एसोसिएशन ने गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरे हर्ष व उल्लास के साथ किया। हजरतगंज की मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, सरदार हरपाल सिंह जग्गी, पं. कृष्ण मोहन आचार्य, विनोद पंजाबी, मुरलीधर आहूजा, एमएलसी पवन सिंह चौहान और मनोज मिश्रा की मौजूदगी में झंडारोहण किया। इस मौके पर धर्मगुरुओं ने देश की खुशहाली और एकता व अखंडता के लिए दुआ की।

### सामाजिक संस्था उड़ान ने घोला देशभक्ति का रंग

सामाजिक, शैक्षिक व सांस्कृतिक संस्था उड़ान की ओर से फरीदी नगर चांदन रोड, इंदिरानगर में महिलाओं व बच्चों ने नृत्य व गीतों के जरिये गणतंत्र दिवस को बड़ी धूम से मनाया। इस मौके पर लोक नृत्यांगना सरिता सिंह, सीमा, कल्पना, उषा, संगीता, लक्ष्मी और पारुल ने अपने कार्यक्रमों के जरिए माहौल में देशभक्ति का रंग घोल दिया।

# हर तरफ रही 75वें गणतंत्र दिवस की धूम, देशभक्ति के गीतों की रही गूंज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश का 75वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूम से मनाया गया। केंद्रीय विद्यालय आरडीएसओ में प्राचार्य राजेश कुमार शुक्ल ने झंडारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। छात्राओं ने एकल व समूह नृत्य किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि वे पूरे मन से अध्ययन करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

**शिवराज मेमोरियल ट्रस्ट को मिले पांच लाख रुपये :** शिवराज मेमोरियल ट्रस्ट लोनापुर समीहा एवं बालदल के संयुक्त तत्वावधान में हुए गणतंत्र दिवस समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह, एमएलसी रामचन्द्र सिंह प्रधान, पूर्व राज्यमंत्री डॉ. योगेश तिवारी, टीएस मनराल और रमेश सिंह अतिथियों के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर बच्चों ने चित्रकला, सुलेख, सामान्य ज्ञान, भाषण और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार जीते। सामान्य ज्ञान में पिंकी मौर्या, सुलेख में रोहित उपाध्याय, चित्रकला में रोहित प्रजापति, निबंध में सोनू मौर्या, भाषण में लक्ष्मी यादव तथा शिवराज मैराथन दौड़ में शिवम को प्रथम पुरस्कार मिला।

इस मौके पर एमएलसी रामचन्द्र सिंह प्रधान ने शिवराज मेमोरियल ट्रस्ट के सभागार का नाम धनसिंह मेहता अंजान के नाम से करने और उसे सुसज्जित करने के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। प्रो. आरसी पंत, जीसी कोठारी, बीडी जोशी, एनके उपाध्याय, दीवान सिंह अधिकारी, कैप्टन पीडी तिवारी, इंदिरा देवी, मंजू पडेलिया, सरोज खुल्वे, सुमन मनराल, माया भट्ट, आनंद सिंह कपकोटी, ख्याली सिंह, चंचल बोरा, केएन चंदोला, ज्ञान पंत व रमेश सिंह को सम्मानित किया गया।

**व्यापारी एसोसिएशन :** व्यापारी एसोसिएशन ने मुंशीपुलिया स्थित सुख काम्प्लेक्स में गणतन्त्र दिवस बड़ी धूम से मनाया। पूर्व डीजीपी अरविन्द जैन ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा, महासचिव विकास मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष एसके श्रीवास्तव, सचिव रत्नाकर मिश्र और संयुक्त मंत्री अकील अहमद प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संयुक्त उद्योग व्यापर मंडल की सभी इकाइयों के मुखिया अंजनी कुमार पाण्डेय ने झंडारोहण किया। इस मौके पर संरक्षक सूर्य नारायण तिवारी, विधि सलाहकार अश्वनी कुमार पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द नाथ मिश्र, उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन, प्रवक्ता बब्बू पाण्डेय और मीडिया प्रभारी आरके मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने राष्ट्रध्वज फहराया। आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तेलीबाग, उतरठिया, बीबीडी, खुर्रमनगर, भूतनाथ मार्केट, रिंग रोड, रहीमनगर, सर्वोदय नगर, गौरी बाजार, सरोजनीनगर, खजाना मार्केट, आशियाना, गुइन रोड और कपूरथला में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। भूतनाथ मार्केट में अध्यक्ष कमल अग्रवाल और महामंत्री मनोज अग्रवाल ने झंडारोहण किया। भूतनाथ मंदिर मार्केट प्रभारी दिनेश शर्मा और सह प्रभारी जितेन जोकानी ने रिंग रोड पर झंडारोहण किया।



केन्द्रीय विद्यालय आरडीएसओ में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं, साथ में अन्य। अमृत विचार

### वंदेमातरम राष्ट्रीय मंच का आयोजन

वन्देमातरम राष्ट्रीय मंच ने गीतापल्ली आलमबाग स्थित केंद्रीय कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक सदस्य एमपी दीक्षित, विजय त्रिपाठी, राम सजीवन सिंह, पूर्व वायुसेना अधिकारी प्रशांत दीक्षित और प्रेम सागर भसीन आदि मौजूद रहे।

### उत्तराखंड टीएचडीसीआईएल ने किया झंडारोहण

उत्तराखंड टीएचडीसीआईएल के एजीएम अमर नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में माधुरी यादव ने गणतंत्र दिवस और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बच्चों को मिठाई, नोटबुक और पेंसिल का वितरण किया। इस मौके पर रूबरू सामाजिक सेवार्थ संस्था के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव

अमृत विचार, बीकेटी : बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश के मुताबिक, मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत फैजुल्लागंज निवासी बबलू राजपूत रुदही गांव में मामा के संग रहता था। शुक्रवार शाम से वह लापता चल रहा था। शनिवार सुबह इमलिया तालाब में ग्रामीणों ने उसके शव को पानी में उतराता देखा। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चलेगी।

### बंद मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गहदों गांव निवासी सुधीर श्रीवास्तव सपरिवार रहते हैं। शुक्रवार देर रात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ बक्से और अलमारी के लॉकर से चार लाख रुपये के पुश्तैनी गहने और नकदी लेकर भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल कर मुआयना कर पड़ोसियों से भी पूछताछ की। बावजूद इसके चोरों का सुराग नहीं मिला। फिलहाल, तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### पिकप से टकराया बाइक सवार, मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, हरदोई जनपद के अतरौली थानाक्षेत्र अन्तर्गत डांडा गांव निवासी रोहित साहू गुरूवार को रहीमाबाद के केसरीपुर ससपन गांव में रहने वाली बुआ रामकली के घर से बाइक से हरदोई जा रहा था। गहदो गांव के पास कटियारी कृषि फार्म के सामने तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

# दुस्साहस: चौकी से महज चार सौ मीटर की दूरी पर तीन घंटे उत्पात मचाते रहे डकैत

## उदासीनता : दोपहर बाद घटना स्थल पर जांच करने पहुंचे पुलिस अफसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अपट्रान चौकी से महज 400 मीटर की दूरी पर बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में 10 से 12 डकैत करीब तीन घंटे उत्पात मचाते रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। डकैत डीसीएम में करीब 6500 किलो कॉपर लाद कर देवा रोड से निकल गए। रात एक बजे के करीब पड़ी डकैती को पुलिस के आलाधिकारी दोपहर तक नजर अंदाज करते रहे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डकैती से संबंधित पोस्ट वायरल हुई तब करीब तीन बजे आला अफसर व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बंधक बनाए गए कर्मियों से भी पूछताछ की।

यहियागंज के बर्तन बाजार निवासी संजीव अग्रवाल देवा रोड स्थित ट्रांसफार्मर फैक्ट्री के मालिक हैं। फैक्ट्री में यूपीपीसीएल से भेजे गये ट्रांसफार्मर की रीफिलिंग होती है। इसी बिल्डिंग में उनकी बेकरी की भी फैक्ट्री चलती है। दोनों फैक्ट्रियों में अलग-अलग स्टाफ काम करता है। आशंका है कि डकैती की साजिश पहले से ही रची गई। कर्मचारी कहां पर हैं, कितना माल कहां पर रखा है, डकैतों को सब कुछ पता था। हैरान करने वाली बात है कि जिस फैक्ट्री में करोड़ों का माल पड़ा था उसमें सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगे हैं। वहीं गार्ड की उम्र भी 60 वर्ष के आसपास है। जबकि पड़ोस की अन्य फैक्ट्रियों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पुलिस गश्त पर तो सवालिया निशान लगे ही हैं। घटना के बाद भी पुलिस की उदासीनता सामने आयी है। बंधक बानए गए एक कर्मी के हाथ की रस्सी ढीली थी, उसने खुद हाथ खोले फिर अन्य के। करीब चार बजे संजीव अग्रवाल व पुलिस को फोन किया। चौकी पुलिस तो पहुंची, जबकि डकैती जैसी घटना होने के बाद भी अधिकारी दोपहर बाद पहुंचे।



डकैतों के द्वारा ले जाए गए सामान के बारे में जानकारी देते ट्रांसफार्मर फैक्ट्री के मालिक संजीव अग्रवाल। अमृत विचार

### शक के दायरे में कर्मचारी भी, जेसीपी ने की पूछताछ

जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि ने डकैती के समय फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों से गहनता से पूछताछ की। शक के दायरे में कर्मचारी भी हैं। इसके चलते उनके मोबाइल नंबर भी सर्विलांस पर लगाए गए हैं। इनकी काल डिटेल भी खंगाली जा सकती है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए हैं। रात में कई वाहन आवाजाही करते दिखे हैं। जिनके नंबर के आधार पर डिटेल खंगाली जा रही है।

### बोले तो जान से जाओगे... इशारों में कर रहे थे बातें

गार्ड रामाधार, चौथी यादव, विमल कश्यप, नितेश, विक्रम और अजीत को डकैतों ने बंधक बनाया था। घटना के समय यही कर्मी फैक्ट्री के अंदर मौजूद थे। नितेश ने 20 दिन, अजीत ने दो महीने और विक्रम ने चार महीने पहले बेकरी की फैक्ट्री में काम शुरू किया था। नितेश ने बताया कि डकैतों ने हम लोगों के हाथ पीछे की तरफ करके बांधे। बोलने पर जान से हाथ धोने की धमकी दी। डकैत इशारों में बातें कर रहे थे। डकैतों की उम्र 25 से 30 वर्ष के आसपास थी।

### सामान लादने के लिए गोदाम के अंदर ले गए ट्रक

डकैतों ने मेन गेट का ताला तोड़ा इसके बाद ट्रक अंदर ले गए। करीब तीन घंटे गोदाम में नए व पुराने कॉपर को कटर से काटा। इसके बाद करीब 6500 किलो कॉपर, रिले गैस सिलेंडर, कपड़े, मोबाइल, एक कर्मचारी के पास से 18 हजार रुपये और चौकीदार की साइकिल ट्रक में लाद फरार हो गए।



घटनास्थल का निरीक्षण करते जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि। अमृत विचार

# पिता की डांट से नाराज किशोरी ने की खुदकुशी

- कोटेदार समेत महिला का फंदे से लटका मिला शव
- चिनहट, गाजीपुर और गोमतीनगर से सामने आए मामले



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिनहट थानाक्षेत्र अन्तर्गत कमता गोविंद विहार कॉलोनी में शुक्रवार को पिता की डांट से नाराज सुरिया खातून (14) ने फंदा लगाकर कर खुदकुशी कर ली। वहीं, गाजीपुर के कुर्मांचल नगर में कोटेदार क्रांति कुमार पांडेय (35) ने घर में आत्मघाती कदम उठा लिया। जबकि गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र अन्तर्गत खरगापुर में प्रीती सिंह (40) का शव फंदे से लटका मिला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चिनहट के कमता गोविंद विहार कॉलोनी में जुलहाश मियां झोपड़ी बनाकर रहते हैं। पुलिस के मुताबिक वह कूड़ा बीनने का काम करते हैं। जुलहाश की बेटी सुरिया खातून भी साथ में कूड़ा बीनती थी। शुक्रवार सुबह काम को लेकर पिता ने सुरिया को डांट दिया। दोपहर में सुरिया ने झोपड़ी में लगी बल्ली से दुपट्टे का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

वहीं, गाजीपुर के कुर्मांचल नगर निवासी क्रांति कुमार पांडेय इलाके में ही सरकारी गल्ले की दुकान चलाते हैं। भांजे शशांक के मुताबिक गुरुवार देर शाम तक मामा क्रांति घर नहीं आए। कई बार फोन किया गया पर फोन रिसीव नहीं हुआ। आनन-फानन में वह दुकान पहुंचा तो शटर बंद था। शटर खोलकर भीतर गया तो मामा क्रांति रस्सी के फंदे के सहारे पंखे के कुंडे से लटके हुए थे। आसपास के लोगों की मदद से फंदे से उतारकर उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गाजीपुर विकास राय के मुताबिक घटना स्थल पर शराब से भरा हुआ गिलास मिला है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल परिजनों की तरफ से किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है और न ही मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

अम्बेडकर नगर के अहिरौली निवासी ग्राम प्रधान पवन सिंह के मुताबिक पत्नी प्रीती सिंह गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर में किराए के मकान में बेटी पल्लवी के साथ रहती थी। प्रीती ने ओटी टेक्नीशियन का कोर्स किया था। शुक्रवार रात प्रीती ने कमरे में लगे पंखे के कुंडे से फांसी लगा ली। देर रात 2 बजे बेटी पल्लवी उठी तो मां को फंदे से लटका देख शोर मचाया। उसे फंदे से उतारकर लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# मौसेरे भाई ने की थी मिठाई विक्रेता की हत्या

संवाददाता, मलिहाबाद

खुलासा

- पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार
- मामले के खुलासे के बाद हत्यारोपी को भेजा गया जेल

अमृत विचार : माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत थावर गांव में हफ्ते भर पहले मिठाई विक्रेता अरूण यादव की हत्या किसी अन्य ने नहीं बल्कि उसके मौसेरे भाई सन्दीप ने की थी। शुक्रवार को माल पुलिस ने हत्यारोपी भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की तब उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

गौरतलब है कि 17 जनवरी को माल के थावर गांव में रात 8:30 बजे अज्ञात हमलवारों ने मिठाई विक्रेता अरुण यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भाई सनी यादव की लिखित शिकायत पर माल पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझा रही पुलिस ने पुरानी दुश्मनी समेत अवैध सम्बन्ध से जुड़े कई पहलुओं पर जांच करते हुए 30 लोगों को हिरासत में उठाया था। बावजूद इसके पुलिस हत्यारोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई। इसी बीच शक के घेर में आए मौसेरे भाई संदीप यादव को पुलिस ने उठाया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो वह इधर-उधर की बातें कर पुलिस का ध्यान भटकाने लगा। सख्ती से पूछताछ किए जाने पर संदीप ने अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रभारी निरीक्षक राकेश त्रिपाठी के मुताबिक, हत्यारोपी ने बताया कि उनके पिता रामकुमार यादव की मिठाई की दुकान थी। अरुण उनके पिता के संग दुकान पर कामकाज करता था। जबकि हत्यारोपी थावर गांव में मिठाई की दुकान संचालित करता था। शराब व जुए की लत ने उसे कर्जदार बना दिया था। जिसके चलते कुछ माह बाद उसे दुकान बंद करनी पड़ी। उधर, अरुण ने पिता रामकुमार के पास काम छोड़कर थावर गांव में अपनी दुकान खोल थी। दिन-प्रतिदिन उसकी दुकान पर ग्राहकों की भीड़भाड़ होने लगी। जिससे वह अरुण से ईर्ष्या रखने लगा। हत्यारोपी ने बताया कि घटना वाले दिन उनसे जमकर शराब पी, इसके बाद वह असलहा लेकर अरुण की दुकान पर पहुंचा। जहां उसने अरुण की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संदीप की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए 315 बोर का तमंचा एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया।



पुलिस की हिरासत में आरोपी

# शादी से इनकार करने पर युवती के मोबाइल पर भेजे आपत्तिजनक मैसेज

संवाददाता, काकोरी

- युवती ने पारा थाने में आरोपी के खिलाफ की शिकायत

अमृत विचार : पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत शादी के प्रस्ताव से इंकार करने पर शोहदे ने युवती के मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज किए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शोहदे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (20) निजी कंपनी में नौकरी करती है। युवती ने इटावा जनपद के मझिगवां थानाक्षेत्र के दिलीपनगर निवासी आर्यन उर्फ अनुज आईटीएक्ट और प्रतिष्ठा को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से जाली दस्तावेज या इलेक्ट्रानिक रिकॉर्ड बनाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि शोहदे ने उससे शादी करने का प्रस्ताव रखा, लेकिन युवती ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। शोहदा युवती को रिश्तेदारों को कॉल कर उससे बात करने का भी दबाव बनाने लगा। इसके बाद आरोपी ने युवती व उसके रिश्तेदारों के मोबाइल नंबर पर आपत्तिजनक मैसेज भी किए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते मो. अकील खान, साथ में अन्य।

### सपा सरकार में सड़कें थीं, अब सड़कों में गड्ढे : शकील नदवी

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : सपा के अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने नगर पंचायत महोना में सैय्यद रशीद मियां की दरगाह से शुक्रवार को पीडीए जन पंचायत पखवाड़े का शुभारंभ किया। उन्होंने जन पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में महोना में बहुत विकास हुआ। गांव में सौर ऊर्जा का प्लांट लगाकर सोलर विलेज विकसित किया। जिसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था। भाजपा सरकार में सपा कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को रोक दिया गया। समाजवादी सरकार में अच्छी सड़कें थी लेकिन आज सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं। वही पीडीए पंचायत पखवाड़ा का संचालन कर रहे सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मो. अकील खान ने कहा कि पीडीए जन पंचायत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी ने कहा कि किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है नौजवान नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

### बड़े बाबा मंदिर पर हवन-पूजन के साथ भंडारे का आयोजन

अमृत विचार, निगोहां : क्षेत्र के सैदापुर ग्राम में स्थित बड़े बाबा मंदिर पर शनिवार को सुंदरकांड पाठ व हवन-पूजन के बाद कन्याओं को भोजन कराकर विशाल वार्षिक भंडारे में पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्रीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर बाबा के दरबार में मत्था टेकने के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया गया। इस मौके पर आयोजित भजन संध्या में गायक रिंकूं जायसवाल व ज्योति कमल ने सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### हमलावरों ने जिम में घुसकर युवक और ट्रेनर को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई थाना अंतर्गत जगतखेड़ा निवासी मनोज कुमार ने बताया उसका बेटा युवराज रायबरेली रोड स्थित एक जिम में व्यायाम करने जाता है। रोज की तरह ही वह 24 जनवरी को भी जिम पहुंचा था। जहां पर बाबू खेड़ा निवासी कुछ युवक पहुंचे और रॉड से बेटे पर हमला कर दिया। व्यायाम करा रहे ट्रेनर व अन्य लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया। इस पर हमलावरों ने जिम ट्रेनर को भी पीट दिया। भीड़ जुटने पर आरोपी भाग निकले। सिर पर चोट आने से युवराज गंभीर घायल हो गया। उसे आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया मामले में जीतू और सिद्धार्थ के खिलाफ मारपीट व धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवतियों से कार सवार युवकों ने की अभद्रता, मोबाइल तोड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर थाना अंतर्गत कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी राघवेन्द्र कुमार सिंह एलएलबी के छात्र हैं। उन्होंने बताया वह अपनी बहन और उसकी सहेलियों को कार से लुलु मॉल लेकर जा रहे थे। रास्ते में समता मूलक चौराहा के समीप सामने से आयी दूसरी कार ने टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी कार सवार गाली गलौज करते हुये उसे खींचकर पीटने लगा। उसकी बहन व सहेलियां घटना का वीडियो बनाने लगीं। तो आरोपी ने बहन का मोबाइल छीन उससे व सहेलियों से अभद्रता की। भीड़ एकत्रित होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कार नंबर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती को अश्लील मैसेज भेजे, विरोध पर दुष्कर्म की दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित युवती ने बताया कि सौरभ नामक युवक उसे कई वर्ष से परेशान कर रहा है। अक्सर वह उसका पीछा कर रास्ते में रोक कर अभद्रता करता था। किसी तरह उसका मोबाइल नंबर भी हासिल कर लिया और अश्लील मैसेज भेज रहा था। बदनामी के डर से उसने परिजन को कुछ नहीं बताया। आरोपी से पीछा छुड़ाने के लिये उसने विराट खंड का किराये पर लिया कमरा छोड़ दूसरी जगह शिफ्ट हो गयी। लेकिन आरोपी यहां भी पीछा कर रहा है। अब उसके नंबर पर अश्नील मैसेज भेज रहा है। नंबर ब्लॉक करने पर नये नंबर से काल कर घर में घुस कर दुष्कर्म की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दीपक पांडेय ने बताया मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### टोल कर्मियों को पीट कर कार सवार फरार

अमृत विचार, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों को कार सवारों ने पीट दिया। आरोपी बिना टोल टैक्स दिये जा रहे थे। विरोध करने पर आरोपी टोल के बूम तोड़ कर फरार हो गये। आजमगढ़ के तुलसीपुर निवासी पुनीत सिंह गोसाईंगंज इलाके में महुरा गांव स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर 18 गाड़ियों का काफिला लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रहा था।

# मुर्गी मंडी के समीप मलिन-बस्ती में लगी आग, 12 झोपड़ियां जलीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दमकल की छह गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

अमृत विचार : जानकीपुरम थानाक्षेत्र अन्तर्गत अटल चौक स्थित मुर्गी मंडी के समीप मलिन-बस्ती में शनिवार तड़के आग लग गई। इस हादसे में 12 झोपड़ियां जल गईं। दमकल की गाड़ियों ने घंटे भर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मुख्य शमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, कंट्रोल रूम पर अटल चौक स्थित मुर्गी मंडी के समीप मलिन-बस्ती में आग लगने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही बीकेटी फायर स्टेशन से दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। एफएसओ बीकेटी ने बताया कि फैलती आग पर काबू पाने के लिए बीकेटी से तीन फायर टैंकर, चौक और इंदिरानगर फायर स्टेशन से एक-एक फायर टैंकर घटनास्थल पर पहुंचे। इस हादसे में 12 झोपड़ियां और चार वाहन भी जलकर नष्ट हो गए। प्रथम दृष्टया सामने आया कि बस्ती में जगह-जगह कबाड़ के ढेर की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। एफएसओ बीकेटी ने बताया कि स्थानीय पुलिस की मदद से लोगों को बस्ती से बाहर निकाला गया।

### ई रिक्शा पलटने से मासूम की दबकर मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : पहिया नाली में धंसने से पलटे ई-रिक्शा के नीचे दब कर घायल मासूम की ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गयी। बच्चा घर के सामने खड़े ई-रिक्शा के अंदर खेल रहा था। इसी दौरान घटना हो गयी। चीख सुनकर परिजन ने उसे ट्रॉमा में भर्ती कराया था। बंथरा के तेरवा गांव निवासी मजदूर मनोज का बेटा गगन (4) बुधवार देर शाम बच्चों के संग घर के बाहर खड़े ई - रिक्शा के अंदर खेल रहा था। इसी बीच पहिया नाली में धंसने से ई- रिक्शा अचानक पलट गया। गगन ई - रिक्शा के नीचे दब गया। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों ने रिक्शा के नीचे दबे गगन को निकाल कर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही मां गीता बेहोश हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# डॉक्टर के घर से 8.5 लाख की चोरी

संवाददाता, सरोजनीनगर

- सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के शमा विहार कॉलोनी में हुई वारदात

अमृत विचार : सरोजनीनगर इलाके में रहने वाले डॉक्टर दंपति के ताला बंद घर से चोरों ने नगदी और गहने समेत करीब 8.5 लाख पार कर दिये। क्लीनिक से घर लौटने पर कमरे व अलमारी के लॉक टूटे मिलने पर घटना की जानकारी हुयी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

मूलतः इलाहाबाद निवासी डॉ. मो. अरशद तीन वर्षों से सरोजनीनगर के शमा विहार कॉलोनी में हाजी चौराहे के पास दो मंजिला मकान में पत्नी डॉ. मारिया के संग रहते हैं। दंपति अवध विहार कॉलोनी में हेल्थ केयर मैटरनिटी क्लीनिक चलाते हैं। डॉक्टर ने बताया शुक्रवार शाम 7:15 बजे पत्नी के साथ क्लीनिक पर थे। रात करीब पौने 10 बजे घर लौटे तो मेन गेट का बंद ताला नहीं खुला। ताले में किसी ने फेवीक्विक भर दिया। कुंडा तोड़ अंदर पहुंचे तो देखा कि 7 लाख के गहने और डेढ़ लाख नगदी गायब थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर फॉरेंसिक से साक्ष्य एकत्रित कराये। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की पहचान के लिये आसपास के घरों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। उधर, पुरानी चुंगी स्थित गुरुनानी फॉर्म निवासी अजीत बहादुर सिंह ने बताया गुरुवार रात 8:15 बजे फार्म हाउस के गेट से उनकी बुलेट चोरी हो गयी। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### चोरों ने दो स्थानों से पार किया सामान

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के त्रिमूर्ति नगर तिराहा निवासी आशीष जोशी मंगलवार रात घर में ताला बंद कर बाहर गए थे। इसी बीच चोरों ने ताला तोड़ चेन, दो अंगूठी और घरेलू सामान चुरा लिया। घर लौटने पर उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, लखनऊ एयरपोर्ट के निर्माणाधीन टर्मिनल- 3 में लगी एनसीसी लिमिटेड कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर (यांत्रिकी विभाग) शंभू नाथ मिश्रा ने थाने में 400 एमटी क्रेन में लगे 35 लाख के रिमोट केबल और हॉस पाइप काट कर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## वीडियो वायरल — सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने 15 पर दर्ज की रिपोर्ट

# खुद के साथ दूसरों की भी जान जोखिम में डाल रहे स्टंटबाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एएसपी के बेटे की स्टंटबाजी में गई थी जान, फिर भी लोग नहीं ले रहे सबक

अमृत विचार: महज कुछ दिन पहले ही स्टंटबाजी के चक्कर में कार सवारों ने एएसपी श्वेता श्रीवास्तव के बेटे की जान ले ली थी। इसके बाद भी चालक स्टंटबाजी कर अपने संग दूसरों की जान जोखिम में डालने पर अमादा हैं। शुक्रवार को गोमतीनगर इलाके में दिनभर जगह-जगह बाइक सवार स्टंट करते नजर आये। मामले में पुलिस ने 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को बाइक सवार युवकों के स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जो गोमती नगर थाना क्षेत्र के आंबेडकर पार्क का बताया जा रहा है।

दस सेकेंड के वीडियो में सड़क किनारे भीड़ दिख रही है और दो युवक खतरनाक ढंग से बाइक के आगे का पहिया उठाकर स्टंट करते दिख रहे हैं। यहीं पर कई और स्पोर्ट्स बाइक सवार खड़े हैं। जबकि पूर्व में स्टंटबाजी में कई हादसे हो चुके हैं। जबकि एडिशनल एसपी श्वेता श्रीवास्तव के बेटे की मौत के बाद पुलिस ने प्रमुख मार्गों पर स्टंटबाजी को रोकने के लिए बैरिकेडिंग तक लगा रखी है। फिलहाल गोमतीनगर थाने में 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। इंस्पेक्टर दीपक पांडेय ने बताया आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान कर जल्द आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### खुलेआम भरते रहे फर्राटा, फिर भी अज्ञात पर रिपोर्ट

गणतंत्र दिवस पर पुलिस शहर में विभिन्न जगहों पर तैनात रही। इसके बावजूद आरोपी गोमतीनगर इलाके समेत कई सड़कों पर लोगों की जान को खतरे में डालते कर स्टंट करते दिखे। लेकिन कहीं पर भी इन स्टंटबाजों पर कार्रवाई नहीं करते दिखे। सीसीटीवी फुटेज लगे होने के बाद भी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।



# चकमार्ग पर कब्जा, एफआईआर दर्ज

संवाददाता, मोहनलालगंज

अमृत विचार : रायभान खेडा में राजस्व टीम ने सरकारी भूमि व चकमार्ग को कब्जे से मुक्त कराया था लेकिन गणतंत्र दिवस की छुट्टी का फायदा उठाकर फिर से कब्जा कर लिया गया। ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

मोहनलालगंज के धरमावत खेड़ा में चकमार्ग समेत अन्य सरकारी जमीनों पर प्लाटिंग कम्पनियों ने कब्जा कर रखा था। ग्रामीणों की शिकायत के बाद राजस्व टीम तीन बार नाप कर कब्जे वाली जमीन खाली करा चुकी है। फिर भी मनबढ़ प्लाटिंग कम्पनियों ने शुक्रवार को छुट्टी का फायदा उठाकर फिर से अतिक्रमण शुरू कर दिया। शनिवार को ग्राम प्रधान सुमन रावत ने थाना समाधान दिवस में पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया सरकारी भूमि पर दोबारा कब्जे की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### एसडीएम की फटकार के बाद पहुंचे राजस्व कर्मी

थाना समाधान दिवस में शनिवार सुबह 11 बजे पहुंचे एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य को सारी कुर्सियां खाली मिलीं। तहसील से सटी कोतवाली में भी राजस्व कर्मी शिकायतें सुनने के लिए नहीं पहुंचे थे। जबकि थाने के भी दो उपनिरीक्षक ही समाधान दिवस में मौजूद थे। एसडीएम के नाराजगी जताने के बाद नायब तहसीलदार और कुछ राजस्व कर्मी 11 बजे के बाद समाधान में उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे।

## एक नजर

### अमित के खेल से जीता नार्थ ईस्टर्न रेलवे

लखनऊ : मैन ऑफ द मैच अमित सिंह की सटीक गेंदबाजी की बदौलत नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में आर्यावृत क्रिकेट अकादमी को 8 रनों से हरा दिया। एनडीबीजी मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यावृत अकादमी ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 90 रन बनाए। कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक सका। जवाब में नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने 10.3 ओवर में दो विकेट खोकर 91 रन बनाए। अवनीश कुमार सिंह ने नाबाद 28 और प्रशांत अवस्थी ने नाबाद 23 रन बनाए।

### जेएनएमपीजी और क्रिश्चियन कॉलेज सेमीफाइनल में

लखनऊ : मेजबान जेएनएमपीजी कॉलेज और क्रिश्चियन कॉलेज ने 51वीं श्रीमती सुंदरी देवी अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मैचों में जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। जेएनएमपीजी कॉलेज ग्राउंड पर जेएनएमपीजी कॉलेज ए ने विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज को एकतरफा 10 विकेट से रौंदा। विद्यांत कॉलेज पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 55 रन पर आल आउट हो गया। जवाब में जेएनएमपीजी कॉलेज ए ने 6.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के नमन तिवारी (17) व यजत सिंह (32) की पारियों से जीत के लिए आवश्यक रनों का लक्ष्य पा लिया। दूसरे मैच में लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज ने संकेत कुमार (87) के अर्धशतक से बीएसएनवी पीजी कॉलेज को 139 रन से मात दी। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व रणजी क्रिकेटर अंशुल कपूर व विशिष्ट अतिथि बीसीसीआई अंपायर एपी सिंह ने किया।

# अब दंगल से पहचाना जाता है प्रदेश : अनुराग ठाकुर

## एशियन और पैराएशियन गेम्स 2022 और 37वें नेशनल गेम्स 2023 में पदक हासिल करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश का नाम दंगों के लिए आता था, अब यहां दंगल होते हैं। पहले सड़कों पर गोलियां चलती थीं, लेकिन अब हमारे शूटर ओलंपिक में पदक पर निशाना साधते हैं।

ये बाते उन्होंने शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। ठाकुर ने खिलाड़ियों से कहा कि आपकी उड़ान से देश का मान सम्मान बढ़ा है। वह दिन दूर नहीं जब खेलों में भी उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश के अखबारों में अगर हेडलाइन बनती थी तो घोटालों की, अब कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा नहीं होती, मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का नाम छपता है।

उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि लगभग एक दशक में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। प्रधानमंत्री ने जहां खेलों का बजट तीन गुना बढ़ाया है तो वहीं उप्र में भी खेलों को प्रोत्साहन मिला है। आज खिलाड़ियों को इतनी सुविधाएं मिल रही हैं कि उन्हें अपने खर्चे पर नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस पर ध्यान देना होता है। यही वजह है कि एशियन गेम्स में खिलाड़ियों ने 107 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। पैराएशियन खिलाड़ियों ने इस आंकड़े को भी पार कर लिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, खेल युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की। इसके साथ ही 7 पदक विजेता खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक विजेता पारूल चौधरी को प्रतीकात्मक चेक देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री ने 62 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की**

### पैराएशियन गेम्स

**स्वर्ण पदक : 3 करोड़**
सुहास एलवाई
प्रवीण कुमार

**रजत पदक : 1.5 करोड़**
प्रदीप कुमार, जैनब खातून
सिमरन, सूरज सिंह

**कांस्य पदक : 75 लाख**
पुष्पेंद्र सिंह
श्रेयांस त्रिवेदी

**इन्हें मिला नियुक्ति पत्र**
- दीप्ति शर्मा, क्रिकेट, डिप्टी एसपी
- पारुल चौधरी, एथलेटिक्स, डिप्टी एसपी
- अखिल श्योराण, शूटिंग, डिप्टी एसपी
- अर्जुन देशवाल, डिप्टी एसपी
- पुनीत कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी
- प्राची, जिला युवा कल्याण अधिकारी
- अर्जुन सिंह, यात्री, माल कर अधिकारी

### स्वर्ण पदक विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 3 करोड़

1. पारुल चौधरी
2. दीप्ति शर्मा
3. ललित कुमार उपाध्याय
4. अखिल श्योराण
5. अर्जुन देशवाल

### रजत पदक विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 1.5 करोड़

1. अजय कुमार
2. सरोज
3. कार्तिक कुमार
4. पुनीत कुमार
5. नीरज
6. नीतीश कुमार
7. अरविंद सिंह
8. प्राची
9. वंतिका अग्रवाल

### कांस्य पदक विजेता प्रत्येक खिलाड़ी को मिला 75 लाख

1. किरन बालियान
2. सीमा पूनिया
3. गुलवीर सिंह
4. अर्जुन सिंह
5. अहबाद अली
6. खुशबू

# गांव की पगडंडी से निकल कर तय किया सुनहरा सफर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जहां चाह होती है, वहां राह होती है। इस बात को सच कर दिखाया मेरठ की एथलीट पारुल चौधरी ने। गांव की पगडंडियों से होते हुए इस एथलीट ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत कर सुनहरा सफर तय किया। जागती आंखों से एसपी बनने का ख्वाब देख उसे पूरा करने वाली पारुल चौधरी के दिल में अभी भी कसक बाकी है। वह भारत के लिए ओलंपिक में पदक जीत कर लाना चाहती है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इनामी राशि और नियुक्ति पत्र हासिल करने वाली पारुल चौधरी ने कहा कि अभी मेरा फोकस सिर्फ खेल पर है। ओलंपिक में पदक लाने के बाद खेल के इतर कुछ सोच सकती हूं। वर्कआउट पर ही फोकस करना हे।

**पारुल ने जागती आंखों से देखा था एसपी बनने का ख्वाब, हुआ पूरा**

डिप्टी एसपी का पद पाने वाली एथलीट पारुल ने कहा कि यूपी सरकार की ओर से लगातार खिलाड़ियों को प्रमोट किया जा रहा है। प्रोत्साहन राशि और नौकरी, खिलाड़ियों को मिल रही है। मैं सरकार से मिले सम्मान का आभार जताती हूं। अभी तक मुंबई में वेस्टर्न रेलवे में कार्यरत थी, लेकिन अब जॉब मिलने के बाद अपने प्रदेश में वापस लौटने की योजना है।

पारुल ने बताया कि अपने पिता कृष्णपाल सिंह के कहने पर जब एथलेटिक्स में कदम रखा था, तब यह नहीं जानती थी कि कामयाबी का यह सफर तय कर सकूंगी। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिजनों के साथ ही प्रशिक्षकों को दिया।

### मामा को खेलते देख मिली प्रेरणा : अर्जुन सिंह

अजुर्न सिंह ने बताया कि 16 साल की उम्र में क्याकिंग कनोइंग में एशियाई गेम्स में कांस्य पदक जीतना आसान नहीं था। यह मेरे लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के हाथों मिला सम्मान मेरे जीवन के अनमोल लम्हों में शामिल है। मुझे यात्रा कर माल कर अधिकारी पद का नियुक्ति पत्र भी मिला है। बताया कि तकरीबन 10 वर्ष पूर्व मामा अजीत सिंह को देखकर क्याकिंग कनोइंग को सीखने का मन बनाया। आज उन्हीं के नक्शेकदम पर चलने का प्रयास कर रहा हूं। अप्रैल माह में जापान में होने वाले ओलंपिक क्वालिफाइंग राउंड में भाग लेने की तैयारी कर रहा हूं। अगर पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलता है तो वहां पदक जीतने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।

### प्रदेश में रोइंग का स्तर बढ़ाना मेरा लक्ष्य : पुनीत

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी का नियुक्त पत्र पाने वाले रोइंग खिलाड़ी पुनीत ने कहा कि यह विडंबना है कि प्रदेश में रोइंग के खिलाड़ी तो तमाम है, लेकिन जॉब न होने के कारण उन्हें आर्मी में जाना पड़ता है। इस फेहरिस्त में मेरा भी नाम था, लेकिन अब यहां जॉब मिलने के बाद मैं अपने प्रदेश के लिए कुछ करना चाहता हूं। गोरखपुर में रोइंग की शानदार सुविधाएं है। बस उन्हें आगे बढ़ाना है। मेरा लक्ष्य प्रदेश में रोइंग के खिलाड़ियों को तैयार करने के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना है।

### ओलंपिक में पदक जीतने का है ख्वाब : अखिल

ओलंपिक प्रतिभाग कर लौटने के बजाय देश और प्रदेश के लिए पदक जीतना चाहता हूं। पुलिस उपाधीक्षक बने निशानेबाज अखिल ने बताया कि समारोह के बाद मुझे इजिप्ट में वर्ल्ड कप में भाग लेना है। 50 मीटर राइफल में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के बाद इस समय मेरी वर्ल्ड रैंकिंग एक हो गई है। उत्तर प्रदेश में शूटिंग की सुविधाएं बढ़ रही हैं।

### प्रदेश में तैयार करूंगा कबड्डी के खिलाड़ी : अर्जुन देशवाल

पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र पाने वाले अर्जुन देशवाल ने कहा कि तीन करोड़ की धनराशि के साथ प्रदेश में जॉब मिल गई। अब कहीं बाहर नौकरी नहीं करूंगा। प्रदेश में रहकर कबड्डी के लिए काम करूंगा। यहां पर बेहतरीन कबड्डी खिलाड़ी तैयार करूंगा। लंबे समय के बाद मौका मिला है प्रदेश की कबड्डी टीम से ताल ठोंकने का। जल्द ही प्रदेश की टीम से खेलूंगा।

### जादुई करिश्मे से कम नहीं रहा प्रदर्शन : श्रेयांश त्रिवेदी

पैरा एशियाई खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीतना मेरे लिए किसी जादुई करिश्मे से कम नहीं था। श्रेयांश ने बताया कि मेरी मेहनत, परिजनों और कोच के आशीर्वाद से यह कामयाबी हासिल कर सका। पेरिस ओलंपिक के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। सामान्य की तरह पैरा खिलाड़ियों के प्रदर्शन के महत्व को सरकार ने समझा है। आगे भी इसी मेहनत के साथ खेलना जारी रखूंगा।

## सार-संक्षेप


चिरैयाबाग सेक्टर– 7 वृंदावन में चौपाल के दौरान समाचार पत्र वितरक।

### समाचार पत्र वितरकों को बांटे गए कंबल

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिरैयाबाग सेक्टर– 7 वृंदावन में शनिवार को समाचार पत्र वितरक कार्यालय में वृंदावन, एल्डिको, अवध बिहार, अंसल गोल्फ सिटी, गोपाल खेड़ा, मोहनलालगंज, सिसेंडी सहित कई क्षेत्रों के वितरक चौपाल में शामिल हुए। सभी प्रेस संस्थान के कार्यकारी अधिकारी समेत वृंदावन सोसायटी के अध्यक्ष अवास पाठक ने अपने विचार रखे। इस दौरान राजकीय औषधालय के चिकित्सकों ने कहा कि इस दौर में समाचार पत्र वितरकों का पलायन न हो, इसके लिए वृंदावन के पाठकों ने वितरक पलायन को रोकने के लिए रोड होम डिलीवरी व्यवस्था लागू की है। खरीका वार्ड द्वितीय के पार्षद संजीव अवस्थी ने कहा कि मार्च –अप्रैल से टीन शेड निर्माण कराने के साथ ही उसके आसपास के रोड का भी निर्माण किया जाएगा। सभी प्रेस संस्थानों से आए अधिकारियों ने वितरक कल्याण राहत आपदा कोष बनाया है। जो कठिन समय में वितरक के काम आ सकेगा। वितरक चौपाल में वितरकों को कंबल, जैकेट, शाल बांटा गया। तहरी भोज के साथ चौपाल का समापन हुआ। लायन्स क्लब की ओर से सभी वितरकों को कंबल दिए गए।


मंगल कलश यात्रा के दौरान झुंझनू वाली दादी मित्र मंडल के पदाधिकारी व अन्य।

### हर्षोल्लास से मना झुंझनू वाली दादी का डोली उत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** झुंझनू वाली दादी मित्र मण्डल की ओर से डोली उत्सव की शुरुआत भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा महानगर स्थित हनुमान मन्दिर से 251 सौभाग्यशाली महिलाएं हाथों में मेंहदी सजाये, सिर पर दादी नाम का कलश धारण किये जब निकली तो हर कोई देखते ही रह गया। जिधर कलश यात्रा निकली उधर दादी की जय जयकार हुई। कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा, बिन्दु बोरा, वात्सल्य, शैलेंद्र आदि उपस्थित रहे। राजस्थानी लिबास पहने हजारों भक्त झुंझुनू वाली दादी की जय के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। यात्रा में सबसे आगे रथ पर सवार शंकर परिवार, हनुमान तथा कृष्ण थे तो पालकी में राधा रानी चल रही थीं। इसी बीच नारायणी चरित्र मानस पाठ के अध्याय चतुर्थ में दादी के विवाह का वर्णन के समय कमेटी ने दो असहाय वर वधु को पवित्र परिणय सूत्र में पिरोया।

### लेसा ट्रांस गोमती ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सहारा स्टेट ग्राउंड जानकीपुरम में विद्युत अभियंता संघ की ओर से लेसा सिस गोमती और लेसा ट्रांस गोमती के बीच मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में लेसा ट्रांस गोमती ने 1 रन से जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ की ओर से आयोजित मैच लेसा ट्रांस गोमती और लेसा सिस गोमती के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लेसा ट्रांस गोमती ने 16 ओवरों में 147 रन बनाए। जिसका पीछा करते हुए लेसा सिस गोमती की टीम 16 ओवर में 146 रन ही बना पाई। लेसा ट्रांस गोमती ने इस कड़े रोमांचक मैच को 1 रन से जीत लिया। मुख्य अतिथि लेसा क्षेत्र के चारों मुख्य अभियंता इं.सुनील कपूर, इं.आशीष अस्थाना इं.रजत जुनेजा और इं. रवि अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। मैच का आयोजन महासचिव विद्युत अभियंता संघ इं. जितेन्द्र सिंह गुर्जर की देखरेख में संपन्न हुआ।

### क्रिकेट मैच में एलएन मिश्रा टीम बनी चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक स्टेडियम में खेले गए 20वें स्व. राम नाथ कपूर मैत्री क्रिकेट मैच में एलएल मिश्रा टीम ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को हरा कर डॉ. कन्हैयाल लाल महेंद्रु कप पर कब्जा किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 103 रन बनाए। जवाब में एलएल मिश्रा टीम ने 12 ओवर में 104 रन बना कर जीत दर्ज की। 32 रन और 3 विकेट लेने वाले अनुराग मिश्रा मैन ऑफ द मैच बने। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉ. जेके बंसल को बेस्ट बॉलर और डॉ.विश्वजीत बेस्ट बैट्समैन बने।

# यूपी करम एकादश की लगातार दूसरी जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पहले दिन खेल में मणिपुर को हराने के बाद मेजबान उत्तर प्रदेश करम की टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी शानदार रहा।

शनिवार को कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यानचंद स्टेडियम में उत्तर प्रदेश करम ने रोमांचक मुकाबले में रितु रानी हॉकी अकादमी पंजाब को 2-0 से मात दी। आज मैच शुरू होने से पूर्व ओलंपियन सुखवीर सिंह गिल के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर शोक व्यक्त किया गया। लीग राउंड में आज पांच मैच खेले गए।

मेजबान उत्तर प्रदेश करम और रितु रानी हॉकी अकादमी पंजाब के बीच शुरुआत में जोरदार मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले किए लेकिन पहला क्वार्टर बिना गोल के ही खत्म हो गया। दूसरे क्वार्टर में रणनीति बदल कर उतरी उत्तर प्रदेश करम की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया। छोटे-छोटे पास के दम पर खेल रही उत्तर प्रदेश करम टीम को 27वें मिनट में पहली सफलता मिली। जानसन ने विरोधी टीम के रक्षा पंक्ति को भेद कर शानदार मैदानी गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में एक बार फिर जानसन ने बेहरीन हॉकी खेली और 32वें मिनट में मैदानी गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमें एक दूसरे पर कोई गोल नहीं दाग सकी।

बताते चले कि मेजबान उत्तर प्रदेश की दो टीमें मुकाबले में खेल रही हैं। बीते 26 जनवरी को हुए मुकाबले में उत्तर प्रदेश ग्रेस और उत्तर प्रदेश करम दोनों ने जीत के साथ अभियान शुरू किया। उत्तर प्रदेश करम ने मणिपुर को 2-1 से हराया था। उत्तर प्रदेश ग्रेस ने दिल्ली को 5-0 से शिकस्त दी थी। उत्तर प्रदेश ग्रेस का अगला मुकाबला रविवार को राजस्थान से होगा। बीते शुक्रवार को खेले गए अन्य मुकाबलों में नवल टाटा ओडिशा ने रितु रानी हॉकी अकादमी पंजाब को 7-0 से ओर नीलगिरि तमिलनाडु ने एचएफबी सोनीपत हरियाणा को 5-1 से शिकस्त दी थी। मुख्य अतिथि ओलंपिक वर्ण पदक विजेता, अर्जुन और द्रोणाचार्य एवार्डी राजिन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत की।



हॉकी प्रतियोगिता में मैच के दौरान बॉल पर कब्जे के प्रयास में संघर्ष करते खिलाड़ी।

**ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में खेले गए पांच मुकाबले**

### यूपी दृष्टि बाधित टीम महाराष्ट्र के लिए रवाना

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश दृष्टिबाधित टीम ने नागेश ट्रॉफी नेशनल टूर्नामेंट क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले 29 जनवरी से 2 फरवरी तक महाराष्ट्र के नागपुर में खेले जाएंगे। इकसे लिए उत्तर प्रदेश की टीम शनिवार को ऐशबाग रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के अध्यक्ष शौकत अली, नेब लखनऊ की वाइस प्रेसिडेंट अमिता दुबे, कोषाध्यक्ष अनुराग मिश्रा और सुमन यादव रवानगी के अवसर पर ऐशबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे और खिलाड़ियों को खाने पीने का सामान के साथ ही जीत की शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेश का पहला मैच 29 जनवरी को कर्नाटक से, 30 जनवरी को गुजरात से और 31 जनवरी को राजस्थान से होगा। इसमें उत्तर प्रदेश की टीम यदि दो मुकाबले जीत लेगी तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। 2 फरवरी को फाइनल होगा।

### गणतंत्र दिवस पर कलाम लैब्स ने 1,18,000 मीटर की ऊंचाई पर फहराया तिरंगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश के 75वें गणतंत्र दिवस पर कलाम लैब्स के बच्चों ने कमाल कर दिया। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस पिलानी के ग्रेजुएट अहमद फराज, साक्षत त्रिपाठी और हर्षित अवस्थी ने आठ से 13 साल के 20 बच्चों को प्रशिक्षित कर उनसे जमीन से एक लाख 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर स्पेस में भारतीय तिरंगा फहरा दिया। इस अभियान में इसरो और आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों का भी सहयोग लिया गया और ऐसे अविस्मरणीय पल तैयार किए गए जिसमें स्पेस में भारत का राष्ट्रगान गूंजा। हर्षित अवस्थी ने शनिवार को सप्रू मार्ग स्थित एक होटल में पत्रकारों को बताया कि बच्चों में स्पेस को लेकर काफी कौतूहल होता है। इसे देखते हुए आठ से 13 साल के 20 बच्चों को चुना गया और उन्हें स्पेस की ट्रेनिंग दी गई। इन बच्चों की मौजूदगी में 26 जनवरी को सुबह 5.30 बजे हैदराबाद में एयर बैलून के जरिए तिरंगे को स्पेस में भेजा गया। एयर बैलून तिरंगा लेकर जमीन से 1,18,000 मीटर की ऊंचाई तक गया। उन्होंने बताया कि जिस जगह तक तिरंगा गया वहां का तापमान माइनस 80 डिग्री सेंटीग्रेट था। स्पेस से तिरंगे को वापस पैराशूट के जरिए वापस लाया गया। जो हैदराबाद से 100 किलोमीटर दूर सुबह 9 बजे उतरा। अहमद फराज ने बताया उनका अगला मिशन चार फरवरी को आईआईटी कानपुर में होगा। इसमें चार से आठ साल की उम्र के तीन बच्चे मानव विहीन ड्रोन उड़ाएंगे। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि इस मायने में भी बहुत बड़ी है क्योंकि इस ऊंचाई तक फाइटर प्लेन भी नहीं जा पाता।


क्रिकेट टीम के साथ लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी। अमृत विचार

### जजेज इलेवन ने अवध बार को हराया

**लखनऊ :** शनिवार को अलीगंज स्थित एलडीए स्टेडियम में अवध बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित 20- 20 क्रिकेट मैच में जजेज/स्टाफ हाईकोर्ट इलेवन ने अवध बार की टीम को पांच विकेटों से पराजित कर दिया। जजेज इलेवन की ओर से वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी ने 30 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच भी घोषित किया गया। वहीं न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने तीन विकेट लिए।

### केंद्रीय मंत्री से मिले कलारीपयट्टू के खिलाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शनिवार को कलारीपयट्टू खेल के खिलाड़ियों से मिले। 37वें राष्ट्रीय खेलों में पहली बार शामिल किए गए स्वदेशी मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू खेल के पदक विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भी केंद्रीय मंत्री को धन्यवाद भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वदेशी हमारी सरकार की प्राथमिकता है और स्वदेशी खेलों को देश में बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में अन्य खेलों के साथ राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता स्वदेशी कलारीपयट्टू खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जा रहा है, यह जानकर उन्होंने खुशी जताई। राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के लिए 2 कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ी समीक्षा सिंह को ढाई लाख (एकल कांस्य पदक पर 2 लाख और टीम युगल में 50,000) और बुशरा परवीन को 50,000 बधाई दी। खिलाड़ियों से भेंट के दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव और कलारीपयट्टू प्रदेश संगठन सीईओ प्रवीण गर्ग और गोवा राष्ट्रीय खेलों में लखनऊ के खिलाड़ी साहिल वर्मा, आशीष सिंह, सुशील कुमार, जय श्री यादव, नितेश यादव, निधि यादव सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे। सीईओ प्रवीण गर्ग ने संगठन पदाधिकारीयों के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का लखनऊ आगमन पर पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इस मौके पर संगठन कार्यकारी सचिव सौम्य अग्रवाल ने कलारी खेल के संस्थापक कहे जाने वाले भगवान श्री परशुराम का चित्र अनुराग ठाकुर को भेंट किया।

**सूचना**


सूचित हो कि मेरे हाई स्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम रोहित कुमार दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रोहित शर्मा दर्ज है। मेरा वास्तविक व सही नाम रोहित शर्मा है। **रोहित शर्मा पुत्र श्री राम सुमिरन, निवासी 2/504 सेक्टर एफ जानकीपुरम, लखनऊ उ.प्र.–226021**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं, **ममता देवी पत्नी जेसी705349एन रैंक सुबेदार / एसकेटी–सुनील कुमार वर्तमान निवासी 592जी /114, मोहारीबाग, खरिका, तेलीबाग, लखनऊ, पिन–226025,** उत्तर प्रदेश, सूचित करती हूं कि मैंने अपना नाम ममता देवी से बदलकर ममता शर्मा कर लिया है। चूँकि अब मुझे सभी अभिलेखों और सभी प्रयोजनों में मेरे नये नाम ममता शर्मा से जाना और पहचाना जाये।

**कार्यालयः–अधिशासी अभियन्ता जोन–3**
जलकल विभाग, नगर निगम,सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ

पत्रांक: 2217/EE–3/जीएल– 7/23–24 दिनांक: 27.01. 2024

**अल्प कालीन निविदा–सूचना**

एतदद्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन–3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक–पृथक निविदाएं दिनांक 02/02/24 अपरान्ह 3.00 बजे तक आयोजित किया जाता है जो उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 02/02/24 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके प्राप्त की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है बिना धरोहर राशि की निविदा स्वीकार नहीं होगी। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्त तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती है–

| क्र0 सं0 | कार्य | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of 1.5 HP submersibpe pump in front of H.No. 478/88 Daulat Khan's House, Mohalla Ghabghali Malin Basti, Kadam Rasool Ward, | RS.200/- | Rs. 3300/- | 5 days |
| 2 | जानकीपुरम् विस्तार के अन्तर्गत 13 स्थानों पर सीवर मेनहोल मरम्मत, फिक्सिंग एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | RS.100/- | Rs. 1800/- | 5 days |
| 3 | त्रिवेणी नगर तथा फैज्जुल्लागंज द्वितीय वार्ड में 4 स्थानों पर समरसेबिल पम्पों की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | RS.100/- | Rs. 2000/- | 5 days |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–3**
जलकल विभाग नगर निगम

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल (प्रथम) केस्को,
96/10, बिजलीघर, परेड, कानपुर–208001

ई–निविदा सूचना : अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित ई–निविदा पृथक–पृथक दो भागों में प्रतिष्ठित व अनुभवी निविदादाताओं से विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–प्रथम, बिजलीघर केस्को के अन्तर्गत निम्नवत् कार्य व विवरण के अनुसार ई–निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं। **क्र0सं0– 1, ई0 निविदा संख्या–** 42/ईयूडीसी–प्रथम/2023–24, **कार्य का विवरण–** नगरीय विद्युत वितरण मण्डल –प्रथम के अन्तर्गत फूलबाग खण्ड के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत नोडल ऑफीसर कानपुर स्मार्ट सिटी लि0, द्वारा श्री आर0के0 पाल, परिसर सं0 16/04 नगर निगम नियर हास्टल, कानपुर को 48 कि0वा0 का विद्युत संयोजन एकल बिन्दु प्रणाली के अन्तर्गत निर्गत करने के कार्य हेतु। , **निविदा प्रपत्र मूल्य–** रू0 1180/– जी0एस0टी0 अतिरिक्त, **धरोहर धनराशि–** रू0 2100/–, **खुलने की तिथि–** 05.02.2024, ई–निविदा प्रपत्र पूर्ण कर निविदादाताओं द्वारा वेबसाइट पर निविदा की खुलने की निर्धारित तिथि को अपरान्ह 13:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है एवं ई–निविदा का प्रथम भाग उसी दिन 15:00 बजे वेबसाईट पर सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। ई–निविदा मूल्य की धनराशि का भुगतान एवं प्रथम भाग में धरोहर धनराशि का भुगतान आर0टी0 जी0एस0/एन0ई0 एफ0टी0डी0डी0/बैंकर्स चेक एवं बैंक गारण्टी के माध्यम से (खाता सं0 628805018266 आई0एफ0एस0सी0– **ICIC0006288**) में जमा किया जा सकता है। वेबसाइट पर निविदा प्रपत्रों के साथ यू0टी0आर0 स्कैन प्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं। निविदा प्रपत्र के प्रथम भाग मे निर्धारित पी0क्यू0 आर एवं तकनीकी अभिलेख होंगे तथा निविदा के द्वितीय भाग मे दरें एवम् व्यवसायिक शर्ते होगी, बिना धरोहर धनराशि के तथा सशर्त निविदायें खोली / स्वीकार नही की जायेंगी। **ई–निविदा में किसी प्रकार की शुद्धि एवं तिथि के विस्तारण की सूचना ई–टेन्डरिंग बेवसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी जिसकी सूचना प्रथक रूप से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।** तकनीकी एवं वित्तीय योग्यता पूरी न करने वाले निविदादाताओं की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। कार्य की मात्रा घट/ बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। **(रवि चन्द्र श्रीवास्तव) अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल –प्रथम, बिजलीघर, केस्को कानपुर। ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएँ'' पत्रांक: 362/ईयूडीसी–प्रथम/2024 दिनांक:– 27.01.2024**

## एक नजर

### 25 हजार के दो इनामी गोवंश तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने पिछले कई वर्षों से गोवंश की तस्करी में लिप्त 25-25 हजार के इनामी दो तस्करों को शनिवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आमिर व साजिद उर्फ मिट्ठू आजमगढ़ के निवासी हैं। एसटीएफ ने सूचना पर आमिर व साजिद उर्फ मिट्ठू को खोदवा नाला, हरपुर बुदहट पहुंचकर दबोच लिया। पूछताछ में दोनों बताया कि वे 2015 से गोवंश की तस्करी में लिप्त हैं।

### अमेरिकी कंपनी में निवेश के नाम पर 83 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर क्राइम थाने में सहारा सिटी निवासी राजीव श्रीवास्तव ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। बताया कि उनके पास कुछ दिन पूर्व व्हाट्सएप पर हैरी नामक युवक का मैसेज आया था। उन्हें ड्राई फ्रूट के कारोबार में निवेश का झांसा देकर 83 लाख रुपये ठग लिए।

# अयोध्या रूट पर ट्रेनें बहाल, बसें भी बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने ट्रेन और बस सेवाएं बहाल कर दी हैं। अयोध्या रेलखंड पर निरस्त की गईं ट्रेनों का संचालन 26 जनवरी से बहाल कर दिया गया। इनमें लखनऊ-अयोध्या पैसेंजर के अलावा लखनऊ-पाटलीपुत्र, ऐशबाग-गोरखपुर, गोमती नगर-छपरा कचेहरी के अलावा गोरखपुर-पनवेल और गोरखपुर-यशवंतपुर बाराबंकी, बादशाहनगर होकर आवागमन करेंगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग और अवध बस स्टेशन से अयोध्या जाने वाली बसों की संख्या बढ़ा दी गई है। लखनऊ से अयोध्या और बस्ती होकर गोरखपुर तक जाने वाली बसों की संख्या रोजाना 80 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है।

रेलवे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आस्था ट्रेन चलाएगा। ट्रेन नंबर 04012 नई दिल्ली अयोध्या कैंट वाया लखनऊ आस्था स्पेशल 29 से शुरू होगी। यह ट्रेन 29 के अलावा दो व छह फरवरी को भी चलाई जाएगी। नई दिल्ली से यह ट्रेन रात 11.55 बजे चलकर सुबह 10.05 बजे चारबाग और दोपहर 12.55 बजे अयोध्या पहुंचेगी। वापसी में अयोध्या कैंट से रात 9.50 बजे चलकर रात 12.50 बजे चारबाग और सुबह 10.45 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

### अयोध्या में एसबीआई चलाएगा मोबाइल एटीएम वैन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीते 22 जनवरी के बाद से अयोध्या में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे में वहां पर लोगों को सुविधा देने के लिए एसबीआई ने तैयारी की है। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ मंडल के शरद चांडक ने बताया कि एसबीआई अयोध्या जाने वाले सभी भक्तों का स्वागत करने के लिए तैयार है। एसबीआई ने एक मोबाइल एटीएम वैन अयोध्या में तैनात कर दिया है। यह वैन अयोध्या में कई स्थानों को कवर करेगी। इससे वहां मौजूद लोगों को धनराशि निकासी की सुविधा मिल सकेगी। बहुत जल्द ही मंदिर परिसर और अयोध्या हवाई अड्डे पर एटीएम स्थापित किया जाएगा। शरद चांडक ने कहा कि अयोध्या में हमारी पहले से छब्बीस शाखाएं हैं, फिर भी हम फरवरी तक अयोध्या में एक व्यक्तिगत बैंकिंग शाखा सहित दो और शाखाएं खोलने की योजना बना रहे हैं। हमने अयोध्या के निवासियों के लिए आसान और परेशानी मुक्त होम लोन प्रदान कराने के लिए मिनी आरएसीपीसी पहले ही खोल दिया है। इसके अलावा मंदिर परिसर के अंदर श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए राम जन्म भूमि तीर्थ को चार गोल्फ कार्ट प्रदान की है। स्वच्छ भारत मिशन के हिस्से के रूप में हम अयोध्या में दो अंडरपास एवं दो प्रमुख पार्क तुलसी उद्यान एवं कंपनी गार्डन, गुप्तार घाट जनता के लिए विकसित कर रहे हैं।

## आग लगने से फटा सिलेंडर, जनहानि नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर इलाके के गंगानगर निवासी विजय दीक्षित के आंगन में रखे सिलिंडर में शुक्रवार शाम आग लग गई। इससे सिलिंडर धमाके के साथ फट गया। विजय की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आधे घंटे में आग पर काबू पाया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने बताया बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी सिलिंडर पर गिरने से आग लग गई थी। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। उधर, गुडंबा इलाके के आलोक नगर निवासी शारदा देवी का पड़ोसी से विवाद चल रहा है। आरोप है कि पड़ोसियों ने गुरुवार देर रात अज्ञात साथियों संग देर रात उनकी गुमटी में पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। उनके बेटे धीरेंद्र प्रताप के विरोध करने पर आरोपियों ने पिटाई कर दी।


## कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद, रायबरेली

पत्रांक न0पं0नसी0/वि0प्र0/2023–24 दिनांक 23.01.2024

स्वच्छ रायबरेली स्वच्छ भारत सुंदर रायबरेली






**नगर पंचायत नसीराबाद 26 जनवरी "गणतंत्र दिवस" के पावन पर्व पर सम्मानित नगर निवासियों का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन करती है, तथा अपने प्रिय नगरवासियों से अपनी नगर पंचायत नसीराबाद को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने में समस्त नागरिकों से अपील की जाती है :**

1. नगर के विकास हेतु अपने बकाया करों का अतिशीघ्र भुगतान करें।
2. नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने हेतु कृपया अपने घरों का कूड़ा इधर–उधर न फेंकें, अपितु नियत स्थल पर रखे कूड़ेदान का प्रयोग करें।
3. मा0 न्यायालय के आदेशानुसार पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित है, कृपया पॉलीथीन का प्रयोग न करें और न ही नालियों में पॉलीथीन / कूड़ा आदि फेंके।
4. नगर को हरा–भरा रखने हेतु रिक्त स्थलों पर वृक्षरोपण कराएं।
5 सड़क पटरी, नाली पुलियों पर अतिक्रमण न करें इससे जहां आवागमन में व्यवधान होता है वही दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बढ़ जाती है।
6. पेयजल का अनावश्यक अपव्यय न करें नगर पंचायत की सम्पत्ति आपकी है अत: कृपया स्ट्रीट लाइट, नलों की टोटियों एवं हैण्डपम्पों को क्षति न होने दें।
7. सड़े–गले कटे फलों का सेवन न करें।
8. कृपया जन्म मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित अवधि में कराकर अनावश्यक परेशानियों से बचें।
9. अपने सुझाव एवं शिकायत में हमें अवश्य अवगत कराएं।
10. कोई भी समस्यों होने पर कार्यालय से सम्पर्क करें।

(समस्त सभासदगण)
साहीन बानों, आशा, रीता देवी, मंजू, एजाज अहमद, मो0 सुहैल, इस्लाम, मो0 गुफरान, तसलीम अहमद, जन्नत फिरदौस, शाहिद, नजमा बानों, इस्माइल, अरविन्द कुमार, कम्बर असकरी



**राकेश कुमार सरोज**
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नसीराबाद
जनपद–रायबरेली



**मो0 अली**
अध्यक्ष, नगर पंचायत नसीराबाद
जनपद–रायबरेली


## डीजे बजाने को लेकर आपस में भिड़े दो पक्ष

अमृत विचार मलिहाबाद

- मारपीट में एक दर्जन से ज्यादा घायल, तीन की हालत नाजुक
- गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात

**अमृत विचार :** माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत गोपरामऊ गांव में शनिवार शाम डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी–डंडे और ईंट–पत्थर चले। दोनों पक्षों की तरफ से कुल 13 लोग जख्मी हो गए। इसमें दो महिलाओं समेत तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल, दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर माल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोपरामऊ चौराहे पर स्थित आंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में रामू गौतम स्थानीय दुकानदारों के संग गणतंत्र दिवस का उत्सव मना रहा थे। कार्यक्रम के दौरान गंगाराम ने साथियों के साथ मिलकर बिजली बंद कर दी, जिससे साउंड बॉक्स बंद हो गया। गंगाराम का आरोप है कि रामू गौतम व उसके सहयोगी लाउडस्पीकर पर आपत्तिजनक गाने बजा रहे थे। मना किए जाने पर वह गाली–गलौज कर मारपीट पर आमाद हो गया। गंगाराम का कहना है कि शनिवार रात आठ रामू गौतम शराब के नशे में उसकी बिरादरी को अपशब्द कहने लगा। विरोध किए जाने पर रामू ने साथी रामचन्द्र, कन्हैयालाल, गंगा प्रसाद, अज्ञास गौतम, रोशनी, मंजूदेवी व अन्य लोगों के साथा लाठी–डंडों से हमला कर दिया। इसमें गंगाराम, देशराज, सरोजनी, अखिलेश गंगाराम, जगजीवन राजकुमारी जबकि रामू के पक्ष से रामचंद्र, कन्हैयालाल, गंगा प्रसाद, अज्ञास गौतम, रोशनी, मंजू देवी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर चार महिलाओं सहित 17 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। माल प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।




पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सूचना निदेशक शिशिर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी रजनीकांत वर्मा, संयुक्त निदेशक दिनेश गुप्ता, उप निदेशक सूचना प्रभात शुक्ल व ललित मोहन, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती व जितेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। अमृत विचार

## गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक की ओर से शुक्रवार को विद्युत परीक्षण खंड की अंजनी यादव को पीपीएस परीक्षा में प्रदेश में 12वीं रैंक हासिल करने के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्य करते हुए सफलता पायी जा सकती है। अंजनी यादव ने सभी के लिए एक मिसाल पेश की है। पॉवर कॉरपोरेशन के वाणिज्यक निदेशक योगेश कुमार और तकनीकी निदेशक ने अवर अभियंता, बाहर की एजेंसियों, वीएलई और विद्ययुत सखी के निगम के उपकेंद्रों, उपखंडों में कार्यरत लोगों को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

**ये हुए सम्मानित**–अवर अभियंता राम सिंह यादव– विद्युत उपकेंद्र अहिबरनपुर, डॉलीगंज, मनोज कुमार जायसवाल– विद्युत उपकेंद्र पाल तिराहा राजाजीपुरम, दिवाकर यादव – विद्युत उपकेंद्र नादरगंज ओल्ड

**एजेंसी कर्मी**–सूजर मौर्य, पहलू, मो. मारुफ अली (तीनों रामपुर फीडर, लखीमपुर), अनिल श्रीवास्तव, रजनीश, मो. रियाजुद्दीन (तीनों फीडर टाउन सेवन, लखीमपुर), मनोज कुमार, मो. वसीम, पदुम सिंह (तीनों रेथवी फीडर, संडीला)।



स्वास्थ्य शिविर में लोगों का पंजीकरण कराते भाजपा महानगर अध्यक्ष। अमृत विचार

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों को मिला निशुल्क परामर्श

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. कैलाश नारायण सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज की ओर से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों को परामर्श दिया गया। शिविर में लोगों की निशुल्क जांच की गई। रक्षा मंत्री की पहल पर शिविर लगा। इसकी शुरुआत भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। इस दौरान रघुवेंद्र शुक्ला, पार्षद रामकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## कमल का फूल बनाकर लिखा, फिर मोदी सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को पूर्वी विधानसभा इंदिरा नगर सेक्टर 13 में दीवार लेखन अभियान के तहत कमल का फूल बनाया और लिखा एक बार फिर मोदी सरकार। इसके बाद लोगों को नमो एप डाउनलोड कराया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष योगेश चतुर्वेदी, महानगर उपाध्यक्ष राकेश सिंह, पार्षद पूजा जसवानी, सुमिता तिवारी, देवेंद्र वर्मा, पंकज सक्सेना, सुमित खन्ना, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।



बाल निकुंज इंटर कॉलेज बॉयज विंग व गर्ल्स विंग में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। प्रधानाचार्य एचएन जयसवाल, गर्ल्स विंग में प्रधानाचार्या भगवती भंडारी, बाल निकुंज विद्यालय डे बोर्डिंग में प्रधानाचार्या पूर्णिमा सिंह ने बच्चों को बधाई दी।

## ई–रिक्शा मालिकों ने की मनमानी तो भरना पड़ेगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ई रिक्शा का सत्यापन फार्म जमा न करने पर होगा दो हजार का जुर्माना
- 1 से 7 फरवरी तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

**अमृत विचार :** आगामी 1 से 7 फरवरी तक ई-रिक्शों के सत्यापन फार्म भरवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सत्यापन फार्म नहीं भरने वाले ई-रिक्शा चालकों पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। शनिवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल की तरफ सत्यापन फार्म की समीक्षा में ई-रिक्शा मालिकों की मनमानी और सत्यापन फार्म भरकर न जमा करने में लापरवाही भी उजागर हुई है। इसको लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त ने ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है।

विदित हो कि राजधानी में ई-रिक्शा संचालन के लिए शहर को आठ जोन में विभाजित किया गया है। इसके लिए डीसीपी ट्रैफिक ने भी एमवी एक्ट और पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में गत 1 जनवरी से नई व्यवस्थाएं लागू की थी। खासतौर पर नई व्यवस्था में ई-रिक्शा चालकों को 1 से 15 जनवरी के तक 60,000 फार्म छपवाकर बंटवाये गए। जहां 30 जनवरी तक सभी ई-रिक्शा चालकों को सत्यापन फॉर्म भरकर जमा किया जाना था। जिसकी प्रगति रिपोर्ट में देखा गया कि अब तक करीब 39,400 फार्म बांटे गए। बदले में स्थानीय थानों में मात्र 7,185 फार्म ई-रिक्शा चालकों ने जमा किया। ऐसे में लगभग 30,000 से अधिक फार्म जमा किया जाना बाकी है। जांच में सामने आया कि अधिकांश ई-रिक्शा चालकों के पास डीएल (ड्राइविंग लाइसेंस) ही नहीं है। इसके अलावा उनके पास ई-रिक्शा के दस्तावेज ही नदारद हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने निर्देशित किया गया कि 7 फरवरी तक यह अभियान स्थानीय थानास्तर तक भी चलेगा।


## समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें



**उपासना रानी वर्मा**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी



**नरेन्द्र देव द्विवेदी**
प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/ जिला विकास अधिकारी



**शुभ्रान्त कुमार शुक्ल**
जिलाधिकारी कन्नौज

### बेसिक शिक्षा विभाग की योजनायें

1- जनपद के 1459 परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें वितरण।
2- डीबीटी के जरिये छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में यूनिफार्म के लिए 1200-1200 की धनराशि।
3- कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिये नि:शुल्क मध्यान्ह भोजन योजना।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी

कन्नौज- विपिन कुमार
उमर्दा- विश्वनाथ पाठक
हसेरन- संजय कुमार
सौरिख- सर्वेश यादव
तालग्राम- रमेश चन्द्र चौधरी
छिबरामऊ- विमल तिवारी
जलालाबाद- शिवेन्द्र वर्मा
गुगरापुर- संजय शुक्ल

जनपद- कन्नौज



## कार्यालय नगर पंचायत परशदेपुर जनपद, रायबरेली

पत्रांक 359/अधि0अधि0/न0पं0प0/2024 दिनांक 23.01.2024

स्वच्छ रायबरेली स्वच्छ भारत सुंदर रायबरेली






**नगर पंचायत परशदेपुर रायबरेली 26 जनवरी, 2024 गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त नागरिकों का स्वागत एवं अभिनन्दन करती हैं तथा नागरिकों से निम्न अपील करती हैं।**

1. नगर के विकास हेतु अपने बकाया करों का अतिशीघ्र भुगतान करें।
2. नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने हेतु कृपया अपने घरों का कूड़ा इधर–उधर न फेंकें, अपितु नियत स्थल पर रखे कूड़ेदान का प्रयोग करें।
3. मा0 न्यायालय के आदेशानुसार पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित है, कृपया पॉलीथीन का प्रयोग न करें और न ही नालियों में पॉलीथीन / कूड़ा आदि फेंके।
4. नगर को हरा–भरा रखने हेतु रिक्त स्थलों पर वृक्षरोपण कराएं।
5 सड़क पटरी, नाली पुलियों पर अतिक्रमण न करें इससे जहां आवागमन में व्यवधान होता है वही दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बढ़ जाती है।
6. पेयजल का अनावश्यक अपव्यय न करें नगर पंचायत की सम्पत्ति आपकी है अत: कृपया स्ट्रीट लाइट, नलों की टोटियों एवं हैण्डपम्पों को क्षति न होने दें।
7. सड़े–गले कटे फलों का सेवन न करें।
8. कृपया जन्म मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित अवधि में कराकर अनावश्यक परेशानियों से बचें।
9. अपने सुझाव एवं शिकायत में हमें अवश्य अवगत कराएं।
10. कोई भी समस्यों होने पर कार्यालय से सम्पर्क करें।

सदस्यगण–
1 श्रीमती तारा देवी, 2 श्री संदीप मोदनवाल 3. श्रीमती ज्ञानमती 4. श्री जगदीश प्रसाद 5. श्री मो0 निहाल खान 6. श्री मो0 मुर्तजा अंसारी 7. श्री सैयद हैदर नकी, 8. श्रीमती आशमा बानो, 9, श्रीमती कंचन जायसवाल 10. श्री प्रभाकर मिश्रा



January RepublicDay 26 जय हिन्द



**निमिषा भारद्वाज**
अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत परशदेपुर

**विनोद कुमार कौशल**
अध्यक्ष, नगर पंचायत परशदेपुर

## एक नजर

### अब हनुमानगढ़ी पर भी लॉकर सुविधा जल्द

**अयोध्या कार्यालय :** श्रीराम जन्मभूमि परिसर की तरह हनुमानगढ़ी पर भी श्रद्धालुओं को लॉकर सुविधा जल्द मिल सकती है। इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से दुकानदारों को प्रेरित किया जा रहा है। खासकर प्रसाद वितरण करने वाले दुकानदारों को शीघ्र लॉकर निर्माण के लिए कहा जा रहा है। बता दें कि भक्तिपथ पर करीब चार सौ दुकानें हैं जिनमें से 80 दुकान लड्डू प्रसाद विक्रेताओं की है। शनिवार को एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय ने भक्तिपथ के दुकानदारों से इसे लेकर संवाद और समन्वय भी स्थापित किया।

### भू माफिया संजय सिंघला की मौत

**संवाददाता बाराबंकी :** भूमाफिया संजय सिंघला की गुरुवार की देर रात मौत हो गई। तबीयत खराब होने के चलते केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। नगर कोतवाली में संजय सिंगला पर प्लॉट और फ्लैट के नाम पर ठगने के 31 मामले दर्ज है। सिंगला पर गैंगस्टर की कारवाई के साथ उसकी संपत्ति कुर्क की गई थी। अदालत ने सिंगला को 5 साल की सजा सुनाई थी। सिंघला की बाराबंकी जेल में हालत बिगड़ने के बाद उसे लखनऊ केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। जेल अधीक्षक मुकुंद कुमार ने बताया कि सिंगला को एनीमिया की शिकायत हो गई थी। सिंगला पर दर्ज थे 31 केस : संजय सिंघला पर लखनऊ से सटी तहसील नवबागंज के भुहेरा और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे आवासीय कॉलोनी बसाने के नाम पर लोगों की गाढ़ी कमाई ठगते थे। उस पर फर्जी तरीके से प्लॉट और जमीनें बेचने के नाम नगर कोतवाली में 31 मुकदमे दर्ज हैं।

### तस्कर की संपत्ति कुर्क

**संवाददाता बाराबंकी :** पुलिस ने शनिवार को एक और तस्कर की 05 करोड़ 77 लाख की संपत्ति कुर्क कर ली। संबंधित तस्कर पर तस्करी के तीन मुकदमे दर्ज हैं। उसे पर गैंगस्टर भी लगा हुआ है।गिरोह द्वारा अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्यों से आम जनमानस के जीवन में संकटापन्न की स्थिति उत्पन्न किये जाने के साथ ही साथ युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# तीन दशक तक ठिठकी-सी रही अयोध्या अब है निहाल

▸▸ बड़े लंबे समय तक वीरानी का दंश झेलता रहा रामकोट

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



पहले : अतीत की ठिठकी हुई अयोध्या।



अब : राम मंदिर का भव्य स्वरूप भक्तों को आकर्षित करने लगा है।

**अमृत विचार :** वर्ष 1986 से लेकर 2019 तक लगभग 33 साल अयोध्या में रामकोट रहा हो या फिर रामघाट तक का प्रमुख इलाका मंदिर-मस्जिद विवाद के नाते अयोध्या यहां ठिठकी सी रही। समय-समय पर इसने भारी सुरक्षा और वीरानी का दंश भी इस अवधि में झेला। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राम मंदिर निर्माण शुरू हुआ और अब जब बीते 22 जनवरी को रामलला की नए भव्य गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा हुई तो राम भक्त निहाल और अयोध्या चहक रही है। अब चाहे रामकोट का इलाका हो या फिर अयोध्या के रामघाट का, यहां पहुंचिए तो आप पहचान नहीं पाएंगे कि यह वही 30 साल तक ठिठकी हुई अयोध्या है। आपकी आंखें चौंधिया जाएंगी।

राम की नगरी का महत्वपूर्ण रामकोट क्षेत्र हो या रामघाट का इलाका अब गुलजार हो चुका है। राम मन्दिर जाने के लिए अब श्रद्धालु संकरी गलियों से नहीं बल्कि चौड़े-चौड़े मार्गों से जाने लगे हैं। इसके लिए रामपथ और धर्मपथ जैसे फोरलेन मार्ग बन चुके हैं। रामकोट क्षेत्र में दर्जनों ऐसे मंदिर थे, जो कभी वीरान जैसे थे, लेकिन अब वहां की आध्यात्मिक आभा श्रद्धालुओं को बरबस खींच लाती है। कभी रामकोट में भीड़ नियंत्रण मुश्किल होता था। रामकोट में रामजन्मभूमि, कनकभवन, हनुमानगढ़ी समेत अन्य पीठ है, जहां रोजाना हजारों श्रद्धालु आते हैं। अब रामकोट जाने के लिए चौड़े रास्ते हैं। श्रृंगारहाट से रामजन्मभूमि तक 80 फीट चौड़ी सड़क का विकास भक्तिपथ के रूप में किया गया है। इस पर आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जा चुकी हैं। इसी अयोध्या का दूसरा इलाका रामघाट है। यहां भी अब चहल-पहल बढ़ गई है। राम मंदिर आंदोलन के शुरूआती दौर में ही इस रामघाट के इलाके में ही श्रीराम जन्मभूमि न्यास और विश्व हिंदू परिषद ने अपने पांव रखे थे। इसी रामघाट इलाके में राम मंदिर की पत्थर तराशी की दो कार्यशालाएं खोली गईं थीं और राम मंदिर आंदोलन की गतिविधियों का केंद्र कारसेवकपुरम बनाया गया। अब यह इलाका भी दर्शनार्थियों के लिए उत्सुकता का केंद्र बन गया है। राम जन्मभूमि न्यास की कार्यशाला में प्रस्तावित राम मंदिर के लिए लगभग सवा लाख घन फिट पत्थर तराश कर बड़े परिसर में रखे गए थे। इन पत्थरों को भी मंदिर निर्माण के समय लगाया गया। यहां भी दर्शनार्थियों का रेला उमड़ने लगा है। सरयू तट व अयोध्या की शोभा मानी जाने वाली राम की पैड़ी कभी गंदा नाला बनकर रह गई थी। आज स्थिति बदली है। राम की पैड़ी पर्यटन स्थल के रूप में निखर चुकी है। 450 मीटर लंबी राम की पैड़ी का अब विस्तार हो चुका हैं। नए घाट बन गए हैं। हजारों श्रद्धालु यहां पर्यटन का आनंद उठाने आते हैं। राम की पैड़ी का अविरल प्रवाह आकर्षित करता है।

### भवनों के एक ही तरह के मुखड़े भी कर रहे आकर्षित

मुख्य मार्ग रामपथ पर कॉमन बिल्डिंग कोड लागू होने के बाद शहर की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। विकास प्राधिकरण की इस योजना के तहत सहादगतगंज से नए घाट तक 13 किमी रामपथ की सभी इमारतों का मुखड़ा एक रंग व एक स्वरूप में दिखने लगा है। भवनों के फसाड अयोध्या की आभा को और भी बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा रामायण कालीन कुंड भी अब पर्यटन का केंद्र बन चुके हैं। 10 से अधिक कुंडों का सौंदर्यीकरण कराया जा चुका है। सूर्यकुंड पर्यटन स्थल बन चुका है। गणेश कुंड का भी दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है।

# रामलला की पूजन पद्धति में पुजारियों के साथ प्रशिक्षित अर्चक भी होंगे शामिल

## व्यवस्था को सोमवार से लागू करने का लिया गया निर्णय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब राम मंदिर में विराजमान रामलला की पूजन पद्धति में पांच पुजारियों के साथ 10 प्रशिक्षित अर्चक भी शामिल होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा गठित धार्मिक समिति की बैठक में शामिल सदस्यों ने इस व्यवस्था को सोमवार से लागू करने का निर्णय लिया है।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने शनिवार को बताया कि अभी तक रामलला का पूजन सामान्य रूप किया जाता रहा है। अब श्रंगार आरती से लेकर सायं आरती तक होने वाले सभी पूजन और भोग से पहले प्रशिक्षित अर्चकों के द्वारा मंत्रोच्चार किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के धार्मिक समिति के अध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि राम मंदिर में पूजा की पद्धति कैसे हो, इस पर मंथन किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा अभी तक हुए प्रशिक्षण में से 10 प्रमुख लोगों को चयन किया गया है। ये अब राम मंदिर की पूजा में सहभागी होंगे। रामलला का पूजन करने वाले पुजारी में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन उनके साथ भगवान के श्रंगार, आरती व भोग से पहले चयनित इन 10 प्रशिक्षित अर्चकों के द्वारा मंत्रोच्चार किया जाएगा।

पूजन के दौरान पहले अर्चकों के द्वारा मित्रों का जाप होगा फिर पूजन आरंभ किया जाएगा। यह कार्य आने वाले चार महीने तक इसी प्रकार से चलेगा। अन्य जो प्रशिक्षक उनका प्रशिक्षण जारी रहेगा। बाद में उनकी योग्यता अनुसार उनकी नियुक्ति की जा सकती है।

## 45 दिवसीय श्रीराम राग सेवा शुरू

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** जन्मभूमि पर निर्माणाधीन भव्य राममंदिर में अनुष्ठान व रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद दर्शन-पूजन और राग-भोग, आरती जारी है। वहीं गणतंत्र दिवस पर राग सेवा भी शुरू हो गई। रामलला के समक्ष शुरू हुई इस 45 दिवसीय श्रीराम राग सेवा के तहत पहले दिन लोक कलाकार मालिनी अवस्थी ने रामलला को सोहर, बधावा, मंगलगान समर्पित किया। गर्भगृह के सामने गुडी मंडप में शुरू हुए शास्त्रीय परंपरा के लोक कलाकारों की ओर से राम राग सेवा के तहत हेमा मालिनी, अनूप जलोटा, अनुराधा पौडवाल, सोनल मानसिंह, वैजयंती माला, सिक्किम गुरचरण, पंडित सजन मिश्रा, जसवीर जस्सी, अरुणा साईंराम, स्वप्न सुंदरराई, राहुल देशपांडे, सुरेश वाडकर, दर्शन झावेरी, उदय भवलकर, जयंत कुमारेश, पूर्ण दास बाबुल, रजनी, गायत्री व देवकी पंडित, बसंती बिष्ट, प्रेरणा श्रीमाली, सुनंदा शर्मा, मीता पंडित, पद्म सुब्रामण्यम समेत देश भर के विभिन्न प्रांतों और कला परंपराओ के 100 से अधिक सुप्रसिद्ध कलाकार रामलला के श्रीचरणों में अपनी राग सेवा अर्पित करेंगे। यह 45 दिवसीय धार्मिक संगीत उत्सव 10 मार्च तक चलेगा। संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली के सहयोग से संचालित इस इस कार्यक्रम के कल्पनाकार और संयोजक ट्रस्ट सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के पुत्र साहित्यकार यतींद्र मिश्र हैं।



### रामलला के रजत विग्रह को कराया गया परिसर भ्रमण

**अयोध्या।** मंदिर के गर्भगृह में रामलला के नूतन विग्रह प्रतिष्ठित होने के बाद शुरू हुए 48 दिनों तक मंडल पूजन का पहला अनुष्ठान शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान रामलला के रजत विग्रह का पूजन कर परिसर भ्रमण कराया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य व उडप्पी पेजावरपीठाधीश्वर स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज के साथ अनुष्ठान के तीन यजमान मौजूद रहे।



# दर्शन से लौटने के बाद श्रद्धालुओं को मिलेगा प्रसाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जन्मभूमि के अंदर श्रद्धालु किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, बैग, मोबाइल व प्रसाद लेकर नहीं जाएंगे। आने वाले श्रद्धालु व भक्तगणों को दर्शन के पश्चात निकास मार्ग पर ट्रस्ट द्वारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। दर्शन के लिए आने वाले दिव्यांग, वृद्ध दर्शनार्थियों के लिए गोल्फ कोर्ट की भी व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। यह फैसला मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मध्य बेहतर समन्वय बनाने के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में लिया गया।

# सूचना अधिकारी से अभद्रता कर बोले-जाओ कलेक्ट्रेट देखो..तुम्हारा यहां काम नहीं

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ प्रभारी मंत्री की कवरेज के दौरान एएसपी उत्तरी द्वारा सूचना अधिकारी से अभद्रता का आरोप

▸▸ जिला सूचना अधिकारी ने डीजीपी को एएसपी प्रकाश कुमार के दो प्रकरणों की शिकायत का भेजा पत्र

**अमृत विचार।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस और सूचना विभाग के अफसरों के बीच हुई कहासुनी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिला सूचना अधिकारी ने अब पुलिस के मुखिया डीजीपी को पत्र लिखकर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के कार्यक्रम की कवरेज के दौरान जिला सूचना अधिकारी से एएसपी उत्तरी प्रकाश ने अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें डीएम और कलेक्ट्रेट की कवरेज देखने की नसीहत तक डे डाली।

बताते चलें कि गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने पुलिस लाइन में झंडारोहण के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये थे। पुलिस लाइन में परेड की सलामी के लिए पुलिस लाइन पहुंचे प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की कवरेज करने के लिए जिला सूचना अधिकारी लाल कमल मौजूद थे। आरोप है कि शासकीय कार्य के प्रोटोकाल के दौरान जब जिला सूचना अधिकारी प्रभारी मंत्री की कवरेज कर रहे थे इसी दौरान वहां मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार ने जिला सूचना अधिकारी से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया।

जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि अन्य पुलिसकर्मियों और पत्रकारों के सामने ही एएसपी ने कहा कि पुलिस लाइन का कार्यक्रम वह संचालित करा रहे हैं यहां आपकी कोई आवश्यकता नहीं है। सूचना अधिकारी ने डीजीपी को लिखे गए पत्र में एक और हादसे का जिक्र करते हुए अवगत कराया कि एएसपी प्रकाश कुमार द्वारा 28 दिसंबर 2023 को प्रभारी मंत्री के ब्लॉक परसेंडी के ग्राम सेवई पट्टी में निरीक्षण के दौरान भी कवरेज कर रहे सूचना अधिकारी को धक्का देकर कवरेज करने से रोककर दूर जाने के लिए भी कहा। डीजीपी को लिखे गये पत्र के बाद अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला सूचना अधिकारी ने एएसपी के खिलाफ शासकीय कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर जब अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार से उनके सीयूजी नंबर 9454401118 पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

# बाराबंकी में कुत्तों ने बालक को नोचा, भर्ती



**संवाददाता बाराबंकी:** आवारा कुत्ते शहर के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। यह कुत्ते राह चलते व्यक्ति को न सिर्फ दौड़ते हैं बल्कि आक्रामक होकर काटने दौड़ते हैं। शुक्रवार को जब लोग गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे थे एक पुलिसकर्मी के 2 वर्षीय मासूम बच्चे को कुत्तों ने नोच डाला। बच्चों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने के बाद उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस लाइन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफ थाना स्थित है। इसी थाने में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात गौरव तिवारी परिवार सहित शहर में ही किराए के मकान में रहते हैं। पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह चल रहा था, इसी में उनका बच्चा भी आया था, कुछ ही समय में जब वह लघुशंका के लिए गए। उतनी ही देर में बच्चा कहीं ओझल हो गया, आनन फानन में बच्चे की तलाश शुरू की गई,कुछ ही देर में उसे कुत्तों के भौंकने और बेटे की चीख सुनाई पड़ी। साथी पुलिस कर्मियों के साथ वह पास में ही झाड़ियां की ओर पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। वहां कुत्ते मासूम को काट रहे थे। आनन-फानन में कुत्तों को भगाया गया। कुत्तों के हमले से लहूलुहान मासूम को लेकर पुलिसकर्मी तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। कुत्तों ने बच्चे के पेट, पैर और सिर पर काटा है। पेट में बहुत ज्यादा घाव है। बच्चे के पूरे शरीर पर पट्टी बंधी है।

## वर्ग पहेली-325

**बाएं से दाएं**

2.1. शुचि या शुद्ध होने की अवस्था

4.1. मुंह

5.1. एक ही चीज़ खाकर रहने का व्रत या प्रतिज्ञा 2. दिन या रात में एक ही बार भोजन करने का व्रत या नियम।

7.1. कच्चेपन की गंध 2. किसी फल अथवा अन्य खाद्य-पदार्थ के कच्ची अवस्था में रहने पर निकलने वाली गंध अथवा महक।

**ऊपर से नीचे**


1. देवदार का वृक्ष।

3. पक्षियों का शिकार करने वाला व्यक्ति, बहेलिया।

4.1. शेर या बाघ का गरजन, गर्जना 2. रोते समय ज़ोर से चिल्लाने का शब्द, चीत्कार, आर्तनाद 3. डांट।

5. एक से अधिक, अनेक।

6.1. किसी रोग या रक्तविकार के कारण चेहरे या शरीर पर पड़ने वाले हलके काले धब्बे या दाग 2. काली छाया, परछाईं 3. झलक, आभा 4. अंधकार 5. छल, धोखा 6. प्रतिध्वनि। (मु.)-देना : इधर-उधर की बातें कह कर धोखा देना।



### वर्ग पहेली - 324 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ता | ई | | | 2 ब |
| | | | 3 गि | लो | य |
| 4 अ | ड़ | ब | ल | | ना |
| | | | ह | | |
| 5 स | ह | च | री | | 6 फ़ा |
| मि | | | | | र |
| 7 ध | म | ध | म | | स |

## सुडोकू-42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | 8 | 4 | | 3 |
| | | 6 | 3 | | 2 | | | |
| 8 | | | 6 | | 1 | 9 | | |
| | | | | 5 | | | 9 | |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| | 2 | | | 3 | | | | |
| | | 7 | 4 | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | | 3 | 8 | 1 | | | 7 | |

### सुडोकू - 41 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जनवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 29 जनवरी 06.10 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज आपकी मन :स्थिति विचलित हो सकती है। मांगलिक कार्य की योजना बनाने की योजना बनाएंगे। स्वार्थी व्यवहार के कारण प्रेमीजन आपसे खिन्न हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों के बोझ तले दब सकते हैं।

**वृष** – आज बीती हुई नकारात्मक बातें पुन : तूल पकड़ सकती हैं। बच्चों को पेट में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। जॉब में आप काफी निष्ठापूर्वक काम करेंगे। शत्रुओं के ऊपर विजय मिलेगी।

**मिथुन** – आज विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी। मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। मित्रों के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बहुत सुखद रहेगा।

**कर्क** – आज व्यापार में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। अपरिचित लोगों से ज्यादा मेलजोल न रखें। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** – आज समय की अनुकूलता का लाभ उठाएं। बॉस आपका प्रोत्साहन बढ़ाएंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिए धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से पीछे न हटें।

**वृश्चिक** – आज सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फंस सकते हैं। शरीर में थकावट और कमजोरी हो सकती है। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों में एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें।


**धनु** – आज नई नौकरी शुरू करने के लिए समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ठ रहने वाला है। समाज में आपके संपर्क का दायरा बढ़ेगा। कारोबार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार में आपकी स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** – आज अनावश्यक खर्चों की चिंता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को ज्यादा तूल न दें। अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा भरोसा न करें। आप कहीं घूमने जा सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचें। जीवनसाथी को पर्याप्त समय देंगे।

**कुंभ** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और गुस्से के कारण काम खराब हो सकते हैं। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। अपनी सोच का दायरा विस्तृत रखें। परिवार में आपके सद्गुणों की प्रशंसा होगी।

**मीन** – आज परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपको गुप्त शत्रुओं से भय हो सकता है। शुभ समाचार मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। घर का माहौल अनुशासित और मर्यादित रहने वाला है।

## आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.18-17.01 तक। **दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 15.53 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U Movies: **शान** सुबह : 11.39; **अनाड़ी** रात : 07.00

Sony Max: **पानीपत** सुबह : 10.11; **पीकू** रात : 09.04

Sony Pix: **रेडी प्लेयर वन** सुबह : 09.42; **ए मैन कॉल्ड ओटो** रात : 09.00

Zee Cinema: **बार बार देखो** सुबह : 10.30; **ऑपरेशन रोमियो** रात : 07.30

Colors Cineplex: **गोलमाल 3** सुबह : 09.37; **ए दिल है मुश्किल** दोपहर : 03.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! नो अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर –धीरज रखिए, ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की– अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था– “बिका माल वापस नहीं होगा”।

डॉक्टर–चश्मा किसके लिए बनवाना है?
बब्लू– टीचर के लिए।
डॉक्टर– पर क्यों?
बब्लू– क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

# संवैधानिक विवेक और श्रीराम की मर्यादा


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं।

भारत श्रीराममय हो गया है। यह अव्याख्येय है। दर्शन और मनोविज्ञान के सिद्धांतों से भारत के ताजा उत्साह की व्याख्या नहीं हो सकती। अयोध्या में जनसैलाब उमड़ रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का दिन था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी उपस्थित थे। अयोध्या में इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रित लगभग 7000 लोगों की उपस्थिति थी। लेकिन कार्यक्रम स्थल के अलावा भी पूरी अयोध्या राममय थी। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में अपेक्षित लोगों की सूची में मैं भी था। इसलिए सारा कार्यक्रम निकट से देखने का अवसर मिला। अयोध्या और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मध्य 135 किमी का फासला है। इस लम्बे मार्ग के किनारे किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्रीराम का नारा लगा रही थी। सबके चेहरे पर उल्लास और उत्साह। सब आनंदित और सब प्रसन्न। देश और विदेश के तमाम क्षेत्रों में भी अपने अपने ढंग से उल्लास व्यक्त करने वालों की भीड़ आश्चर्यजनक थी। मूलभूत प्रश्न है कि यह भीड़ किसकी बनाई योजना के अनुसार अनुशासनबद्ध थी? किसने इसे प्रेरित किया? इस महाभीड़ का कारण क्या था? स्पष्ट है कि यह महाभीड़ 'स्वतः स्फूर्त' थी। स्वतः स्फूर्त का अर्थ सीधा और सरल है। यहाँ कोई दूसरा व्यक्ति या संगठन प्रेरक नहीं। कोई लोभ नहीं। कोई भय नहीं। कोई आश्वासन नहीं। सब कुछ अनुभूत विवेक के अधीन अपने आप घटित हो रहा था। ऐसा स्वतः स्फूर्त वातावरण पहले कभी नहीं देखा गया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर समूचे देश में आश्चर्यजनक उत्साह था। यह. वाकई विश्लेषण और विवेचन का विषय है। इसने राम के श्रद्धालुओं को आनंद अतिरेक का खूबसूरत अवसर दिया है। मजेदार बात यह है कि इसी के बहाने छदम् सेकुलरपंथी राजनीति वाले भी अनेक महानुभाव भी वाचाल हुए। उन्होंने श्रीराम के प्रति लोक आस्था को हास्यास्पद ढंग से प्रकट किया। प्राण प्रतिष्ठा सीधी सी बात है। मूर्तियां वस्तु या पदार्थ से बनती हैं। जब तक बाजार में हैं तब तक वे वस्तु हैं। शिल्पी उन्हें तैयार करते हैं। रूप रंग भरते हैं। उनमें सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं। लेकिन हैं तो मूर्तियां ही। वैदिक परम्परा में मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की विशेष पद्धति विकसित हुई थी। मूर्तियों में प्राण नहीं होते। इस पद्धति के आलोचक अपने ज्ञान पर प्रसन्न हो सकते हों तो हों। मूर्ति पूजा प्राण उपासना का हिस्सा है। ऋग्वेद में सूर्य को प्राण कहा गया है। वह जगत् का प्राण है ही। सविता सूर्य पृथ्वी के पोषक हैं। श्रीराम सूर्यवंशी हैं। उनके कारण जगत् की गतिविधि चलती है। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं, ''आदित्यो ह वै प्राणो-आदित्य जगत के प्राण हैं।'' छान्दोग्य उपनिषद (1.3.1) में कहते हैं, ''मनुष्यों में प्राण ऊर्द्धव गान है-उद्‌गीथ हैं।'' प्राण महत्वपूर्ण हैं। प्राण धारण करने से हम सब प्राणी हैं। पत्थर या किसी भी पदार्थ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले साधारण पदार्थ ही होती है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में मूर्ति को निश्चित समय के लिए जल प्रवाह में रखने का विधान है। अन्न में भी प्राण होते हैं। इसलिए मूर्ति को काफी समय के लिए अन्न के भीतर रखते हैं। दूध आदि पदार्थ भी उपयोग में आते हैं। फिर मंत्र आराधन करते हैं। विश्वास करते हैं कि मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। प्राण प्रतिष्ठा की यह विधि सभी मूर्तियों के लिए अपनाई जाती है, लेकिन राम विरोधी तत्व मीडिया में जगह पाने के लिए हास्यास्पद और दयनीय बयानबाजी करते हैं।

ऐसे ही एक नेता कहते हैं कि मुर्दों की प्राण प्रतिष्ठा क्यों नहीं की जाती? शरीर का हलचल में रहना ही प्राणवान होना नहीं है। प्राण जीवन है। भारतीय और बौद्ध परम्परा ने शरीर के बूढा हो जाने पर पुनर्जन्म का सिद्धांत माना है। प्राण अव्यय और अक्षर हैं। भारतीय परम्परा के निन्दक प्राण उपासना नहीं जानते। मार्कण्डेय काटजू भारत के प्रधान न्यायधीश रहे हैं। उन्हें पद पर रहते हुए हम भारत के लोग 'न्यायमूर्ति' कहते रहे हैं। उन्होंने इस विशेषण का विरोध नहीं किया। न्याय भौतिक उपलब्धि है। श्री काटजू भी न्यायमूर्ति कहे जाते रहे हैं। कृपया वे स्पष्ट करें कि वे अभी भी न्यायमूर्ति हैं कि नहीं। अगर वे अभी भी मूर्ति हैं तो क्या उनकी मूर्ति निष्प्राण हैं? कुछ लोग कह सकते हैं कि संविधान न्यायपालिका का मार्गदर्शी है। यह सही भी है। संविधान निर्माताओं का विवेक और विनिश्चय सभी संविधाननिष्ठ भारतवासियों के लिए स्वीकार्य है।

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं। दूसरी छपी हुई अंग्रेजी की प्रति है और तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की।'' चित्रमय प्रति में मुखपृष्ठ पर श्रीराम और श्रीकृष्ण, भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल का चित्र है। भाग 3 में मौलिक अधिकारों वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय का चित्र है। नीति निदेशक तत्वों वाले पृष्ठ पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का चित्र है। इस चित्रावली में स्वामी महावीर, बुद्ध, अशोक, गुप्तकाल, विक्रमादित्य, नालंदा विश्वविद्यालय, ओडिशा का स्थापत्य, नटराज, गंगा अवतरण, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, महारानी लक्ष्मी बाई, गाँधी जी की दाण्डी यात्रा, नेता जी सुभाष चन्द्र आदि के अनेक चित्र हैं। संविधान निर्माताओं ने राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर आदि के चित्र सांस्कृतिक उपयोगिता के आधार पर ही निश्चित किए गए थे। भारत का विवेक इसी परम्परा से बना है।

विवेक का विकास लोक और शास्त्र से तथ्य लेकर संभव होता है। किसी को राम काल्पनिक लगते हैं। यह उसका अपना विवेक है। तुलसीदास सजग थे। उन्होंने ऐसे लोगों के लिए रामचरितमानस में खूबसूरत चैपाई लिखी है, ''जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखि तिन जैसी।'' लेकिन अब श्रीराम और श्रीकृष्ण को काव्य कल्पना बताने वाले लज्जित हैं। खिसिया गए हैं। उनका सतही अध्ययन हास्यास्पद सिद्ध हुआ है। अयोध्या तथ्य हैं। चित्रकूट तथ्य हैं। दण्डकारण्य तथ्य हैं। गंगा, तमसा और मन्दाकिनी के प्रवाह सत्य हैं। वाल्मीकि, कम्ब व तुलसी सत्य हैं। उनके विवेक सिद्ध सत्य हैं। दो दिन पहले भारत ने अपना गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न किया है। जन गण मन में भारत का विवेक अंतर्निहित है। भारतीय विवेक का विस्तार और निर्माण श्रीराम के शील, आचार और मर्यादा से हुआ है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम इस राष्ट्र का उत्स (मूल) हैं। इसी उत्स से 22 जनवरी को स्वतः स्फूर्त उत्सव प्रकट हुआ है। इसीलिए भारत आदर्श गणतंत्र है। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपवर्:107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गण के लिए बाहरी की तुलना में आतंरिक संकट बड़ा होता है-''आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्'' वाह्य उतना बड़ा नहीं। यह सावधानी अनिवार्य है।

# रूपांतरण का महीना है माघ


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

शास्त्रों में आध्यात्मिक दृष्टि से माघ महीने में पवित्र नदियों में स्नान एवं पूजन की जो महिमा कही गई है, उसके बहुआयामी लाभ हैं। जहां शास्त्रों में माघ माह के तप को अश्वमेध यज्ञ एवं पुंडरीक यज्ञ के साथ मोक्ष, विष्णुपद की प्राप्ति वाला बताया गया है। वहीं आधुनिक शोधों में उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वाला महीना कहा गया है। इसी के साथ शीतकाल के इस ऋतु में स्नान एवं पूजन से प्रकृति के साथ तादाम्य बनाने का भी अवसर मिलता है।

आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण की रचना के पूर्व ही जिन दो महीनों में प्रातःकाल स्नान एवं श्रीहरि के पूजन का चर्चा की है, उसमें पहला माह माघ ही है। दूसरे पर चैत्र स्नान का उल्लेख है। माघ महीने में स्नान के महत्व की एककथा का भी उल्लेख है। राजा सुमति और सत्यवती का पूर्वजन्म दूषित था, लेकिन अनजाने में वशिष्ठ ऋषि के आश्रम पर जाकर स्नान-पूजन से वे अगले जन्म में राजा हुए। आशय स्पष्ट है कि इस महीने में प्रयाग में जुटने वाले संतों के सानिध्य से रूप-स्वरूप तथा आचरण में बदलाव आता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'माघ मकरगत रबि जब होई तीरथपतिहिं आव सब कोई' चौपाई में माघ माह की महत्ता पर पूरा जोर डाल दिया। वैज्ञानिक एवं खगोलीय दृष्टि से देखा जाए तो माघ महीने में प्रयाग के संगम पर सूर्य की किरणों का जल पर अद्भुत असर पड़ता है। जल में अमृत-तत्व की उत्पत्ति होती है। माघ महीने का कृष्ण पक्ष हेमंत तो शुक्ल पक्ष शिशिर ऋतु है। शीतकाल के इस यौवनकाल में स्नान से शरीर के रस-रसायनों में यौवनकाल जैसा तेज प्राप्त होता है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है।

सूर्यनारायण दक्षिणायण से उत्तरायण होते हैं। मेडिकल साइंस की दृष्टि से इस अवधि में सूर्य की किरणों का सेवन अति लाभकारी है। आध्यात्मिक ऋषियों ने इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए पौष मास की पूर्णिमा से माघ मास की पूर्णिमा तक पवित्र नदियों में स्नान एवं भगवान के पूजन का उल्लेख किया है। प्रयाग में भारद्वाज ऋषि ने इसी अवधि में संगम स्नान के लिए आए याज्ञवल्क्य ऋषि से अपनी अज्ञानता को दूर करने की प्रार्थना की और याज्ञवल्क्य ऋषि ने श्रीहरि स्वरूप भगवान श्री राम की महिमा से उन्हें परिचित कराया था। श्रीराम के प्रति भक्ति का फल ही था कि वनगमन के समय निकले भगवान श्रीराम भरद्वाज ऋषि के आश्रम पर आए थे। ब्रह्मपुराण में 'अरुणोदयमारभ्य प्रातःकालवधि प्रभो, माघस्नानवतां पुण्यं क्रमात्तत्रावधारणा' (स्नान के काल की अवधि अरुणोदय से आरंभ कर प्रातःकाल कही गई है। माघ में माघस्नान करने वालों के लिए विशेष रूप से यह कहा गया है)। इसी पुराण में कहा गया है कि जो भगवान कृष्ण का ध्यान कर इस अवधि में स्नान करता है, वह देवपूजित होता है। पद्मपुराण में कहा गया है कि अशक्त व्यक्ति को भी कम से कम तीन दिन माघ माह में सूर्योदय के समय पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। प्रयाग के संगम में स्नान गंगा-सागर स्नान की तरह फलदायी है। नारद पुराण में होम-हवन का विधान बताया गया है। हवन में तिल के प्रयोग से अग्नि का प्रज्ज्वलन लाभदायी है। इस अवधि में दान की भी महिमा है जिसमें गर्म वस्त्रों आदि के साथ तिल के दान का विशेष उल्लेख है। तिल पदार्थ में एक चौथाई शर्करा (चीनी या गुड़) और तीन चौथाई तिल होना चाहिए। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक की अवधि भी नवरात्र व्रत की तरह है। लौकिक रूप से इसे गुप्त नवरात्र कहते हैं। इस समय ज्ञान की शक्तियां अज्ञान के महिषासुर का वध करती हैं।

# आधुनिकता के साथ संस्कार भी आवश्यक


डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> शिक्षा संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है।

आधुनिक युग में बच्चे संस्कार विहीन होते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण समाज में पाश्चात्य सभ्यता का हावी होना है। हमारा देश तरक्की कर रहा है, डिजिटल रिलेशन के युग में सभी काम मशीन से हो रहा है। यह अच्छी बात है, परंतु हर अच्छे काम के करने के तरीके में बुराई भी छिपी होती है। मशीन का उपयोग करने वाला किस प्रकार का व्यक्ति है, उसका आचरण कैसा है, वह विकास के लिए प्रतिबद्ध है अथवा उसका आचरण गलत है, यह उस पर निर्भर करता है। आज अपने बच्चों में संस्कार भरने की आवश्यकता है।

यह एक बड़ी अजीब सी बात हुई कि गत दो तीन माह में मेरे पास साथी शिक्षकों एवं अन्य साथियों तथा कुछ परिचितों ने दूरभाष पर बात हुई जिसमें उनका प्रश्न था कि हम बच्चों को जो कुछ भी शिक्षा दे रहे हैं, किताबें रटबा रहे हैं। उन सबमें संस्कार विकास कहां हैं? हम लोग बच्चों में संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। चाहें उनका घर हो, परिवार हो या फिर शिक्षण संस्थाएं कहीं भी संस्कार के विकास पर कार्य नहीं कर रहे हैं तो फिर हम शिक्षा से कर क्या रहे हैं?


आज अभिभावक अपने बच्चों से दूर होते जा रहे हैं। उन्हें खुद फुर्सत नहीं मिलती जिस कारण वे अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। बच्चे क्या कर रहे हैं कैसी संगति में हैं, उसकी निगरानी अभिभावकों द्वारा नहीं होने के कारण बच्चे संस्कार विहीन हो जाते हैं। बच्चों की प्रवृत्ति गलत कार्यों के प्रति ज्यादा होती है, ऐसे में उन्हें रोकने वाला कोई नहीं मिलता। यही कारण है कि वे बिगड़ते जाते हैं और संस्कार विहीन बन जाते हैं।

संस्कार का अर्थ है अच्छे गुण, अच्छे व्यवहार, अच्छे कर्म एवं अच्छा रहन-सहन। बच्चों को बचपन से प्रारंभ होकर जीवनपर्यंत संस्कार मिलते रहते हैं। बच्चों में संस्कार का गुण विकसित करने के लिए हमें घर में अच्छा माहौल बनाना होगा। बच्चों की प्रथम पाठशाला घर ही होता है और बच्चे के माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं। यदि बच्चों में संस्कार डालना है तो बचपन से ही उनमें अच्छे संस्कार डालने होंगे। बच्चे के माता-पिता, चाचा-चाची, दादा-दादी एवं अन्य परिवार सदस्य, जैसे-बातचीत एक दूसरे के साथ करना। व्यवहार, घर के समान तरीके से रखना, आगंतुक का स्वागत, सब काम तरीके से एवं समय से करना इत्यादि करते हैं। बच्चे भी यह सब देखकर एवं सुनकर उन्हीं चीजों का अनुसरण करते हैं। इसलिए बच्चों में संस्कार की नींव घर परिवार से ही डालनी होती है। समाज, छात्र के संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार, स्कूल, मित्रों, अध्यापकों, आदर्शों और सामाजिक परिवेश द्वारा प्रभावित होकर छात्र के व्यक्तित्व में संस्कारों का निर्माण होता है। एक समाज की मान्यताएं, संस्कृति, धार्मिक मान्यताएं, सामाजिक नीतियां और सामाजिक नियम आदि संस्कारों का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं।

शिक्षा भी संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है। शिक्षा छात्र को सोचने की क्षमता, न्याय और सही गलत का विवेचन करने की क्षमता, सामरिकता, स्वतंत्रता, सहनशीलता और दूसरों के प्रति सम्मान करने की क्षमता विकसित करती है। शिक्षा छात्र को संस्कृति के साथ एक समृद्ध सामाजिक और नैतिक जीवन के लिए तैयार करती है। संस्कार शब्द संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है सज्जन बनाना या निर्माण करना। इसे हम सामान्यतः शिक्षा, आदर्शों, संगठन, नैतिकता और सामाजिक नियमों के माध्यम से व्यक्ति में अपनाए जाने वाले गुणों का संकेत के रूप में भी जानते हैं। विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का महत्व अत्यंत प्रमुख होता है। यह उन गुणों और मूल्यों को सम्मिलित करता है, जो छात्र के व्यक्तित्व का आधार बनाते हैं और उसे समर्पित, सद्भावपूर्ण और सभ्य नागरिक बनाते हैं। संस्कारों के माध्यम से, विद्यार्थी सामाजिक, नैतिक और नैतिकतापूर्णता के मूल्यों को सीखते हैं, जो उन्हें अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में सफलता और सुख की प्राप्ति के लिए आवश्यक होते हैं। इस प्रकार संस्कारों का निर्माण सामाजिक और शैक्षिक माध्यमों के माध्यम से होता है, जो छात्र के व्यक्तित्व को स्वर्णिम बनाते हैं। संस्कारों का समावेश छात्र को उच्चतम मान्यताओं, नैतिकता, न्याय, समरसता, सहयोग, समानता, समाज सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की क्षमता प्रदान करता है। ये संस्कार उन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक सफलता की ओर ले जाते हैं और एक सद्भावपूर्ण, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

ऐसा व्यक्ति कभी अपने समय को व्यर्थ नहीं गंवाता। अपनी कड़ी मेहनत, लगन व ईमानदारी से अपने जीवन को तो संवारता ही है। साथ ही दूसरों का भी उद्धार करता है। वह अपनी शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित समाज का निर्माण करता है। लोगों में परस्पर प्रेम, सद्भावना एवं परोपकार का भाव जाग्रत करता है।

## साहित्यः रूप परिवर्तन


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक वह युग था, जब लिपि का विकास तो नहीं हुआ था, पर भाषा का विकास हो रहा था, संवाद होता था, साहित्य का एक रूप संवाद था। श्रुति-परंपरा, वाचिक-परंपरा, स्मृति परंपरा थी। लोकजीवन में गीत, कथा, गाथा और कहानियों का प्रचलन संवाद के साथ ही विकसित होने लगा था। नाटक आए। व्याख्यान और शास्त्रार्थ थे। एक युग वह भी आया, जब लिपि का विकास हुआ, लिपि का विकास हुआ तब साहित्य का रूप फिर बदला।

ताड़-पत्रों पर ग्रंथ लिखे जाने लगे सूत्रग्रंथ लिखे गए। पद्यात्मक रूप प्रधान रहा। वाचिक परंपरा का और विकास हुआ, हस्तलिखित ग्रंथों का विस्तार भी हुआ, किंतु समर्थ लोगों तक ही ग्रंथों की पंहुच थी। लिखिया होते थे। फिर मुद्रणालय आए। तब साहित्य का रूप फिर से बदला। अब गद्य रूप प्रधान होने लगा और उपन्यास-कहानी-निबंध-आलोचना आदि का प्रचार हुआ। ग्रंथों के साथ ही अखबार आए, खबर आई और उनकी पहुंच का व्यापक विस्तार हुआ।

ज्ञानविज्ञान के विभिन्न अनुशासनों को लेकर किताबें छपने लगीं और वे सामान्यजन तक पहुंचने लगीं। फिर रेडियो आया, वार्ता, परिचर्चा, रेडियोनाट्य, रिपोर्ताज जैसे साहित्य रूप आए। फिर मूवी आया। टौकी आया। फिल्म आई, पटकथा और संवाद। साहित्य की विधाओं का और अधिक विस्तार हुआ। दूरदर्शन आने के बाद साहित्य के लिए नाटक और परिचर्चा जैसे रूप मिले। साहित्य और ज्ञान-विज्ञान के दृश्यरूप और अधिक प्रभावी बन गए।

अब जब इंटरनेट आया है, साहित्य का रूप फिर से बदलने को है। ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है। माध्यम बदलने से साहित्य का रूप तो बदलता ही है, साहित्य की अंतर्वस्तु का भी विस्तार होता है। टेक्नोलॉजी किस प्रकार से साहित्य के रूप को प्रभावित करती है? इस विषय पर एक थीसिस लिखी जा सकती है। मुद्रण आने के बाद गद्य की कितनी विधाओं का विकास हुआ? रेडियो आने के बाद कितनी नई विधाएं

(रेडियो-नाट्य, रेडियो-रूपक, फीचर, वार्ता आदि) फिल्म आने पर नाट्य रूपों में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ और नौटंकी जैसे आयोजन धीरे-धीरे कम होते चले गए। टी.वी. आने के बाद तो साहित्य-विधाओं के साथ ही पत्रकारिता का भी रूप व्यापक हो गया है। आज इंटरनेट ने फिर से साहित्य और लोकसंवाद के नए-नए रूपों को विकसित किया है। भविष्य में ये सब नए रूप एक साहित्य-पत्रकारिता और संवाद का नया इतिहास बनाएंगे। अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है।

## परम तत्व चिंतन


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जिन परमात्मा में श्रेष्ठ बुद्धि वाले विप्रगण अपने मन को लगाते हैं तथा अपनी सब प्रकार की वृत्तियों को भी नियुक्त करते हैं, जिन्होंने अग्निहोत्र आदि समस्त शुभ कर्मों का विधान किया है, जो समस्त जगत के विचारों को जानने वाले और अद्वितीय हैं, उन सबसे महान, सर्वज्ञ परमेश्वर की हमें भूरि-भूरि स्तुति करनी चाहिए।

हे मन और बुद्धि, मैं तुम दोनों के स्वामी और समस्त जगत के आदि कारण परब्रह्म परमात्मा को बार-बार नमस्कार करके विनयपूर्वक उनकी शरण में जाकर उनमें संलग्न होता हूं। परमेश्वर की महिमा का जो मैंने वर्णन किया है, वह संपूर्ण जगत में व्याप्त हो जाए। दिव्य लोकों में निवास करने वाले परमात्मा के सभी पुत्र भी उनकी महिमा को भली-भांति सुनें।

परमात्मा की स्तुति के पश्चात ध्यान की स्थिति का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है कि जिस स्थिति में अरणिमंथन के लिए शरीर को नीचे की अरणि और ओमकार को ऊपर की अरणि बनाकर ओम का जप और उसके अर्थरूप परमात्मा का निरंतर चिंतनस्वरूप मंथन किया जाता है, जहां प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का विधिपूर्वक भली-भांति निरोध किया जाता है, जहां आनंद रूप सोमरस प्रचुर मात्रा में प्रकट होता है, उस ध्यानावस्था में मनुष्य का मन सर्वथा विशुद्ध होकर परमात्मा में संलग्न हो जाता है।

हे साधक संपूर्ण जगत के स्वामी परमेश्वर की इस प्रकार से स्तुति करके उनसे अनुमति प्राप्त कर तुम्हें सबके आदि उन पर ब्रह्म परमात्मा की ही सेवा करनी चाहिए, उन परमेश्वरम में ही आश्रय प्राप्त करना चाहिए। ऐसा करने से पहले किए हुए समस्त संचित कर्म विघ्नकारक व बंधन रूप नहीं होंगे।

# जब तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

> तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे।

देश की आजादी के बाद इतने बड़े राष्ट्र को चलाने और आगे बढ़ाने के लिए संविधान सभा में लंबा विचार-विमर्श चला। लोकतंत्र की अवधारणा को अपनाया गया और राज्य को संचालित करने की शक्ति लोक के हाथों में सौंपना तय किया गया। आधी सदी से अधिक समय बीत गया, बीते समय में हम आगे बढ़े, लेकिन समय से पीछे रह गए। समय हमसे तेज चल रहा है, लेकिन हमारी गति कम है, क्योंकि देश में गण और तंत्र अलग-अलग चल रहे हैं। यदि इन दोनों का साथ होता तो टीम-वर्क उभरकर आता और हम समय के साथ कदम ताल मिला लेते।

गणतंत्र के नाम पर हमें वोट देने का अधिकार मिला है। अच्छे और बुरे के बीच चुनाव करने का अधिकार हमें प्राप्त नहीं है, हमें वोट उसे देना है, जो कम बुरा है। गणतंत्र के नाम पर हमें बोलने का अधिकार मिला है, लेकिन उसे तंत्र सुनता नहीं, क्योंकि कुर्सी पर आसीन नेता और अफसर, जनता को मूर्ख समझते हैं। वे मानते हैं कि ये बेवजह हल्ला करने वाले नासमझ लोग हैं। वो समझते हैं कि 'ये' करेंगे, ये समझते हैं 'वो' करेंगे और दोनों एक-दूसरे की ओर संदेह भरी निगाह से देख रहे हैं। जब कुछ हासिल होता दिखाई नहीं पड़ता तो 'ये' 'वो' को गरिया रहा है और 'वो' 'ये' को। दोनों के बीच का पुल संविधानसभा में बनाया गया था, लेकिन पुल पुराना पड़ता गया। सत्ता ने हौले-हौले पुल की नींव हटा दी, पुल भसक कर जमींदोज हो गया। अब प्रजा एक छोर पर खड़ी है और तंत्र दूसरे छोर पर, यही आज का बचा-खुचा गणतंत्र है। दोनों मिलकर गाना गा रहे हैं, 'पुकार लो, तुम्हारा इंतज़ार है।' ऐसा नहीं है कि प्रगति नहीं हुई है। पुलिस का उदाहरण लेते हैं। आजादी के पहले पुलिस के हाथ में डंडा और बन्दूक थे, अब स्टेनगन है उनके हाथों में। ये स्टेनगन लोक की रक्षा के लिए नहीं है, तंत्र की रक्षा के लिए तैनात है। लोक अपनी रक्षा स्वयं करे, तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन तंत्र की रक्षा लोक करे। क्योंकि तंत्र का जीवन लोक के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है। सही तो है तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा? लोक का क्या है? रहे न रहे। न्याय व्यवस्था को देख लीजिए, लोग इस उम्मीद में न्यायालय जाते हैं कि उनके मध्य विवाद का निपटारा होगा, लेकिन वादी-प्रतिवादी निपट जाते हैं, विवाद का समाधान नहीं होता, तारीख पर तारीख मिलती है। न्यायालयों की अढ़धप में फंसे व्यक्ति की जो आर्थिक और मानसिक दुर्दशा होती है उसे वही व्यक्ति जानता है जिसे मुकदमा लड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हो। जज से लेकर मुंशी तक, हर व्यक्ति आमजन को इस कदर अपमानित और तंग करता है कि वह अदालत जाने के नाम से कान पकड़ लेता है। क्या संविधान सभा ने ऐसी निकृष्ट न्याय व्यवस्था की उम्मीद की होगी?

कोई भी पार्टी होसबके नेता नौटंकीबाज हैं। सबको अपनी फिक्र है, गण की नहीं। गण तो उनके ऊपर पहुंचाने की सीढ़ी हैं, ऊपर पहुंच गए, खेल खत्म, पैसा हजम। शासक और प्रशासक आपस में मिलीभगत करके आमजन के जीवन को कष्ट में डालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, लेकिन गीत जन कल्याण के गाएंगे। ईमानदारी का भजन गाने राजनीतिज्ञ वाले बेईमानी के धन से चुनाव लड़ते हैं और जीतने के बाद वसूली अभियान चलाते हैं, जो हार जाता है वह भुट्टे की तरह जलता-भुंजता-कुढ़ता रह जाता है।

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है, जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है, लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे। आगे भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता रहेगा, क्योंकि यह संविधान को सम्मान देने का उत्सव है। काश गणतंत्र दिवस की भावना को समझते हुए अपनी शक्ल संविधान के पन्नों में देखें और गलतियों को सुधारने का यत्न करें अन्यथा अगली पीढ़ी हमें माफ नहीं करने वाली।

# बंधन से मुक्ति


रामनाथ द्विवेदी
कानपुर

> ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है।

यदि कोई व्यक्ति अपने को विद्वान की श्रेणी में मानता है तथा जाति का समर्थन करता है या किसी मनुष्य को दलित कहता है तो मूल रूप से वह सनातनी नहीं है। जाति व्यवस्था एवं दलित शब्द मुगलों की देन है। पराजित कोम को दास बना बनाते थे और दास बना करके विक्रय किया करते थे, क्योंकि वे असहाय थे। उनके साथ पशुवत व्यवहार करते थे और आज भी प्रचलन में है। हमारे यहां गरीब ब्राह्मण था जिसकी कोई आजीविका नहीं थी। मात्र भिक्षाटन था। यहां तक की भगवान विष्णु ने बलि को छलने के लिए ब्राह्मण का रूप धारण करके वावनअवतार लिया था। ब्राह्मण तीनों वर्णों से भिक्षाटन करता था और सारा जीवन राष्ट्र के अभ्युदय में लगता था। गरीब होना हमारे समाज में अपमान नहीं माना जाता था अपितु ब्राह्मण सबसे सम्मानित था। क्योंकि उसके पास विद्या थी तप था समाज एवं राष्ट्र की सेवा थी। इसीलिए ब्राह्मण के पर्यायवाची सभी विद्वान सूचक शब्द है। ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है। इसीलिए हमारे सनातन धर्म की धुरी में महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि एवं महर्षि सूत जी है, जो सभी निम्न वर्ण के थे तथा लगभग सभी सनातन धर्म ग्रंथों की रचना की है। श्रीमद् भागवत गीता महाभारत का अंश है जिसकी रचना महर्षि व्यास ने की है। वेदों में भी भूमि दास एतरेय, महर्षि सत्यकाम जावाल इसी प्रकार दस अन्य महर्षि निम्न वर्ण के थे। इतना ही नहीं महाराज काशी नरेश मीराबाई संत शिरोमणि रविदास के शिष्य थे। राष्ट्र की प्रगति के लिए सनातनी बने। जातिवादी बनकर के स्वार्थी एवं अवसरवादी न बने स्वार्थी एवं अवसरवादी व्यक्ति कभी विद्वान नहीं होता। वस्तुतः सनातन धर्म आर्य धर्म है, जो जीवन में व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करता है बंधन नहीं। महर्षि वशिष्ठ जब भगवान राम को शिक्षा दे चुके तो उनसे कहा अब तुम मुक्त हो और तुम अपने विवेक से काम करो। सा विद्या या विमुक्त ये। ज्ञान वही है, जो बंधन से मुक्ति प्रदान करें।

# कबीर मगहर महोत्सव 2024

का

## उद्घाटन

**श्री अखिलेश सिंह** आई.ए.एस.
आयुक्त, बस्ती मण्डल, बस्ती
के कर कमलों द्वारा
दिनांक 28 जनवरी 2024 को सायं 6:00 बजे सम्पन्न होगा।

आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम :
लेजर शो, कलर्स ऑफ इंडिया डांस, कबीर कैफे नाइट
स्थान – कबीर स्थली, मगहर, संतकबीरनगर


विचार दास
महंत, कबीर चौरा मगहर


शैलेश दूबे
एसडीएम खलीलाबाद/सचिव
कबीर महोत्सव समिति


महेंद्र सिंह तंवर
डीएम/अध्यक्ष कबीर महोत्सव समिति

**संत कुमार** पी.डी.एस.
मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर

**सत्यजीत गुप्ता** आई.पी.एस.
पुलिस अधीक्षक
संतकबीरनगर

**महेन्द्र सिंह तंवर** आई.ए.एस.
जिलाधिकारी
संतकबीरनगर

## सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दिनांक : 28.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| • स्वागत विद्यालय कार्यक्रम | | अपरान्ह 01:00 से सायं 04:00 बजे |
| • आशीर्वचन | महन्त विचारदास | सायं 04:00 से 06:00 बजे |
| • दीप प्रज्वलन | मुख्य अतिथि द्वारा | सायं 06:00 से 06.15 बजे |
| • लेजर शो | | सायं 06:15 से 07.00 बजे |
| • कलर्स ऑफ इंडिया डांस | | सायं 07:00 से 08.00 बजे |
| • कबीर कैफे नाइट्स | | रात्रि 08:00 से 11.00 बजे |

**दिनांक : 29.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| • एड्स एण्ड कोविड-19 जागरूकता | सी.एम.ओ. एवं सी.एम.एस. | पूर्वान्ह 11:00 से 03:30 बजे |
| • लोक नृत्य | साक्षी श्रीवास्तव | सायं 03.30 से 05.00 बजे |
| • बॉलीवुड नाइट | आसित त्रिपाठी | सायं 05:00 से 08.00 बजे |
| | मुख्य अतिथि- मा. अध्यक्ष श्री जगदम्बा लाल श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष, भाजपा, संतकबीरनगर | |
| • जवाबी कौवाली | प्रायोजक- नगर पंचायत, मगहर | रात्रि 08:00 से 11.00 बजे |

**दिनांक : 30.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| • विभागीय प्रदर्शनी | सम्बन्धित विभाग | पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 01:00 बजे |
| (दंगल, दौड़, कुश्ती) | जिला क्रीड़ा अधिकारी | |
| • सर्वधर्म सद्भाव सम्मेलन | आयोजक- महंत विचारदास जी | अपरान्ह 01:00 बजे 03.00 बजे |
| • स्थानीय कलाकार | | अपरान्ह 03:00 से 04:00 बजे |
| • कथक | धीरेन्द्र कुमार पांडेय | अपरान्ह 04:00 से 06:00 बजे |
| • कैलाश खेर नाइट | | सायं 06:00 बजे से 11.00 बजे |
| | मुख्य अतिथि- इंजी. प्रवीण निषाद, मा. सांसद, लोकसभा क्षेत्र, संतकबीरनगर | |

**दिनांक : 31.01.2024**

| | | |
|---|---|---|
| • पर्यावरण गोष्ठी | प्रायोजक- वन विभाग | पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 01:00 बजे |
| • भजन गायन | दीवाकर चौधरी, गोरखपुर | अपरान्ह 01:00 बजे 02.00 बजे |
| • लोकगीत भजन | प्रभाकर शुक्ल | अपरान्ह 02:00 से 03:00 बजे |
| • अजब मशीन की गजब कहानी | सरिता यादव | अपरान्ह 03:00 से 04:30 बजे |
| • कथक एवं लोक नृत्य | पर्णिका श्रीवास्तव | सायं 04:30 बजे से 06.00 बजे |
| • स्थानीय कवि व शायर | | सायं 06:00 बजे से 07.00 बजे |
| • कवि सम्मेलन व मुशायरा | | सायं 07:00 बजे से 11.00 बजे |
| | मुख्य अतिथि- मा. विधायक श्री अनिल त्रिपाठी, वि.स. मेंहदावल | |

**दिनांक : 01.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| • स्थानीय कलाकार | | पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 12:00 बजे |
| • लोक गायन व भजन | चेता सिंह | दोपहर 12:00 बजे से 01.00 बजे |
| • भजन व लोकगीत | डॉ. रंजना अग्रहरि | अपरान्ह 01:00 से 03.00 बजे |
| • आपदा जागरूकता अभियान | आयोजक - आपदा विशेषज्ञ | अपरान्ह 03:00 से 04.00 बजे |
| • अवधी लोक नृत्य | कारवा फाउण्डेशन | सायं 04:00 से 06.00 बजे |
| • जस्सी गिल व बब्बल राय | पंजाबी नाइट | रात्रि 06:00 से 11.00 बजे |
| | मुख्य अतिथि- मा. विधायक, श्री अंकुर राज तिवारी, वि.स. खलीलाबाद | |

**दिनांक : 02.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| • सामूहिक विवाह | | पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 02:00 बजे |
| • जादूगर | राकेश श्रीवास्तव | दोपहर 02:00 बजे से 04.00 बजे |
| • सूफी नृत्य नाटिका | कबीरा | सायं 04:00 से 05.30 बजे |
| • लोक नृत्य | विजय लक्ष्मी | सायं 05:30 से 06.30 बजे |
| • वर्ल्ड वेटलैण्ड डे कार्यक्रम | | सायं 06:30 से 07.30 बजे |
| • एक शाम भगवान श्रीराम के नाम | स्वाति मिश्रा एवं सिया के राम | रात्रि 07:30 से 11.00 बजे |
| | मुख्य अतिथि- मा. विधायक, श्री गणेश चौहान, वि.स. धनघटा | |

**दिनांक : 03.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| • विधिक साक्षरता कार्यक्रम | आयोजक- मा. अपर जिला सत्र न्यायाधीश संतकबीरनगर के द्वारा | पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 03:00 बजे |
| • भजन लोकगीत | कमलेश उपाध्याय हरीपुरी | अपरान्ह 03:00 बजे से 04.00 बजे |
| • आत्मनिर्भर फैशन शो रैंपवॉक | श्यामली जायसवाल | सायं 04:00 से 04.30 बजे |
| • स्मारिका विमोचन एवं समापन | मुख्य अतिथि- पुलिस महानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती द्वारा | सायं 04:30 से 06.00 बजे |
| • भोजपुरी नाइट | अक्षरा सिंह | सायं 6:00 से 11.00 बजे |

# कार्यालय नगर पंचायत हैसर बाजार घनघटा, जनपद– संतकबीरनगर

पत्रांक मेमो/न0प0 | दिनांक 25.01.2024

**गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के शुभ अवसर पर नगर पंचायत हैसर बाजार घनघटा आप सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामना प्रदान करती है, तथा नगरवासियों से निम्न अपेक्षाए करती है**

1. आप सभी नगरवासी अपने– अपने वार्ड में एक घण्टा श्रमदान कर सफाई कर्मियो के साथ सफाई कार्य करावें।
2. यह नगर आप का अपना है, जिसको स्वच्छ एवं साफ रखना आपका भी दायित्व है।
3. नगर में पालिथीन पूर्णतया प्रतिबंधित है, किसी भी रूप में इसका प्रयोग न करें।
4. खुले में शौच न करे, शासन द्वारा निर्मित घरेलू / सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।
5. नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर ही घरो का कूड़ा डालें।
6. सार्वजनिक स्थानों पर पान गुटका खाकर ना थूकें।
7. नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग प्रदान करें।
8. नगर पंचायत को सुन्दर बनाये जाने हेतु यदि आपका कोई सुझाव हो तो अवश्य अवगत करावें।
9. नगर पंचायत के करो को समय से जमा करें।


**उमेश कुमार**
ईओ नगरपंचायत हैंसरबाजार–धनघटा, संतकबीरनगर


**नील मणि**
चेयरमैन प्रतिनिधि
नगरपंचायत हैंसरबाजार–धनघटा


**रिंकू मणि**
चेयरमैन
नगरपंचायत हैंसरबाजार–धनघटा

# कार्यालय नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद– संतकबीरनगर

पत्रांक 845/न0पा0 | दिनांक 25.01.2024

**गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद खलीलाबाद आप सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामना प्रदान करती है, तथा नगरवासियों से निम्न अपेक्षाए करती है:**

1. आप सभी नगरवासी अपने अपने वार्ड में एक घण्टा श्रमदान कर सफाई कर्मियो के साथ सफाई कार्य करावें।
2. यह नगर आप का अपना है, जिसको स्वच्छ एवं साफ रखना आपका भी दायित्व है।
3. नगर में पालिथीन पूर्णतया प्रतिबंधित है, किसी भी रूप में इसका प्रयोग न करें।
4. खुले में शौच न करे, शासन द्वारा निर्मित घरेलू सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें।
5. नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर ही घरो का कूड़ा डालें।
6. सार्वजनिक स्थानों पर पान गुटका खाकर ना थूकें।
7. नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग प्रदान करें।
8. नगर पालिका को सुन्दर बनाये जाने हेतु यदि आपका कोई सुझाव हो तो अवश्य अवगत करावें।
9. नगर पालिका के करो को समय से जमा करें।

सम्मानित सभासद गण – वार्ड संख्या 1–श्रीमती रीतू भारती, 2– श्रीमती मीरा, 3–श्री अवधेश चौरसिया, 4–दिलीप कुमार, 5–श्री भागवत मौर्य, 6–श्री अरविंद, 7–श्रीमती प्रीती मिश्रा, 8– श्री राम प्रताप, 9–श्रीमती सलमा खातून, 10–श्रीमती जानकी देवी, 11–श्री बैजनाथ, 12–श्रीमती साजिदा खातून, 13– मोहम्मद असलम अंसारी, 14– श्री अजीजुर्रहमान, 15– श्रीमती सुनीता, 16– श्री ऋषि यादव, 17–श्रीमती सावित्री, 18– श्री वीरेन्द्र यादव, 19–श्रीमती सीमा, 20–श्री बिपिन कुमार, 21–श्रीमती सोनी, 22–श्री आतिफ हसन, 23–श्री सुनील प्रजापति, 24–श्रीमती नसीबुन्निशा, वार्ड संख्या 25–श्री रोहित पाण्डेय।


**शैलेश दूबे**
ईओ/एसडीएम
खलीलाबाद, संतकबीरनगर।





**जगत जायसवाल**
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद खलीलाबाद
संतकबीरनगर


समस्त जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
!! जय श्री राम !!
!! भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद !!
!! भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद !!
मोरि सुधारिहि सो सब भाँती। जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती।।
राम सुस्वामि कुसेवकु मोसो। निज दिसि देखि दयानिधि पोसो।।
अयोध्या में
श्री रामलला जी के
प्राण प्रतिष्ठा
पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक
शुभकामनायें
सौरभ गुप्ता
चेयरमैन प्रतिनिधि
मिताली गुप्ता
नगर पंचायत अध्यक्ष
तिर्वागंज कन्नौज
जय श्री राम
जय श्री राम
शुभ्रान्त शुक्ल
जिलाधिकारी, कन्नौज
आशीष सिंह
एडीएम कन्नौज
उमेश कुमार सिंह
अधिशाषी अधिकारी
सम्मानित सभासदगण
अवकाश अवस्थी
सुभाष नगर
अवनीश कुमार
बौद्ध नगर
आशा देवी
अशोक नगर
ऊषा देवी
गांधी नगर
कुसुम देवी
इंद्रा नगर
कृष्ण प्रताप सिंह
कालिका नगर
पूजा
अम्बेडकर नगर
दीपक कुमार
अन्नपूर्णा नगर
निधि गुप्ता
शास्त्री नगर
गायत्री देवी
जवाहर नगर
महलका परवीन
आज़ाद नगर
विकास गुप्ता
मंडी बाजार
विजय कुमार
लोहिया नगर
सतेंद्र कुशवाहा
दुर्गा नगर
सौरव कुमार
रानीअवंती बाई नगर
निवेदक - नगर पंचायत अध्यक्ष, सम्मानित सभासदगण एवं समस्त मतदातागण तिर्वागंज कन्नौज

# 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए हर कदम उठाने को तैयार: कांग्रेस

## पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम के बीच रखा पक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस ने बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) नहीं बिखरेगा और वह इसे मजबूत बनाने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार की 'इंडिया' गठबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान है तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनसे बातचीत करने के प्रयास किए, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

बिहार को लेकर रमेश का कहना था कि गठबंधन में परिस्थिति बेहतर हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन को मजबूत करने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। सीट बंटवारे पर विलंब से जुड़े सवाल पर रमेश ने कहा, 'यह कहना गलत है कि कांग्रेस की वजह से सीट बंटवारा नहीं हो सका। राज्यों में हमारी मजबूत इकाइयां हैं। मुझे लगता है कि कुछ दिनों के भीतर हम सहमति बना लेंगे।'

एक सवाल के जवाब में रमेश ने यह भी कहा कि 'इंडिया' गठबंधन नहीं बिखरेगा। रमेश ने कहा कि ममता बनर्जी को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होना चाहिए। उनका कहना था कि गांधी परिवार और कांग्रेस नेतृत्व ममता बनर्जी का बहुत सम्मान करते हैं। नीतीश के भाजपा के साथ जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर रमेश ने कहा, 'बिहार में नए मंत्रिमंडल के गठन की बात हो रही है। भूपेश बघेल जी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। बघेल जी शनिवार रात ही पटना पहुंच जाएंगे।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ममता और नीतीश 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बने रहेंगे। एक सवाल के जवाब में रमेश ने भगवद् गीता का श्लोक पढ़ा, 'अर्जुन भगवान कृष्ण से कहते हैं, जो हमारे भाई हैं, सहयोगी हैं, नहीं मानते हैं कि वंश का सर्वनाश होना और विश्वासघात करना पाप है, हम यह जानते हुए भी उनके रास्ते में क्यों चलें? आप समझ सकते हैं कि मैं क्या कहना चाहता हूं।'

### नीतीश का हर निर्णय बिहार के हित में : जदयू

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हर निर्णय बिहार के हित में होता है और वह जो भी फैसला लेंगे, उसका राज्य की जनता समर्थन करेगी। रंजन ने कहा कि नीतीश कुमार देश के उन गिने चुने नेताओं में से एक हैं, जिनके जीवन का हर क्षण बिहार की जनता के लिए समर्पित है। उन्हें न तो अपने परिवार को राजनीति में स्थापित करने में दिलचस्पी रही है और न ही शाही जीवन जीने में। उनके लिए जनता ही परिवार है और जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी।

## धन शोधन मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री को नया समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक नया समन जारी कर उन्हें अगले सप्ताह धन शोधन मामले कि जांच में फिर से शामिल होने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोरेन को यह बताने के लिए कहा गया है कि वह पूछताछ के लिए 29 जनवरी या 31 जनवरी में से किस दिन आएंगे।

केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री को 27 से 31 जनवरी के बीच किसी भी तारीख पर जांच में शामिल होने के लिए कहा था, लेकिन कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिलने पर प्रवर्तन निदेशालय ने 48 वर्षीय नेता को एक नया समन जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मामले में पहली बार 20 जनवरी को सोरेन का बयान दर्ज किया था। प्रवर्तन निदेशालय के जांचकर्ता रांची में उनके आधिकारिक आवास पर गए थे और पीएमएलए के तहत बयान दर्ज किए थे।

# हमारे सात विधायकों को तोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपये की पेशकश की गई: केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री बोले- भाजपा की दिल्ली सरकार गिराने की साजिश



आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में उसकी सरकार को गिराने के लिए उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए देने की पेशकश की है। वहीं, भाजपा की दिल्ली इकाई ने इन आरोपों का खंडन किया है और 'आप' को सात विधायकों और जिन लोगों ने उनसे संपर्क किया था, उनके नाम सर्वजनिक करने की चुनौती दी है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि 'उन्होंने' (भाजपा) उनकी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क किया और उन्हें चेतावनी दी कि आप संयोजक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।' केजरीवाल ने कहा, 'पिछले दिनों इन्होंने दिल्ली के हमारे सात विधायकों से संपर्क कर कहा- 'कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे।' केजरीवाल के अनुसार, फोन करने वाले ने आप के 21 विधायकों से बात हो जाने का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए और दिल्ली सरकार के गिर जाने के बाद चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का टिकट दिए जाने का वादा किया गया।

केजरीवाल ने कहा, 'उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है, लेकिन हमारी जानकारी के अनुसार, उन्होंने अब तक सात विधायकों से ही संपर्क किया है और सभी ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।' उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में आप सरकार को गिराने के लिए कथित शराब घोटाले के सिलसिले में उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। केजरीवाल ने कहा, 'हमारी सरकार को गिराने के लिए पिछले नौ साल में इन्होंने कई षड्यंत्र रचे, लेकिन इन्हें कोई सफलता नहीं मिली।'

### भाजपा ने दिल्ली में शुरू किया ऑपरेशन लोटस: आतिशी

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में 'ऑपरेशन लोटस (कमल) 2.0' शुरू किया है। आतिशी ने कहा, 'उन्होंने आप विधायकों को पैसे की पेशकश कर अपने पाले में करने की इसी तरह की कोशिश पिछले साल भी की थी, लेकिन वे असफल रहे।' भाजपा की दिल्ली इकाई के सचिव हरीश खुराना ने आतिशी को चुनौती दी कि वे अपने सातों विधायकों और उन लोगों के भी नाम बताएं, जो प्रस्ताव लेकर उनके पास पहुंचे थे।

## एक नजर

### मस्जिद में नशे की हालत में अपशब्द बोलने वाला गिरफ्तार

**मंगलुरु।** मंगलुरु के कवूर पुलिस थाना क्षेत्र के मरक्कड़ गांव में मिल्लत नगर मस्जिद में नशे की हालत में अपशब्दों का उपयोग करने वाले हनुमंथ नामक एक मजदूर को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना का वीडियो क्षेत्र में सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को कवूर थाना क्षेत्र में स्थित उक्त मस्जिद में दोपहर के समय नशे की हालत में यह मजदूर घुस गया और अनाप-शनाप बोलने लगा। उन्होंने बताया कि बाद में उसने कथित तौर पर अपशब्दों भी बोले। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने इस घटना की वीडियो बना लिया, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बगालोकोट्टे के मूल निवासी इस मजदूर को आज गिरफ्तार कर लिया। हनुमंथ बीस दिनों पूर्व मजदूरी के लिए मंगलुरु आया था। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री हरमोहन धवन का निधन

**चंडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और चंडीगढ़ के पूर्व सांसद हरमोहन धवन का लंबी बीमारी के बाद शनिवार शाम को मोहाली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। आम आदमी पार्टी (आप) नेता प्रदीप छाबड़ा ने यह जानकारी दी। धवन 83 वर्ष के थे। कांग्रेस के पूर्व सांसद पवन कुमार बंसल और भाजपा के पूर्व सांसद सत्यपाल जैन समेत कई नेताओं ने धवन के निधन पर दुख जताया। धवन 1989 में चंडीगढ़ के सांसद चुने गए थे। वह चंद्रशेखर सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री भी रहे। धवन बसपा, कांग्रेस और भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक संगठनों से जुड़े रहे। धवन 2018 में आप में शामिल हो गए थे।

## यूनिटेक के पूर्व प्रवर्तकों संजय-अजय चंद्रा को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रियल्टी कंपनी यूनिटेक के पूर्व-प्रवर्तकों संजय चंद्रा और अजय चंद्रा को घर खरीदारों को ठगने के एक मामले में शनिवार को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि वे लगभग छह साल तक जेल में हैं और मामले में बड़ी संख्या में गवाह होने के कारण आगे की जांच और सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है।

हालांकि, चंद्रा बंधु अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि वे धनशोधन मामले में आरोपी हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नवजीत बुद्धिराजा ने कहा कि आरोपी लंबे समय तक कैद में रहे हैं और गवाहों की अधिक संख्या के कारण आगे की जांच और सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है।

## लोकरंग



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में विश्व प्रसिद्ध लोकरंग उत्सव शुरू हो चुका है। रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए हर बार की तरह देसी-विदेशी कलाकार अपनी संस्कृति की झलक पेश करने पहुंचे हैं। यह उत्सव 30 जनवरी तक चलेगा। ● एजेंसी

## इसरो मौसम संबंधी उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए तैयार

**बेंगलुरु।** इसरो ने शनिवार को कहा कि उसके मौसम संबंधी उपग्रह इनसेट-3डीएस को जीएसएलवी एफ14 पर प्रक्षेपण के लिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर के लिए रवाना कर दिया गया है। उपग्रह ने यू.आर. राव उपग्रह केंद्र, बेंगलुरु में उपग्रह संयोजन, एकीकरण और परीक्षण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया था। उपग्रह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के साथ एक उपयोगकर्ता-वित्त पोषित परियोजना है, जिसे 2275 किलोग्राम के 'लिफ्ट-ऑफ' द्रव्यमान के साथ इसरो के आई-2के बस प्लेटफॉर्म के आसपास संयोजित किया गया है। उपग्रह के निर्माण में भारतीय उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## शादी से किया इनकार तो दूसरे समुदाय के प्रेमी ने युवती के भाई-मां को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़ा बाईपास के पास अपनी नर्सरी पर थे दोनों, हथौड़े और नुकीले औजार से सिर पर किए ताबड़तोड़ वार

**अमृत विचार :** शादी करने से इन्कार करने पर युवती के दूसरे समुदाय के प्रेमी राशिद ने उसकी 45 वर्षीय मां मीना और 22 वर्षीय भाई नेत्रपाल की हथौड़े और नुकीले औजार से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। शुक्रवार रात घने कोहरे के दौरान राशिद ने उस वक्त वारदात की जब मीना और नेत्रपाल दोनों इज्जतनगर इलाके में अपनी नर्सरी पर थे। युवती का रिश्ता कुछ ही दिन पहले मीरगंज के गांव मसीहाबाद के संजीव के साथ तय होकर टूट गया था। युवती के पिता भूपराम ने संजीव के खिलाफ रिपोर्ट लिखा दी, लेकिन कुछ ही देर बाद साफ हो गया कि मां-बेटे की हत्या संजीव ने नहीं बल्कि राशिद ने की है।

डोहरा गौंटिया में रहने वाले भूपराम बड़ा बाईपास पर लालपुर गांव के पास त्रिदेव नाम से नर्सरी चलाते हैं जहां पास ही में उन्होंने एक कमरा ले रखा था जिसमें रात को पत्नी मीना के साथ रुकते थे। बेटा नेत्रपाल शाम को नर्सरी से घर चला जाता था। भूपराम के मुताबिक शुक्रवार शाम वह एक व्यक्ति के यहां पौध लगाने गए हुए थे। इसी बीच करीब साढ़े आठ बजे उनकी पत्नी और बेटे की हत्या कर दी गई। कुछ देर बाद नजदीक ही पंक्चर जोड़ने की दुकान चलाने वाले अबरार इधर से गुजरे तो नर्सरी के बराबर रास्ते पर नेत्रपाल का लहूलुहान शव पड़ा देखकर भूपराम को फोन किया।

बाद में मीना का शव भी पास ही एक प्लॉट में पड़ा मिला। दोनों के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए गए थे। पुलिस को सूचना दी गई।

## अपहरण मामले में पूर्व सपा विधायक अमरमणि की जमानत याचिका खारिज

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 22 साल पुराने एक अपहरण के मामले में पूर्व सपा विधायक अमरमणि त्रिपाठी की जमानत याचिका वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दी है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने दस्तावेजों के बेमेल और आर्डर शीट गलत दाखिल होने के कारण बेहतर विवरण के साथ नया आवेदन दाखिल करने की शर्त पर इस आवेदन को वापस लेने की अनुमति मांगी। आवेदक की ऐसी प्रार्थना पर सरकारी अधिवक्ता ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई। अतः कोर्ट ने आवेदन को उपरोक्त स्वतंत्रता के साथ वापस लिया मानकर खारिज कर दिया। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। गौरतलब है कि वर्ष 2001 को बस्ती जिले के व्यवसायी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था। व्यवसायी का बेटा सुबह स्कूल जाते समय एक गुप्ता परिवार के घर के सामने से अपहृत कर लिया गया था।

## कोविंद ने एक साथ चुनाव कराने पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** देश में विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर उच्च स्तरीय समिति के प्रमुख और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ परामर्श किया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को बताया गया कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ अपने विचार-विमर्श को जारी रखते हुए कोविंद ने मेघालय उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा से भी मुलाकात की, जिन्होंने इस विषय पर अपनी राय दी।

## कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने पर करे विचार: प्रमोद कृष्णम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिहार के मुख्यमंत्री पर कांग्रेस नेता ने दिया बड़ा बयान

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता और संभल स्थित कल्कि पीठ के प्रमुख आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया है। कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्षी गठबंधन को खतरे में बताया है, उनका यह बयान सोशल मीडिया में भी वायरल है। कृष्णम ने इस बात को अपने एक्स अकाउंट पर भी पोस्ट किया है। उन्होंने शुक्रवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ जाएंगे? इस प्रश्न पर कांग्रेस नेता का कहना है कि नीतीश कुमार अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि जनता दल एकीकृत (जेडीयू) और उनके नेताओं का कर्म उनके इस आचरण और व्यवहार के असल कारण हैं। जो इंडिया गठबंधन विपक्ष के लिए नई उम्मीद थी, वो खतरे में दिख रहा है। कृष्णम अयोध्या में भगवान श्रीराम के विग्रह स्थापना और कांग्रेस प्रमुख के आमंत्रण स्वीकार नहीं करने के मामले को लेकर अपने बयान से भी चर्चा में रहे हैं। उधर, कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर चुके वरिष्ठ कांग्रेसी प्रियंका गांधी बाड्रा के राजनीतिक सलाहकारों में शुमार हैं। कृष्णम ने आम चुनाव को लेकर भी पार्टी से अपनी राय रखी है।

# उत्तराखंड

## विस सत्र 5 से, यूसीसी कानून हो सकता है लागू

संवाददाता, देहरादून

- विधानसभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना, 5 सदस्यों की समिति ने पूरा कर लिया है ड्राफ्ट

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विधानसभा का सत्र आगामी 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से आरंभ होगा, जिसकी विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की दी है।

विधानसभा के सचिव हेम चंद्र पंत ने बताया कि राज्यपाल ने उत्तराखंड की पंचम विधानसभा को वर्ष 2023 के द्वितीय सत्र के लिए 5 सितंबर 2023 को आहूत किया था, जो 8 सितंबर 2023 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था। इसी क्रम में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने 5 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे से सत्र पुनः आहूत किया है। वहीं, सूत्रों के अनुसार, सरकार का सत्र का एजेंडा क्या है, इस बारे में अभी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन माना जा रहा है कि सरकार इस विधानसभा सत्र में कैबिनेट में पास किए गए प्रस्तावों के साथ ही यूसीसी का कानून लाने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की ड्राफ्ट रिपोर्ट भी पेश कर सकती है। वैसे भी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिछले दिनों कह ही चुके हैं कि यूसीसी के लिए बनाई गई 5 सदस्यों की समिति ने ड्राफ्ट पूरा कर लिया है। ड्राफ्ट मिलते ही जल्दी विधानसभा का सत्र बुलाकर नागरिक संहिता का कानून उत्तराखंड में लागू कर दिया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर हर्ष फायरिंग, निदेशक घायल

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान गार्ड ने हर्ष फायरिंग कर दी। समारोह में गार्ड के ठीक सामने खड़े शुगर मिल के अधिशासी निदेशक पेट में छर्रे लगने से घायल हो गए। निदेशक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि आरोपी गार्ड के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी को सोशल मीडिया पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान एक सुरक्षाकर्मी द्वारा लापरवाही से बंदूक द्वारा फायर होने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के अनुसार, झंडारोहण के समय मिल के सुरक्षा गार्ड (पीआरडी जवान) सुभाष वर्मा ने अचानक हर्ष फायरिंग की। गार्ड की बन्दूक से चली गोली जमीन पर लगकर उसके छर्रे मिल के अधिशासी निदेशक के पेट में जा लगे जिससे वह घायल हो गए। इस दौरान वहां स्कूली बच्चे, मिल स्टाफ तथा काफी संख्या में लोग मौजूद थे, जिससे घटना और भी ज्यादा गंभीर हो सकती थी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बंदूक को लोड करते समय पीआरडी जवान की लापरवाही से यह घटना हुई। इस मामले में कार्यवाही की जा रही है।

## धीमा जहर देने के शक में मां की हत्या

संवाददाता, देहरादून

**सनसनीखेज**

- हत्यारोपी बेटे को है अल्सर इंटरनेट से मिला अधूरा ज्ञान बना कारण

**अमृत विचार:** बेटे को अल्सर की बीमारी है। उसने इस बीमारी का कारण इंटरनेट पर सर्च किया तो जानकारी मिली कि यह बीमारी स्लो प्वाइजन देने से होती है। इंटरनेट से मिले आधे अधूरे ज्ञान का यह सनसनीखेज अंजाम हुआ कि शुक्रवार देर रात बेटे ने इस बात पर हुई बहस के बाद मां की गला दबाकर हत्या कर दी।

थानाध्यक्ष प्रेम नगर के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 6:25 बजे सूचना मिली कि स्पेशल विंग प्रेम नगर निवासी माधो सिंह पुत्र दिलीप सिंह मूल निवासी ग्राम कलाल, चम्पावत के छोटे पुत्र अजय ने अपनी माता चंद्रा देवी (52) की गला घोटकर हत्या कर दी है। पुलिस के मौका मुआयना के दौरान चंद्रा देवी का शव घर के अन्दर पड़ा मिला। मौके से गिरफ्तार किए गए हत्यारोपी अजय (24) ने पूछताछ में बताया कि उसे अल्सरेटिव कोलाइटिस (अल्सर) की बीमारी है, जिसके बारे में उसके द्वारा इंटरनेट पर सर्च किया तो उसे जानकारी मिली कि यह बीमारी स्लो प्वाइजन देने से होती है। जिस पर उसे शक हुआ कि उसकी मां उसे खाने में स्लो प्वाइजन दे रही है, इसी बात को लेकर बीती शुक्रवार रात 10-11 बजे के बीच उसकी अपनी मां से बहस हुई तथा बहस के दौरान ही उसने गुस्से में आकर अपनी मां का गला दबाकर उनकी हत्या कर दी।


### एमएससी पास है अजय

थानाध्यक्ष ने बताया कि चंद्रा के पति माधो सिंह आईएमए में तैनात हैं जो घटना वाली रात ड्यूटी पर थे। माधो सिंह का बड़ा पुत्र मोहित बिष्ट भी आर्मी में है जो बड़ोदरा, गुजरात में तैनात है। हत्यारोपी अजय ने एमएससी की है तथा वर्तमान में वह बैंकिंग की तैयारी कर रहा था। वह मानसिक रूप से कुंठित भी हो गया था। पिता की तहरीर पर आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या की धारा में अभियोग दर्ज कराया गया है।

## विरोध करने पर कुत्ते के मालिक ने बार मालिक का सिर फोड़ा

**हल्द्वानी।** कुत्ते के भौंकने और काटने दौड़ने का विरोध करने पर कुत्ते के मालिक ने बार मालिक और उसकी महिला कर्मी पर साथियों के साथ हमलाकर दिया। हमले में दोनों के सिर फट गए। पुलिस ने तहरीर रे आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में महालक्ष्मी विहार डहरिया निवासी चम्पा चिलवाल पत्नी स्व. आनन्द चिलवाल ने कहा, उसके बेटे रक्षित सिंह चिलवाल का अपने निवास पर आनंद लोक नाम से होटल और बार है। बीती 5 जनवरी की रात करीब सवा 11 बजे वह स्टाफ के दो व्यक्तियों के साथ बार बंद कर रहे थे।

## खरगे आज दून से करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद



**देहरादून, अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज देहरादून से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने प्रेस वार्ता कर बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे बन्नू स्कूल ग्राउंड रेस कोर्स में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष महारा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के शंखनाद के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चार धामों की भूमि उत्तराखंड को चुना है। खरगे की आवाज हर वंचित, शोषित, गरीब और मजलूम की आवाज है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। वहीं, शनिवार रात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिला पुलिस-प्रशासन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के देहरादून आगमन पर पुलिस लाइन मैदान पर उनका हेलीकॉप्टर उतरने की अनुमति नहीं दी है।

## मालिक की रेकी से इंकार पर फोड़ा युवक की सिर, तमंचा ताना

**हल्द्वानी।** मालिक की रेकी करने से इंकार कर पर कार सवार ने साथियों के साथ मिलकर बाइक सवार को पीट दिया। उस पर तमंचा ताना और लोहे की रॉड मारकर उसका सिर फोड़ दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में आजादनगर लाइन नंबर एक निवासी सैफ अली सैफ अली पुत्र महफूज रहमान ने पुलिस को बताया कि वह भोटियापड़ाव स्थित बियरशिवा स्कूल के मालिक तिलकराज तलवार का वाहन चालक है।

## 5 लाख का कर्ज न चुकाने पर एक साल की सजा

**हल्द्वानी।** कर्ज लेकर न चुकाना एक व्यापारी को भारी पड़ गया। कोर्ट ने व्यापारी को दोषी मानते हुए एक साल की सजा और 6 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न चुकाने के एवज में दोषी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। डीडी विहार शीशमहल निवासी हरीश चंद्र तिवारी पुत्र गिरीश चंद्र तिवारी ने शीशमहल निवासी अबरार अहमद पुत्र मुंशी रजा को वर्ष 2019 तक कई किश्तों में 5 लाख रुपये दिए थे। कर्ज लेने के एवज में अबरार ने उसे चेक दिया था, जो बैंक में बाउंस हो गया। जिसके बाद मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अपर सिविल जज अलका की कोर्ट में पहुंचा। हरीश की ओर से मामले की पैरवी कर रहे कुंदन सिंह बिष्ट ने बताया, आरोपी पक्ष अपने किसी भी कथन को साबित नहीं कर पाया।

## आत्मनिर्भर भारत के लिए लें संकल्प: राज्यपाल

संवाददाता, देहरादून

- गणतंत्र दिवस पर सूचना विभाग की झांकी रही प्रथम
- 9 विभागों ने प्रदर्शित कीं झांकियां सीआरपीएफ परेड में पहले स्थान पर

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबोधन दिया कि हमने गणतंत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है।

यह अमृत महोत्सव के साथ-साथ अमृतकाल का भी दिन है जो हमें प्रेरित करता है कि हम किस प्रकार विकसित और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के साथ आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प लें। समारोह में सीआरपीएफ की टुकड़ी परेड में पहले स्थान पर रही जबकि विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित 9 विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम स्थान मिला। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी के.एस.चौहान ने यह सम्मान प्राप्त किया। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खण्डूड़ी ने विधानसभा में, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास और भाजपा प्रदेश मुख्यालय में जबकि मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



डीजी सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक केएस चौहान को सम्मानित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर: प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को किया संबोधित

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि संसद और राज्य विधायिकाएं 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने यहां 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने सदस्यों के आपत्तिजनक व्यवहार पर अंकुश लगाने के बजाय उनके समर्थन में उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि यह संसद या विधानसभाओं के लिए अच्छी बात नहीं है। क्योंकि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ने कहा-वर्ष 2021 में, आपके साथ चर्चा के दौरान मैंने 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के बारे में बात की थी। मुझे खुशी है कि हमारी संसद और राज्य विधानसभाएं अब ई-विधान और डिजिटल संसद मंचों के माध्यम से इस लक्ष्य पर काम कर रही हैं। 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' परियोजना का उद्देश्य सभी विधानमंडलों की कार्यवाही को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर करती है। मोदी ने कहा-एक समय था जब सदन में अगर कोई सदस्य नियम तोड़ता था और उसके खिलाफ कार्रवाई होती थी ताकि वह गलती को न दोहराएं।

### मोदी ने युवाओं से कहा-आप विकसित भारत के वास्तुकार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उसने युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाया है और एक विकसित भारत के उनके सपनों को पूरा करेगा। उन्होंने यहां वार्षिक एनसीसी-पीएम रैली में युवाओं से कहा-आप एक विकसित भारत के वास्तुकार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सीमित थीं लेकिन उनकी सरकार ने तीनों सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों को उनके लिए खोल दिया है और वे हर जगह अपनी छाप छोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में केंद्रीय सुरक्षा बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है और कहा कि राज्यों को भी इसी तरह के रास्ते पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भारतीय सेना में पहली सूबेदार बनीं प्रीति रजक

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में पदोन्नत होने के बाद हवलदार प्रीति रजक शनिवार को सूबेदार का पदल हासिल करने वाली पहली महिला बन गईं हैं। वह एक चैंपियन ट्रैप शूटर हैं। सूबेदार रजक दिसंबर 2022 में सेना की सैन्य पुलिस कोर में शामिल हुई थी। सेना ने कहा- भारतीय सेना के साथ-साथ देश की महिलाओं के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। आज ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसने कहा- सूबेदार प्रीति रजक अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं। उनकी उपलब्धि नारी शक्ति का एक असाधारण प्रदर्शन है।" वह शूटिंग में हवलदार के रूप में सेना में नामांकित पहली मेधावी खिलाड़ी थीं। रजक ने चीन के हांगझाउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों के दौरान ट्रैप में महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।




नई दिल्ली में शनिवार को लाल किले पर भारत पर्व 2024 के दौरान लोक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति। ● एजेंसी

## एक नजर

### मणिपुर में हुई गोलीबारी एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच मुठभेड़ में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ तब शुरू हुई, जब हथियारबंद बदमाश सतांग कुकी के पहाड़ी गांव में घुस आए और उन्होंने बंदूकों और बम से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सतांग गांव में अतिरिक्त बलों के पहुंचने के बाद हमलावर पीछे हट गए, जिसके बाद लड़ाई रुक गई।

### तालाब खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से 7 घायल

**जींद।** हरियाणा के जींद में तालाब की खुदाई कर रही 7 महिला मजदूर अचानक से मिट्टी ढहने की वजह से उसके नीचे दब गईं। मिट्टी के नीचे दबी महिलाओं को बाहर निकालकर नागरिक अस्पताल ले लाया गया, जहां एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे गई जबकि 6 महिलाएं उपचाराधीन हैं। एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, जींद के ईगराह गांव में स्थित तालाब की खुदाई के कार्य के लिए मनरेगा मजदूरों को लगाया गया था। कुछ महिलाएं शनिवार सुबह धूप सेंकने के लिए पास ही मिट्टी के ढेर के पास बैठ गईं कि तभी मिट्टी का ढेर अचानक से खिसक गया था।

## लक्ष्मण का भाई दिग्विजय सिंह पर जुबानी हमला, वीडियो वायरल

▸▸ बिना नाम लिए कहा- पार्टी को दलालों और भितरघात करने वालों से मुक्ति की जरूरत

भोपाल, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने अपने अग्रज एवं वरिष्ठ पार्टी नेता दिग्विजय सिंह पर उनका नाम लिए बगैर हमला किया और कहा कि पार्टी को दलालों और भितरघात करने वालों से मुक्ति की जरूरत है। उन्होंने पार्टी को भी आईना दिखाया है। सिंह का लगभग छह मिनट का एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है और इसे भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए दिग्विजय सिंह और कांग्रेस को निशाने पर लिया है।

प्रदेश भाजपा ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लगभग 44 सेकंड के वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा है, "आज भी दिग्विजय सिंह क्यों कहे जाते हैं मिस्टर बंटाधार? बता रहे हैं उनके भाई लक्ष्मण सिंह।" दरअसल, दिग्विजय सिंह के अनुज लक्ष्मण सिंह का यह वीडियो गुना जिले के चाचौड़ा का बताया गया है, जिसमें वे कुछ लोगों को संबोधित कर रहे हैं। पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कहा कि आज जो पार्टी की हालत है, वह राज्यसभा सांसदों और नेताओं के आसपास रहने वाले सत्ता के दलालों की वजह से है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय का जिक्र करते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद ने जहां-जहां भी



सांसद निधि दी है, वहां पर पार्टी की हार हुई है। इसी तरह आज बीस साल बाद भी भाजपा "बंटाधार" के नाम पर वोट ले रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा बंटाधार का नाम लेती है और वोट भाजपा के खाते में चले जाते हैं। उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाने वाले पार्टी नेताओं को भी एक तरह से जवाब दिया और कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी होगी, तो कुछ मशीनों में हो सकती है। सबमें नहीं। इसके अलावा ईवीएम को कांग्रेस के कार्यकाल में ही लाया गया था और इनके उपयोग को भी लगभग बीस साल हो गए हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि यह समय हमें अपने आप पर ही ध्यान देने का है। सिंह ने कहा कि 1885 में जब कांग्रेस की स्थापना हुई थी, उस समय बंबई (अब मुंबई) की उस बैठक में मात्र 72 लोग ही थे। बाद में इसी कांग्रेस ने देश पर वर्षों राज किया।

## आयुध कारखाने में विस्फोट, कर्मी की मौत

**भंडारा (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित आयुध निर्माणी परिसर में शनिवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना भंडारा शहर के बाहरी इलाके जवाहरनगर में कारखाना स्थल पर हुई।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित की पहचान 52 वर्षीय अविनाश मेश्राम के रूप में हुई। जब विस्फोट हुआ तब वह ड्यूटी पर था। पीड़ित को तुरंत कारखाने से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि कारखाने के अधिकारियों ने विस्फोट के कारणों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन करके तत्परता दिखाई है।

## कार्यवाही को हल्के में लेने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी वादी को घरेलू हिंसा की पीड़िता द्वारा शुरू की गई अदालती कार्यवाही को हल्के में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि घरेलू हिंसा (डीवी) अधिनियम उन महिलाओं के संविधान-प्रदत्त अधिकारों को

**घरेलू हिंसा को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी**

अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो परिवार के भीतर होने वाली हिंसा की शिकार हैं।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। सत्र अदालत ने एक मजिस्ट्रेट अदालत के जुलाई 2022 के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें उसे अपनी पत्नी को 6,000 रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देने का एकपक्षीय निर्देश दिया गया था। अदालत का आदेश घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत (महिला के) पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पत्नी की याचिका पर पारित किया गया था।

## भाजपा ने की राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों, सह-प्रभारियों की नियुक्ति

▸▸ लोस चुनाव के मद्देनजर 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए दी गई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए। पार्टी के एक बयान के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा के राज्यसभा सदस्य और झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश सह-प्रभारी होंगे। तावड़े बिहार में भाजपा के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। भाजपा ने उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को उत्तराखंड का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

बयान में कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी झारखंड के चुनाव प्रभारी होंगे। इसमें कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नियुक्तियां की हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा नेता सुरेंद्र नागर सह प्रभारी होंगे। बिहार के पूर्व मंत्री और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रभारी मंगल पांडे को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय और आशा लाकड़ा सह प्रभारी होंगे। नड्डा ने उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य और राज्य के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि सतीश उपाध्याय सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब के भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव नरिंदर सिंह को राज्य में चुनाव के लिए सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। रूपणी को चंडीगढ़ का भी चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक मामलों के लिए भाजपा के सह-प्रभारी आशीष सूद को गोवा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात के विधायक पूर्णेश मोदी को दमन और दीव का चुनाव प्रभारी और दुष्यंत पटेल को सह प्रभारी बनाया गया है। पार्टी नेता अशोक सिंघल को अरुणाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और अंडमान एवं निकोबार में राजनीतिक मामलों के प्रभारी वाई सत्य कुमार को केंद्र शासित प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ (जो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राजनीतिक मामलों के लिए पार्टी के प्रभारी हैं) को दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नामित किया गया है।

### बैजयंत पांडा को बनाया उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में पूर्व सांसद बैजयंत पांडा को लोकसभा चुनाव की संगठनात्मक कमान सौंपी है। उड़ीसा के निवासी पांडा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता भी हैं। उधर, प्रदेश के पांच नेताओं को गैर प्रदेशों का लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया गया है। आरजेडी से लोकसभा सदस्य रहे बैजयंत पांडा 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे। संगठनात्मक गतिविधियों में मजबूत पकड़ रखने वाले पांडा को यहां मिशन-80 के लिए सत्ता-संगठन में समन्वय बनाकर जमीनी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैजयंत पांडा बीजेडी के टिकट पर 15वीं और 16वीं लोकसभा में उड़ीसा केंद्रपाड़ा से सांसद थे। वह 2000 से 2009 तक दो बार राज्य सभा के सांसद भी रहे। उधर, उप्र. के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा को हिमाचल प्रदेश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत वाजपेई को झारखंड, राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को कर्नाटक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश और सांसद विजयपाल सिंह तोमर को उड़ीसा का चुनाव प्रभारी बनाया गया।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1170 डीएमओ 840।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3000 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी: सीतारमण

## वित्त मंत्री ने कहा-2027-28 तक जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को करना होगा पार

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक भागीदार के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत की जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करना होगा। वित्त मंत्री ने साथ ही जोड़ा कि सीमा शुल्क विभाग की फेसलेस मूल्यांकन और एकल खिड़की निपटान जैसी पहलों को विकसित करने की जरूरत है।



सीतारमण ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024 के अवसर पर एक लिखित संदेश में कहा कि भारत के 'अमृत काल' के दौरान सभी हितधारकों को एक साथ आने और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए योगदान करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस का ध्येय वाक्य परंपरागत और नए साझेदारों को उद्देश्य से जोड़ने वाला सीमा शुल्क है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ-सबका विकास' की गूंज सुनाई देती है। सीतारमण ने कहा-भारत को 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर साझेदार को सहयोग करने की जरूरत है।

### आयकर लाभ, महिला उद्यमियों को समर्थन की उम्मीद

**कोलकाता।** विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में आयकर छूट सीमा में वृद्धि, महिला उद्यमियों को समर्थन, दीर्घकालिक कराधान नीति और उपभोग तथा बचत को बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। अखिल भारतीय कर पेशेवर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन ने कहा-यह एक अंतरिम बजट होगा, लेकिन इसमें पूर्ण-बजट के लिए कुछ संकेत हो सकते हैं। धारा 87ए के तहत व्यक्तिगत करदाताओं को कुछ रियायत दी जा सकती है। इसके तहत कुल कर छूट सीमा को सात लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया जा सकता है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने कहा कि छोटी और मझोली कंपनियों को समान अवसर देने के लिए कंपनियों, साझेदारियों और सीमित देयता साझेदारियों (एलएलपी) के बीच दीर्घकालिक कराधान नीति और कराधान में समानता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर अधिक कर लगाया जाता है जबकि देश की जीडीपी और रोजगार सृजन में उनका बहुत बड़ा योगदान है।

### भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने की अपील

**कोलकाता।** जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने बनाने में हर उद्योग से सहयोग की अपील की है। श्री कांत ने यहां 11वें इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइकलिंग कॉन्फ्रेंस (आईएमआरसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा, "मैंने एमआरएआई को एक छोटी संस्था से लेकर चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर कार्यरत एक गतिशील शक्ति के रूप में विकसित होते हुए करीब से देखा है। 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत एक तेज़ी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ सालों में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। इसलिए अब यह महत्वपूर्ण है कि डीकार्बोनाइज़िंग के द्वारा विकास और समृद्धि में भारत दुनिया का सबसे पहला देश बने।

## देश के पहले डिजिटल केंद्र से होगी तेल और गैस कुओं की निगरानी

▸▸ केंद्रीय मंत्री ने ओएनजीसी दर्पण का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नई दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल निगरानी केंद्र 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन किया।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार भारत में यह किसी कंपनी का अपनी तरह का पहला डिजिटल केंद्र है, जो ओएनजीसी के तेल एवं गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की पल-पल की निगरानी कर सकेगा। इससे कंपनी के लिए इन कामों के लिए मानवीय हस्तक्षेप और मशीनरी सक्रिय करने के समय को कम करने, संचालन को अनुकूलित करने और पूर्वानुमानित रख-रखाव (प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस) में मदद मिलेगी।

इस केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह और ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। श्री पुरी ने ऊर्जा के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका पर आयोजित चर्चा-एनर्जी स्टार्टअप्सः ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर'में भी भाग लिया। उन्होंने बंगाल की खाड़ी के कृष्णा गोदावरी बेसिन में इस महारत्न कंपनी की प्रमुख गहरे पानी की परियोजना के केजी-98/2 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू होने के संबंध में ओएनजीसी कर्मचारियों की सराहना की।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 726 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## भारत में एच-125 हेलीकॉप्टर बनाएगी फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस

नई दिल्ली एजेंसी

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस ने सिविल उपयोग के लिए सबसे लोकप्रिय एच-125 हेलीकॉप्टरों का निर्माण भारत में करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता किया है। इन हेलीकॉप्टरों की भारत में आपूर्ति के साथ अन्य देशों को निर्यात भी किया जाएगा।

टाटा समूह की सहायक कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) एयरबस हेलीकॉप्टरों के निर्माण के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) स्थापित करेगी। एफएएल का स्थान एयरबस और टाटा समूह द्वारा संयुक्त रूप से तय किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा में 'मेक इन इंडिया' सी-295 सैन्य विमान निर्माण सुविधा के बाद यह एयरबस द्वारा भारत में निर्मित होने वाली दूसरी एफएएल होगी। कंपनी के अनुसार एफएएल को स्थापित होने में 24 महीने लगेंगे और पहले 'भारत निर्मित' एच-125 की आपूर्ति 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। भारत में एफएएल में प्रमुख घटक असेंबलियों, एवियोनिक्स और मिशन सिस्टम, विद्युत हार्नेस की स्थापना, हाइड्रोलिक सर्किट, उड़ान नियंत्रण, ईंधन प्रणाली और इंजन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

### हिमाचल में 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य एकल खिड़की मंजूरी और निगरानी प्राधिकरण (एसएसडब्ल्यूसी और एमए) ने नए उद्यम स्थापित करने और विस्तार करने के लिए 27 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 1,937 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। शनिवार को यहां जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, प्राधिकरण ने 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनसे 2,715 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय प्राधिकरण की 28वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने की।

## जेनरेटिव एआई पर खर्च होगा करीब तिगुना

▸▸ एशिया प्रशांत में कंपनियों के लिए इन्फोसिस रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

एशिया प्रशांत क्षेत्र में कंपनियां जेनरेटिव एआई (जेन एआई) में निवेश बढ़ा रही हैं। इन्फोसिस रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में इस तकनीक पर खर्च 2024 में लगभग तीन गुना होकर 3.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें कहा गया कि जहां यह खर्च उत्तरी अमेरिका से पीछे है, वहीं एपैक (एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग) में स्वीकार्यता, प्रभावशीलता और वृद्धि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।




सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी की शोध इकाई इन्फोसिस नॉलेज इंस्टीट्यूट (आईकेआई) ने कहा-एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कंपनियां जेनरेटिव एआई में तेजी से निवेश बढ़ा रही हैं और परिपक्वता के उच्च चरण में प्रवेश कर रही हैं। जहां एपैक में कंपनियां वर्तमान में जेन एआई पर खर्च में अपने उत्तरी अमेरिकी समकक्षों से पीछे हैं, वहीं शोध में किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में 140 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

इसमें कहा गया कि इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में अनुमानित 3.4 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इन्फोसिस की जेनरेटिव एआई रडार एपीएसी रिपोर्ट में कारोबारी दिग्गजों और एआई का उपयोग करने वालों का साक्षात्कार का विश्लेषण और ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर के 1,000 उत्तरदाताओं का सर्वेक्षण शामिल है।

# पोप के शतक से संभला इंग्लैंड, 6 विकेट पर 316 रन बनाए

**हैदराबाद, एजेंसी**

इंग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के शतक से शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में 6 विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके बस 4 विकेट बचे हैं।पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी।



### भारत के खिलाफ पोप का पहला शतक

पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कॅरिअर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया। फोक्स ने भी दूसरे छोर से उनका पूरा साथ निभाया। यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में स्पिन को बखूबी खेलने वाला दूसरा बेहतरीन खिलाड़ी है। अक्षर पटेल ने नीची गेंद पर फोक्स को बोल्ड किया।

### संयमित बल्लेबाजी कर संभाली लड़खड़ाती पारी

पोप ने आरजीआई स्टेडियम में संयम दिखाया और भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दीं जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे, जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। ऐसा नहीं था कि पोप ने स्पिनरों पर दबदबा बनाया हुआ था। वह कभी स्पिनरों तो कभी तेज गेंदबाजों की गेंदों से परेशान दिखे। जब वह 110 रन पर थे तो उन्हें जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में वह बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर अक्षर पटेल के हाथों आउट होने से बचे।

### गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो रही पिच

पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न और ग्रिप मौजूद थी और साथ ही तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग का भी संकेत दिखा लेकिन उन्होंने अपने कौशल से मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (47) को आउट करने में सफलता हासिल की और फिर नीची रहती गेंद से जो रूट (2) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा ने लंच के बाद जॉनी बेयरस्टो (10) को आउट किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं दफा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का विकेट लिया।

# निशानेबाजी में रिदम और उज्ज्वल ने जीता सोना

**काहिरा, एजेंसी**

रिदम सांगवान और उज्ज्वल की जोड़ी ने शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा कारापेयन और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रही निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है। रिदम और उज्ज्वल की जोड़ी ने 580 अंक से अर्मेनिया की जोड़ी से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। अर्जुन और सोनम की जोड़ी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में ब्रिटेन के डीन बेल और सियोनेड मैकिंतोश से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रही। अनुराधा ने आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान से फाइनल में जगह बनाई। अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले (छह में से पहला) आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया।

### अनुराधा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

भारत की अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनुराधा ने विश्व कप में अपना डेब्यू किया है। उन्होंने फाइनल में 24 शॉट्स की सीरीज में 239.9 का स्कोर किया और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन ग्रीक शूटर अन्ना कोराकाकी से पीछे रहीं। कोराकाकी फाइनल में 241.1 अंक हासिल करने में सफल रहीं, जबकि कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा ने 22 शॉट्स में 219.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। रिदम सांगवान ने 20 शॉट्स में 197.3 का स्कोर किया और चौथे स्थान पर रहीं।

# रोहन बोपन्ना बने ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर इटली की जोड़ी को हराया

**मेलबर्न, एजेंसी**

43 साल की उम्र में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर भारत के रोहन बोपन्ना ने इतिहास रच दिया है। वह इस उम्र में ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदारी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर शनिवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मुकाबला आस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक यादगार मैच बन गया जब 43 साल और नौ महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना टेनिस के ओपन युग में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।



### जूलियन रोजर के रिकॉर्ड को तोड़ा

इस खिताब के साथ ही बोपन्ना ने डचमैन जीन जूलियन रोजर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह 40 साल और नौ महीने के थे, जब उन्होंने 2022 फ्रेंच ओपन जीतने के लिए अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो के साथ साझेदारी की थी। बोपन्ना भारत के लिएंडर पेस 40 साल और दो महीने की उम्र में चेक रिपब्लिक के राडेक स्टेपानेक के साथ 2013 यूएस ओपन जीतने के बाद ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी थे। मार्टिना नवरातिलोवा, जिन्होंने 49 साल और 10 महीने की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंडस्लैम जीतने पर रोहन बोपन्ना को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि असाधारण प्रतिभाशाली रोहन बोपन्ना बार-बार यह साबित करते हैं कि आयु कोई बाधा नहीं है। उनकी ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार चैंपियन बनीं



**मेलबर्न।** आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के फाइनल में झेंग क्विनवेन पर शनिवार को 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। सबालेंका ने दूसरे गेम में पहला सेट 33 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में अपना दबदबा बनाए रखा। सबालेंका 40-0 की बढ़त के साथ सर्विस कर रही थी तब उनके पास तीन चैंपियनाशिप अंक थे।

# दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत महिला विश्व कप के फाइनल में

**मस्कट, एजेंसी**

### आज फाइनल में नीदरलैंड से होगा भारत का मुकाबला

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार रात एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए अक्षता अबासो ढेकाले (7'), मारियाना कुजूर (11'), मुमताज खान (21'), रुतुजा दादासो पिसल (23'), ज्योति छत्री (25') और अजीमा कुजूर (26') ने गोल किए। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5'), कप्तान टोनी मार्क्स (8') और डिर्की चेंबरलेन (29') ने गोल दागे। भारत अब फाइनल में 28 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ की शुरुआत रक्षात्मक रवैये के साथ की। दक्षिण अफ्रीका की टेशॉन डी ला रे ने गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद अक्षता अबासो ढेकाले ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाते हुए गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान टोनी मार्क्स ने भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए टीम को फिर से बढ़त दिला दी। भारत की



मारियाना कुजूर ने दक्षिण अफ्रीकी गोल के सामने रॉकेट दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। खेल के आगे बढ़ने के साथ रुतुजा ने दक्षिण अफ्रीकी गोल में गेंद डाल दी। इससे दो मिनट पहले ही मुमताज खान ने गेंद को नेट में डाल कर भारत को प्रतियोगिता में बढ़त दिला दी। खेल में पांच मिनट बचे होने पर ज्योति छत्री ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर को छकाया और टीम की बढ़त बढ़ा दी। अजमीना कुजूर ने हाफ लाइन के करीब से एक शॉट लिया और स्कोर 6-2 से भारत के पक्ष में कर दिया।

## खेल डायरी

### अलीरेजा से ड्रॉ खेलकर गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7.5 अंक हो गए है, जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ शीर्ष तीन स्थान पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया। वह 6.5 अंक के साथ आर प्रज्ञानानंदा, चीन के वेई यी और हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा और अलेक्जेंडर डोनचेंको का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत के लियोन ल्यूक मेंडोंका शीर्ष स्थान की दौड़ में बने हुए है।

### हार्दिक पंड्या ने शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

**वडोदरा।** हार्दिक पंड्या ने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं। जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया। हार्दिक ने कहा कि खेल में वापसी करके अच्छा लग रहा है। उनकी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी। हार्दिक को इस दौरान गेंदबाजी के अलावा मैदान पर दौड़ लगाते और व्यायाम करते देखा गया। हार्दिक को गुजरात टाइटंस से हाई-प्रोफाइल ट्रेड के बाद 15 दिसंबर को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। वह नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में चोट लगने के बाद से टीम से बाहर हैं।

### जगदीशन ने चंडीगढ़ के खिलाफ जड़ा तिहरा शतक



**कोयंबटूर।** नारायण जगदीसन ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद शानदार तिहरा शतक जड़ा, जिससे तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी चार विकेट पर 610 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। दिन की शुरुआत 108 रन से करने वाले जगदीसन ने 403 गेंद की अपनी पारी में 23 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 321 रन बनाएं। तमिलनाडु के लिए प्रदोष रंजन पॉल (105) और बाबा इंद्रजीत (123) ने भी शतक जड़े, जिससे टीम ने पहली पारी में 499 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। चंडीगढ़ की टीम 47 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के एक रन बनाया है।

### दीप ग्रेस एक्का ने किया हॉकी से संन्यास का एलान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस एक्का ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कॅरिअर से संन्यास की घोषणा की। दो ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली दीप ग्रेस ने 17 साल की उम्र में 2011 में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह बेहद कृतज्ञता और विनम्रता के साथ आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर रही हैं। 2011 से 2023 तक की यात्रा जीवन का मुख्य आकर्षण रही है और खेल के शिखर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो ओलंपिक में भारत को क्वालीफाई कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में टीम की रक्षा पंक्ति में अहम भूमिका निभाई थी, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा था। एक्का 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की भी सदस्य थी। उन्होंने 2014 और 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का भी प्रतिनिधित्व किया था। वह 2016 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 एशिया कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों की सदस्य भी थी।

# श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी के क्वार्टरफाइनल में, मनिका हारीं

**मापुसा (गोवा), एजेंसी**

**टेबल टेनिस**

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शनिवार को शानदार जीत दर्ज करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई, जबकि मनिका बत्रा और अर्चना कामत को हार का मुंह देखना पड़ा।

हैदराबाद की अकुला ने प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की डू होई केम पर जीत हासिल की। वहीं भारत की मनिका को जियाओजिन यांग से हार मिली। महिला एकल के अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में बेंगलुरु की कामत को दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से पराजय झेलनी पड़ी। अकुला ने इससे पहले दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी हाना गोडा को पराजित किया था। मनिका ने दक्षिण कोरिया की सुह हयो वोन पर आसान जीत हासिल कर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

भारत के मानव ठक्कर और मानुश शाह की जोड़ी को पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के काओ चेंग जुई और चुआंग चिह युआन से हार मिली। महिला युगल के अंतिम आठ में दक्षिण कोरिया की शिन युबिन और इयोन झि ने सयाली वाणी और तनीषा कोटेचा की जोड़ी को 3-0 से मात दी।

# रेनाता जामरिचोवा और रेई साकामोतो ने जीता जूनियर खिताब

**मेलबर्न, एजेंसी।** रेनाता जामरिचोवा ने शनिवार को 15 वर्षीय एमर्सन जोन्स पर 6-4, 6-1 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन जूनियर बालिका एकल खिताब जीता। जामरिचोवा ने मुकाबले में जीत से अपना पहला ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीता। 16 साल की इस स्लोवाकियाई खिलाड़ी जामरिचोवा ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में जूनियर युगल खिताब जीता था। लड़कों के फाइनल में जापान के चौथे वरीय रेई साकामोटो ने एक सेट से पिछड़ते हुए चेक गणराज्य के जान कुमस्टाट को दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 7-6(2), 7-5 से मात देकर जूनियर खिताब जीता।

# दक्षिण अफ्रीका को रौंदकर भारत ने बढ़ाया विजय रथ

**केपटाउन, एजेंसी**

### भारतीय हॉकी टीम ने 3-0 से दर्ज की शानदार जीत

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार रात मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर अपने विजय रथ को आगे बढ़ाया। भारत ने आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया और मैच के पहले आधे घंटे में ही एक के बाद एक 3 गोल दागकर मेजबान टीम को दबाव में ला दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह दूसरे मिनट में गोल दागा, जबकि अभिषेक ने 13वें और सुमित ने 30वें मिनट पर गोल कर टीम को जीत दिलाने में मदद की।

मैच की शुरुआत भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिलने के साथ हुई, जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में तब्दील कर दिया। पहले क्वार्टर में



कुछ ही मिनट बचे थे कि अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका के कई हमलों के बावजूद भारत की रक्षापंक्ति ने संयम बनाए रखा।

मध्यांतर के तुरंत बाद सुमित एक और फील्ड गोल करने में सफल रहे और भारत ने 3-0 की बढ़त ले ली।

मध्यांतर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तत्परता दिखानी शुरू कर दी, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मैच पर पकड़ बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी गतिविधियां देखने को मिलीं, लेकिन दोनों में से कोई भी टीम नेट हासिल करने में सफल नहीं हो सकी।

खेल के अंतिम 15 मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने गोल की तलाश जारी रखी लेकिन भारत ने खतरे को टालने के लिए सर्कल में अपनी पकड़ बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 3-0 से आसान जीत हासिल की। भारत दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना आखिरी मैच 28 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# कंगुवा में सूर्या के साथ नजर आएंगे बॉबी देओल



अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आएंगे। बॉबी देओल के जन्मदिन पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा कि निर्दयी ताकतवर, अविस्मरणीय। फिल्म में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।

### कार्तिक आर्यन ने शेयर किया चंदू चैंपियन का पोस्टर



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का नया लुक रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा कि चैंपियन बनना हर भारतीय के खून में है। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्तिक इसमें आर्मी की वर्दी में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फाइटर ने दो दिनों में की 65 करोड़ की कमाई

अभिनेता ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर ने दो दिनों में 65 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 41.20 करोड़ का कलेक्शन किया।

# इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी कंगना



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया था। इसका उद्देश्य शांति स्थापित करना, भारत को सेना वापस बुलाने की आवश्यकता कश्मीर मुद्दे का समाधान करना और बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना था। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह ने दिया है। इमरजेंसी 14 जून को सिनेमाघरों में आने वाली है।

# सिल्वर-गोल्डन जुबली का जमाना गायब हो गया

30 से 80 तक के सालों में सिनेमा हॉल ठसाठस भरे रहते थे। नब्बे में वीसीआर और पायरेटेड वीडियो कैसेट्स ने सिनेमा जगत में भारी उथल-पुथल मचा दी। सिनेमा देखने वालों की संख्या घटने लगी लेकिन इसके बावजूद मनोरंजन का एकमात्र साधन सिनेमा ही रहा। उस दौर में सफलता का एकमात्र पैमाना होता था फिल्म का लंबी अवधि तक सिनेमा हॉल में चलना। आठ हफ्ते से लेकर पंद्रह हफ्ते यानी 100 दिन फिल्म चल गई तो समझो पैसा वसूल। लो-बजट की फिल्म हुई तो समझिए हो गई हिट। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर मार्किट में स्थापित हो गए और फिर 25 हफ्ते यानी सिल्वर जुबली हो गई। सुपर-डुपर फिल्म का मतलब होता था 50 हफ्ते यानी गोल्डन जुबली। साल में चार-पांच फिल्में ही वास्तविक सिल्वर जुबली तक पहुंचतीं थीं। घिसट-घिसट कर जुबली तो कई मना लेतीं। मुगल-ए-आजम, बॉबी, पाकीजा, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, अंखियों के झरोखों से आदि अनेक फिल्मों की गोल्डन जुबली कई बड़े शहरों में हुई। राजश्री की लो-बजट राजा और रंक ने बनारस और लखनऊ में एक साल तक खूब धूम मचाई। 1943 में रिलीज हुई बॉम्बे टॉकीज की किस्मत कलकत्ता के रॉक्सी थिएटर में 187 हफ्ते चली। इस रिकॉर्ड को 1980 में शोले ने मुंबई के मिनर्वा में लगातार पांच साल तक चल कर तोड़ा। इससे पहले राजकपूर की बरसात 1951 में दो साल तक चली। के आसिफ की मुगले आजम भी तीन साल तक मुंबई



के मराठा मंदिर में चल गई। फिल्म को हिट बनाने का श्रेय उन लाखों दर्शकों को जाता था जो फिल्म को बार-बार देखते थे। सुना है कि मशहूर पेंटर दिवंगत फिदा हुसैन ने हम आपके हैं कौन 60 मर्तबा देखी थी। इस शताब्दी के उदय के साथ ही सिनेमाहाल बंद होने लगे तो चार से लेकर सात स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स और सिनेप्लेक्स का जमाना आ गया। फिल्म का रन हद से हद से पांच-छह हफ्ते रहता है। अब तो बस गिना जाता है कि हफ्ते भर का कलेक्शन कितना हुआ। हां, कुछ फिल्में अपवाद भी रहीं, इसमें 1995 में रिलीज हुई दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने मुंबई के मराठा मंदिर में 1009 हफ्ते तक लगातार चलाने का रिकॉर्ड बनाया। पिछले साल 20 मार्च 2020 को कोरोना संक्रमण के चलते जब सिनेमा बंद कर दिए गए तो यह फिल्म 1251 हफ्ते चल चुकी थी यानी करीब 24 साल। कोरोना हलका पड़ा तो ये फिर रिलीज हुई और 2023 तक चलती रही अगर कुछ छोटी छोटी रुकावटों को नजरअंदाज किया जाए तो यह कुल 28 साल चली।

**– वीर विनोद छाबड़ा**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में टकराव, सभी कार्यवाही पर सुप्रीम रोक, सरकार को नोटिस जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ आरक्षित श्रेणी प्रमाणपत्र मामला: खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी लगी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की ओर से साथी न्यायाधीश सौमेन सेन के खिलाफ लगाए गए 'कदाचार' के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले पर आज सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

दरअसल, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने और एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी। एक विशेष सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और मूल याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले में एकल-न्यायाधीश पीठ और खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि हम इस पर सोमवार को विचार करेंगे।

इससे पहले हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सीबीआई जांच के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी।इसके बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर राज्य में विशेष राजनीतिक दल के लिए काम करने का आरोप लगाया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने बंगाल में सरकारी मेडिकल कालेजों और अस्पतालों में एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था।

हालांकि, बंगाल सरकार ने इस आदेश के खिलाफ खंडपीठ का रुख किया, जिसने एकल पीठ के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। बाद में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने निर्देश दिया कि खंडपीठ के आदेश के बावजूद सीबीआइ की ओर से जांच जारी रहेगी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इसी के साथ अपने आदेश में खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर बंगाल की एक राजनीतिक पार्टी के लिए काम करने का आरोप लगाया।

## गणतंत्र दिवसः कार्यक्रम में आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने पर दो निलंबित


**तिरुवनन्तपुरम।** केरल हाई कोर्ट ने अपने दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्र सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया था। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं।

बर्खास्त दोनों अधिकारियों में से एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार और दूसरा कोर्ट कीपर है। कोर्ट के रजिस्ट्रार ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दोनों बर्खास्त अधिकारियों को सभी सरकारी सुविधाएं, जिनमें उनका आई कार्ड भी शामिल है फिलहाल लौटाने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार विजिलेंस को घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

# रयुगु के नमूनों ने किया पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति का खुलासा

▸▸ वैज्ञानिकों ने कहा-धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की हुई उत्पत्ति

नैनीताल कार्यालय




क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु, साथ में कार्बनिक अणुओं की तस्वीर।

**अमृत विचार :** पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के रहस्य का आज भी खुलासा नही हो पाया है, लेकिन इस इस रहस्य की कड़िया जुड़ती नजर आ रही हैं। क्षुद्रग्रह रयुगु से प्राप्त नमूनों से यह जानकारी मिली है कि धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी।

इस खुलासे में जापान के हायाबुसा 2 मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है। जिसने 2018 में स्पिनिंग-टॉप जैसी अंतरिक्ष चट्टान रयुगु की का अध्ययन करने के अलावा उसकी सतह सामग्री धूल, मिट्टी व पत्थर एकत्र करने में लगभग 18 महीने इस पिंड की धरती पर बिताए थे। एकत्र किए नमूने मिलने के बाद वैज्ञानिको ने आगे का अध्ययन किया। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नमूने अभूतपूर्व हैं और हमारे सौर मंडल के बारे में जानकारी का नया खजाना साबित हुआ है। जिसमें मिले कार्बनिक पदार्थ महत्वपूर्ण सुराग हैं। जिनसे पता चलता है कि धूमकेतुओं द्वारा ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी। वैज्ञनिकों का दावा है कि कार्बनिक अणुओं ने हमारे ग्रह पर जीवन को जन्म दिया, वही प्राचीन धूमकेतुओं द्वारा यहां लाए गए थे।

### पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है रयुगु

क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु के नाम से जाना जाता है, जो 870 मीटर चौड़ा है। यह पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है। इसमें सुरक्षात्मक वातावरण का अभाव है। इसका मतलब है कि इसकी सतह सीधे अंतरिक्ष के संपर्क में है और अंतरग्रहीय धूल को खुद में समेटने में सक्षम है। तोहोकू यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ साइंस के सहायक प्रोफेसर मेगुमी मात्सुमोतो के नेतृत्व में यह खोज हुई है। उनका कहना है कि यह कार्बनिक पदार्थ अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाए गए जीवन के छोटे बीजरूपी कण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खोज बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भविष्य में पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ती बताने में आसान करेगी।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर शिव की 123 फीट ऊंची प्रतिमा का होगा अनावरण



**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की 123 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा बरहा क्षेत्र विकास परियोजना के तहत बैतरणी नदी के तट पर बरहानाथ मंदिर के पास बनाई जा रही है। श्रद्धालु लिफ्ट या सीढ़ी से चढ़कर भगवान शिव का दर्शन कर सकेंगे।

### ईरानः बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सीमा के पास 9 लोगों को मारा

**तेहरान।** पाकिस्तानी सीमा के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने दक्षिणपूर्वी ईरान में नौ विदेशी नागरिकों की हत्या कर दी। किसी भी व्यक्ति या समूह ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में गोलीबारी की जिम्मेदारी नहीं ली है। दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के इलाकों पर हमले के बाद संबंध सुधारने के प्रयासों के बीच यह मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में शुक्रवार को कहा गया कि दोनों देशों के राजदूतों ने एक-दूसरे की राजधानी में गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है। बलूच अधिकार ने कहा कि पीड़ित पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक आटो मरम्मत की दुकान पर रहते थे, जहां वे काम करते थे।

# फ्रांस में आपका स्वागत है हमारे दोस्तों

## फ्रांस आने का दिया न्योता, शानदार मेहमान नवाजी के कायल हुए राष्ट्रपति मैक्रों

नई दिल्ली, एजेंसी



### अंतर्राष्ट्रीय कानून के पालन पर दिया जोर

गुरुवार को जयपुर में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। शुक्रवार शाम में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया। जिसमें दोनों नेताओं ने लाल सागर में नेविगेशन की आजादी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने पर जोर दिया।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को भारत में अपने शानदार स्वागत के लिए भारतवासियों को धन्यवाद दिया। मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने का भी न्योता दिया। फ्रांस में इस साल कई बड़े आयोजन होने हैं, इन्हीं आयोजनों के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारतीयों को फ्रांस आने की बात कही। शुक्रवार को इमैनुएल मैक्रों राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए स्टेट डिनर में भी शामिल हुए।

शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति ने लिखा कि 'फ्रांस इस साल पूरी दुनिया का स्वागत करेगा। इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की सालगिरह मनाई जाएगी, ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में होगा।

इनके साथ फ्रैंकोफोनी सम्मेलन भी होगा। हमारे दोस्तों, आप सभी का स्वागत है।' शुक्रवार शाम में फ्रांस के राष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली की मशहूर निजामुद्दीन औलिया की दरगाह भी गए। इमैनुएल मैक्रों दरगाह में करीब आधा घंटा रुके और इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादर चढाई और कव्वाली का भी आनंद लिया।

दरगाह निजामुद्दीन औलिया में कव्वाली का आनंद लेते फ्रांसीसी राष्ट्रपति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मैक्रों भारत के 75वें गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखी। इसके बाद शाम में वह राष्ट्रपति भवन में स्टेट डिनर में शामिल हुए। इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर में जयपुर पहुंचे। इसके बाद शाम में मैक्रों और पीएम मोदी ने जयपुर में रोड शो किया।

### भारत को गणतंत्र दिवस की बधाई, तनाव के बीच मुइज्जू का आया बयान

**माले।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मालदीव ने भारत को शुभकामना संदेश भेजा। यह इस मायने में अहम है क्योंकि बीते कुछ हफ्ते से भारत और मालदीव के रिश्ते पहले की तरह सामान्य नहीं हैं। 26 जनवरी को मालदीव की तरफ से जारी बयान में सदियों की दोस्ती, आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना का जिक्र किया गया। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव की सरकार और जनता की ओर से भारत सरकार और जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंधों की जान सदियों पुरानी दोस्ती है। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने का काम करती है। मुइज्जू के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति ने भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को अलग-अलग बधाई संदेश भेजे।

## मानहानि मामलाः ट्रंप को झटका, 83 मिलियन डॉलर चुकाएंगे हर्जाना



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लेखिका ई. जीन कैरोल से दुष्कर्म एवं मानहानि मामले में उनको अब 83.3 मिलियन डॉलर का हर्जाना चुकानाा होगा। दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को न्यूयार्क की संघीय अदालत में गवाही दी, लेकिन वह बयान दर्ज कराने के दौरान नाराज हो गए और कोर्ट रूम से बाहर चले गए।

उनका आरोप था कि लेखिका के यौन शोषण के आरोपों का खंडन करने का केवल तीन मिनट मौका दिया गया। हालांकि, शुक्रवार को उनकी इस मामले में अंतिम सुनवाई होनी थी। ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने कैरोल के बारे में कभी नहीं सुना था। उन्होंने बताया कि कैरोल ने झूठी कहानी बनाई थी। उनके वकीलों ने कहा कि कैरोल प्रसिद्धि की भूखी थी और अपनी दुश्मनी होने के चलते खिलाफ बोलने के कारण वह समर्थकों का ध्यान आकर्षित करती थी।

# अदन की खाड़ी में ब्रिटिश पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

नई दिल्ली, एजेंसी



लाल सागर में हमले के बाद तेल टैंकर मार्लिन लुआंडा से उठता धुंआ।

▸▸ भारतीय नौसेना ने आईएनएस विशाखापट्टनम किया तैनात, 22 भारतीय थे सवार, सभी सुरक्षित

अदन की खाड़ी में ब्रिटिश तेल टैंकर एमवी मार्लिन लुआंडा में आग लगने की घटना के बाद भारतीय नौसेना ने आईएनएस विशाखापट्टनम तैनात किया है। नौसेना ने शनिवार को कहा कि उसने एमवी मार्लिन लुआंडा पर अग्निशमन प्रयासों में मदद के लिए एक टीम तैनात की गई।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि एमवी मार्लिन लुआंडा के चालक दल के साथ भारतीय नौसेना के अग्निशमन दल ने छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बता दें, जहाज पर ईरान समर्थित हूती आतंकवादियों ने हमला किया, पोत में 22 भारतीय समेत एक बांग्लादेशी चालक दल सवार था। सभी सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा, अदन की खाड़ी में एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले के बाद आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया गया है, जो मिसाइल गाइडेड विध्वंसक है। इससे पहले मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले मार्लिन लुआंडा ने एक संकट कॉल जारी की थी और क्षति की सूचना दी थी। भारतीय नौसेना ने कहा कि 26 जनवरी की रात को एमवी मार्लिन लुआंडा का एक संकट कॉल मिला था, जिसपर कार्रवाई करते हुए अदन की घाड़ी में आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया।

भारतीय नौसेना के अग्निशमन दल ने छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने कहा, यमन के हूती आतंकियों के मिसाइल हमले के बाद टैंकर में आग लग गई। ब्रिटिश तेल टैंकर के संचालक ने कहा है कि जहाज लाल सागर पार करने के बाद अदन की खाड़ी में एक मिसाइल से टकरा गया था।

## नवाज ने जारी किया घोषणा पत्र, कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**लाहौर।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले नवाज शरीफ ने शनिवार को पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अन्य वादों के साथ ही भारत से शांति स्थापित करने की कही गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि उसकी पार्टी भारत सहित अन्य देशों को शांति का संदेश भेजेगी। हालांकि, इसमें कहा गया है कि भारत को कश्मीर पर अनुच्छेद-370 फैसले को वापस लेना होगा। इसके अलावा घोषणापत्र में देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ ही आतंक के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की बात कही गई है। घोषणा पत्र को 'पाकिस्तान को नवाज' दो नाम दिया गया है।

### सड़क पर उतरे किसान...



**फ्रांस :** 70 हजार से अधिक किसानों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष जताते हुए पूरे देश में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। किसान अपने 41 हजार से अधिक ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए थे। बता दें, किसानों का विरोध प्रदर्शन देश के 96 महानगरीय में से 85 तक फैल गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियां उन्हें अप्रतिस्पर्धी बनाती हैं। ● एजेंसी

## नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा देने पर हुआ बवाल यूएन बोला-निर्दयी तरीका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अलबामा में हत्या के दोषी एक व्यक्ति को नाइट्रोजन गैस से मारने पर हंगामा हो गया है। व्हाइट हाउस ने भी इस तरह से मौत की सजा देने पर चिंता जाहिर की है। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार संगठन ने भी इसे निर्दयी तरीका बताते हुए इसकी तीखी आलोचना की है।

व्हाइट हाउस ने इस पर कहा कि नाइट्रोजन गैस का इस्तेमाल चिंताजनक है। हम इससे बेहद दुखी और व्यथित हैं। अमेरिका में जहर का इंजेक्शन देकर मौत की सजा दी जाती है, लेकिन अलबामा, ओकलाहामा और मिसिसिपी में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा देने का प्रावधान है। अलबामा के अटॉर्नी जनरल स्टीव मार्शल ने केनेथ स्मिथ को नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा देने के फैसले का बचाव किया।

# जरांगे से मिले शिंदे, समाप्त की भूख हड़ताल

▸▸ आरक्षण आंदोलन: शिंदे ने कहा जो वादा किया था उसे निभा दिया आपकी जीत हुई

नई दिल्ली, एजेंसी



मनोज जरांगे पाटिल को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते सीएम एकनाथ शिंदे।

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा विरोध समाप्त हो गया है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जरांगे ने शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आरक्षण को लेकर किए जा रहे अनशन को खत्म कर दिया।

जरांगे की सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि मैंने जो वादा किया था, वो निभाया है। जरांगे का धरना खत्म होते ही महाराष्ट्र सरकर ने मराठा समुदाय के लोगों के रक्त संबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना उनके लिए लागू होगी जिनके पास कुनबी जाति के रिकॉर्ड पाए गए हैं। पिछले साल दिसंबर में मनोज ने सरकार को चेतावनी दी कि 20 जनवरी, 2024 तक आरक्षण दिया जाए अन्यथा वह मुंबई की ओर मार्च का नेतृत्व करेंगे। 20 जनवरी 2024 को अपना मार्च शुरू भी कर किया। 27 जनवरी को सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से मुलाकात की और दोनों के बीच मसौदा अध्यादेश को लेकर चर्चा हुई। सीएम ने मनोज को जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़ा जो लंबे समय से सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। इसी बीच, महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त सबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जारांगे पाटिल मूलतः बीड जिले के रहने वाले हैं। मटोरी गांव में जन्मे मनोज ने 12वीं तक पढ़ाई की है। आजीविका के लिए बीड से जालना आ गए। यहां एक होटल में काम करते हुए सामाजिक कार्य शुरू किए।

## चीन ने ताइवान पर बढ़ाया दबाव, 33 विमान किए तैनात

**ताइपे।** चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है। उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को धमकाने के लिए 33 लड़ाकू विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीन ने सैन्य दबाव ऐसे समय बढ़ाया है, जब थाइलैंड में अमेरिका और चीन के प्रतिनिधियों की मुलाकात होने वाली है।

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह छह बजे तक एसयू-30 लड़ाकू विमान समेत 33 विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा द्वीप और चीन के बीच अनाधिकारिक सीमा मानी जाती है। चीन द्वीपीय क्षेत्र ताइवान को अपना मानता है और इसे धमकाने के लिए लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजता रहता है।

# गाजा नरसंहार : आईसीजे के फैसले ने हमें सही साबित किया

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

▸▸ यूएन की शीर्ष कोर्ट ने युद्ध विराम का आदेश देने से किया इनकार नरसंहार के आरोपों को सही ठहराया

▸▸ द. अफ्रीका के राष्ट्रपति ने कहा- यह न्याय की ओर पहला कदम, कोर्ट के फैसले पर जताई खुशी

हमास और इजराइल युद्ध को लेकर दुनिया दो भागों में बंट गई है। दोनों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से आग्रह किया था कि वह इजराइल को हमास आतंकवादियों के खिलाफ अपने सैन्य कार्रवाई को रोकने के आदेश दें।

हालांकि कोर्ट ने इस तरह के आदेश देने से मना कर दिया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान इजराइल को सैन्य हमले के दौरान मौत और क्षति को कम करने की हिदायत दी गई है। अदालत के फैसले के बाद अफ्रीका ने कहा-इजराइल पर लगाए गए नरसंहार के आरोपों को सही ठहराया हैं। वहीं, इजराइल ने अदालत के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमान जनक बताया है। बता दें, इजराइल पर गाजा में नरसंहार करने का आरोप लगाते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अदालत का रुख किया था। अफ्रीका ने युद्ध विराम की मांग की थी।


### 24 घंटे में 11 आतंकियों को उतारा मौत के घाट

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने दावा किया है कि 24 घंटे के दौरान 11 आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने कहा कि विमानों, टैंकों और सेना के जवानों ने गाजा में पिछले 24 घंटों के दौरान हमले तेज किए। इस हमले में लगभग 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना कहा हमास ने सैनिकों के पास विस्फोटक लगाने की कोशिश की थे और अन्य सैनिकों पर राइफल और रॉकेट दाग रहे थे।

**अंकुश** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस करने का लक्ष्य

# एआई से रुकेगी टोल प्लाजा पर हो रही धांधली

नई दिल्ली, एजेंसी



एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) टोल प्लाजा पर हो रही धांधली अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से रोकेगा। अगले महीने से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दर्जन भर से अधिक टोल पर ट्रायल शुरू होने जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस कर दिए जाएं।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टोल नाके पर 100 मीटर से अधिक लंबी कतार है तो इस दायरे के बाद खड़े वाहनों से टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके लिए 100 मीटर से पहले एक यलो मार्किंग होती है। दूसरा नियम है कि टोल कटने में 10 सेकंड से अधिक का समय लगता है तो टोल नहीं देना होगा। लेकिन इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। टोल कर्मी बिना टोल के वाहन नहीं जाने देते। इसलिए एआई के जरिए टोल के नियमों का पालन कराया जाएगा।

ग्रीन सिग्नल मिलेगा 100 मीटर से अधिक दूरी पर खड़े वाहन को टोल गेट पर ग्रीन सिग्नल दिखेगा।

ऐसे में वाहन के फास्ट टैग से पैसे नहीं करेंगे। इसी तरह यदि टोल 10 सेकंड में नहीं कटा तो बैरियर स्वयं ऊपर हो जाएगा और ग्रीन सिग्नल वाहनों को मिलेगा मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि यदि टोल कर्मी बैरियर को मैनुअली डाउन करे तो टोल कटेगा, कटेगा, लेकिन एआई से टोल ट्रांजेक्शन रिवर्ट फाइल में दर्ज हो जाएगा। 12 से 24 घंटे के अंदर टोल रकम, फास्ट टैग वालेट में जमा हो जाएगी।

### टोल के पास घर तो पास की नहीं होगी जरूरत




टोल नाके से 150 मीटर के आसपास जिनके घर हैं, उन्हें टोल से छूट के लिए मासिक पास मिलता है। उन्हें पास की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके वाहन नंबर डाटा में दर्ज हो जाएंगे और उसका भुगतान महीने में एक बार ही कट जाएगा।

# कालापानी-सुस्ता के अतिरिक्त भारत से कोई सीमा विवाद नहीं

काठमांडू, एजेंसी



▸▸ नेपाली विदेश मंत्री एनपी सऊद ने कहा सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा सकते हैं मतभेद

नेपाल और भारत के सीमा विवाद को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने के स्थान पर इसे बातचीत के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जा सकता है। इसका कारण यह है कि दोनों देश साझी संस्कृति में एक साथ बंधे हुए हैं। यह बात नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने शनिवार को कही। वह भारत के गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेपाल-भारत मैत्री सोसायटी द्वारा आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

सऊद ने कहा, नेपाल और भारत के बीच 1,800 किमी से अधिक लंबी सीमा है, इसलिए दोनों पड़ोसियों के बीच सीमा से संबंधित कुछ विवाद और बहस अपरिहार्य है। लेकिन, दोनों देशों की संयुक्त तकनीकी समिति ने अधिकांश विवादों को सुलझा लिया है। सुस्ता और कालापानी-लिपुलेख ही दो सीमा बिंदु हैं, जिन्हें हल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों देश एक साथ बैठकर बातचीत के जरिये मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा सकते हैं। नेपाल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण देश है क्योंकि, यह पांच भारतीय राज्यों सिक्किम, बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किमी से अधिक की सीमा साझा करता है। काठमांडू द्वारा 2020 में एक नया राजनीतिक मानचित्र प्रकाशित करने के बाद दोनों देशों में तनाव आ गया था। इस मानचित्र में तीन भारतीय क्षेत्रों लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाया गया था।